चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 60, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल 14

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज 13


## झोलाछाप के इंजेक्शन से बरेली के मजदूर की मौत, हंगामा

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

- परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर
- मजदूर को अचानक सीने में दर्द की हुई थी शिकायत

**अमृत विचारः** मिलक में झोलाछाप के इंजेक्शन से मंडी में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि झोलाछाप के गलत इंजेक्शन देने से उसकी मौत हुई है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव परचई निवासी गेंदनलाल मिलक की मंडी में पल्लेदार था। मंगलवार रात 10 बजे उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। तबीयत बिगड़ने पर साथी दयाराम उसे लेकर नगर में हाइवे स्थित एक हॉस्पिटल में पहुंचा। यहां झोलाछाप ने उसे दवा दी और इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही गेंदनलाल का शरीर एकदम अकड़ गया, वह पसीने से तर हो गया और सीना पकड़कर नीचे गिर गया। यह देखकर झोलाछाप के हाथ पांव फूल गए। झोलाछाप ने गेंदनलाल को नगर के सरकारी अस्पताल में ले जाने को कहा। साथी उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बासित अली ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। साथी की मौत से मजदूरों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों को गेंदनलाल के साथियों ने झोलाछाप के इंजेक्शन देने के बारे में जानकारी दी। इस पर गुस्साए परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे दी है।

करोड़ों लोग बने इस अद्भुत पल के साक्षी

## 12 बजे कपाट खुलते ही रामलला का हुआ सूर्याभिषेक



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर राम जन्मोत्सव के दौरान श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह के कपाट बुधवार को पूर्वाह्न 11:45 पर बंद हो गए। 15 मिनट तक शोडषोपचार पूजन और श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले तो रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें उनका अभिषेक कर रही थीं।

पांच मिनट तक रामलला का मस्तकाभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की चौपाइयों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर में बुधवार सुबह तीन बजे मंगला आरती के बाद दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजते ही पांच वर्षीय रामलला और उत्सव मूर्ति का दूध, दही, पंचामृत और सरयू के जल से अभिषेक किया गया। वस्त्र धारण कराए जाने के बाद श्रृंगार आरती संपन्न हुई। इस दौरान दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। पूर्वाह्न 11.45 पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में शोडषोपचार पूजन किया गया। जिसमें भगवान का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और अन्य परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नया स्वर्ण हार व मुकुट धारण कराया गया। रामलला को 56 भोग लगाया गया। सूर्याभिषेक के लाइव प्रसारण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ देश-विदेश में बैठे करोड़ों लोगों ने देखा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की आरती उतारी। 12 से 12:05 तक रामलला के माथे पर सूर्य का तिलक बना रहा।






# प्रचार थमा, मतदान कल

### पहला चरण : 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग, 1625 प्रत्याशी मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रीयों व पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

19 अप्रैल को उप्र की 8, राजस्थान की 13, मप्र की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की पांच, तमिलनाडु की 39, प. बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर व लक्षद्वीप में मतदान होगा।

चुनाव को निष्पक्ष कराने के लिए चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। आखिरी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

नितिन गडकरी नागपुर से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री किरन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर (उप्र) से चुनाव लड़ रहे हैं। जितेन्द्र सिंह ऊधमपुर सीट और भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। बीकानेर सीट पर अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला गोविन्द राम मेघवाल से है। पूर्व मंत्री एवं द्रमुक सांसद ए राजा का भाग्य नीलगिरि सीट के मतदाताओं के निर्णय से तय होगा।

### प्रदेश में थमा चुनाव प्रचार, अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**हल्द्वानी।** राज्य में बुधवार शाम पांच बजे से चुनावी प्रचार थमने के बाद अंतिम दिन पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने ताकत दिखाई। वहीं, कुमाऊं मंडल में दो सीटों पर कें 17, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर 10, अल्मोड़ा सीट पर 7, हरिद्वार सीट पर 14, टिहरी सीट पर 11 और गढ़वाल सीट पर 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। राज्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार मतदान की तैयारियां हो चुकी हैं। पौड़ी, देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा समेत पर्वतीय जिलों के दूरस्थ बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को 48 घंटे पहले भेज दिया गया है। पांचों संसदीय सीटों पर 55 उम्मीदवार मैदान में हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे ने बताया कि दूरस्थ बूथों के लिए बुधवार को 703 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इनमें पौड़ी की 181, अल्मोड़ा की 136, देहरादून की 122, नैनीताल की 57, अल्मोड़ा की 133, पिथौरागढ़ की 63 पोलिंग पार्टियां हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में चार बूथ ऐसे हैं, जहां सूचनाओं के रनर तैनात किए गए हैं। इनमें पौड़ी के लालढांग में, पिथौरागढ़ के कनार में और दो उत्तरकाशी के बूथ हैं। प्रदेश में 283 शेडो एरिया बूथ हैं। यहां मोबाइल नेटवर्क नहीं है। आयोग ने यहां सेटेलाइट फोन व रेडियो सेट की सुविधा दी है। वहीं, नैनीताल के भीमताल विकास खंड के दूरस्थ पोलिंग बूथ तक ईवीएम घोड़ों की सहायता से ले जाई गई। भीमताल विकासखंड का रिखाकोट गांव बेहद दुर्गम क्षेत्र है। रिखाकोट में पोलिंग बूथ है।



भीमताल के रिखाकोट बूथ पर घोड़े से ले जाए जा रहे ईवीएम।

## एक नजर

### हेमंत मामले में चार और गिरफ्तारी

**रांची।** ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए लोगों में अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद है। ईडी ने मंगलवार को तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया।

### आचार संहिता का उल्लंघन केसीआर को नोटिस

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कथित तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस नेता निरंजन रेड्डी ने चुनावी बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में कथित अनुचित टिप्पणियों के लिए राव के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई है।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में की संयुक्त पत्रकार वार्ता

## चुनावी बॉण्ड ने बैंड बजाया, 150 सीटों पर सिमट जाएगी एनडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा : अखिलेश यादव
- गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहा है चुनाव : राहुल गांधी

**अमृत विचार :** कांग्रेस-सपा की संयुक्त पत्रकार वार्ता में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए 150 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वो (एनडीए) 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे से होगी।

कौशांबी (गाजियाबाद) स्थित होटल में हुई प्रेसवार्ता में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग है। राहुल ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

राहुल गांधी के मुताबिक, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?



पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

### ये तो भाजपा वाला सवाल?

अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा वालों का सवाल है, बहुत अच्छा...मुझे जो आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा।

## फसल की चौकसी करने गए ग्रामीण को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, रामनगर

- ग्रामीणों ने बाघ को मारने की मांग करते हुए अधिकारियों को शव उठाने नहीं दिया

**अमृत विचार :** बासीटीला गांव में बुधवार शाम बाघ ने हमला कर युवक को मार डाला। घटना शाम 6.30 से सात बजे के बीच उस समय हुई, जब युवक फसल की चौकसी के लिए खेत पर गया था। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को युवक का शव नहीं उठाने दिया। ग्रामीण शव उठाने से पहले बाघ को मारने की मांग कर रहे थे।

मनोरथपुर बासीटीला में बुधवार शाम छह बजे प्रमोद तिवारी उर्फ पप्पू (35) खेतों की चौकसी के लिए गए थे। 7.30 बजे तक वह घर नहीं लौटे तो परिजन उनको खोजने लगे। परिजन को बाघ की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो बाघ भागता दिखा। घर से 150 मीटर दूर पप्पू का शव मिला। बाघ ने उसके कान से लेकर गर्दन तक घाव बनाए थे। शव से 50 मीटर दूर पप्पू का चश्मा और चप्पल मिला। सूचना पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन दरोगा सिद्धार्थ रावत टीम के साथ वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने उनको शव नहीं उठाने दिया। ग्रामीण सीटीआर डायरेक्टर को बुलाने और बाघ को मारने की मांग कर रहे थे। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी का कहना है कि बाघ की गांव में मौजूदगी से लोगों में दहशत है।



## कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग, आतंकियों ने बिहार के मजदूर को गोलियां मारीं

**श्रीनगर।** अनंतनाग जिले में बुधवार को फिर प्रवासी लोगों को टारगेट करके गोलियां मारी गईं। बिहार का मजदूर आतंकियों का निशाना बना। पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह को पास से गोली मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है।

**जम्मू-कश्मीर में दो आतंकी पकड़े गए :** अनंतनाग जिले से दो आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, खुफिया जानकारी पर 17 अप्रैल को अनंतनाग के नैना, बिजबेहरा में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया था, जिसके तहत दोनों को गिरफ्तार किया गया।

## हाईकोर्ट की फटकार के बाद जज हुए हाजिर, मांगी माफी

लखनऊ, विधि संवाददाता

### अभियुक्तों की मर्जी के बिना मजहब के आधार पर न्याय मित्र नियुक्त करना गलत

- कहा, जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ किया भेदभाव

**अमृत विचार :** अवैध धर्मांतरण केस में अदालत में उपस्थित गवाह से जुमे की नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने की आलोचना करने व संबंधित अधिवक्ताओं के नमाज के लिए जाने पर न्याय मित्र नियुक्त करने वाले एनआईए/एटीएस कोर्ट के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद बिना शर्त माफी मांगी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विशेष जज के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ भेदभाव किया है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपनी पसंद और अपने मजहब के अधिवक्ता नियुक्त कर चुके अभियुक्तों की मर्जी के खिलाफ उनके लिए न्याय मित्र नियुक्त करना, धर्म के आधार पर भेदभाव है, जो संविधान के अनुच्छेद 15 का स्पष्ट उल्लंघन है। न्यायालय की इन टिप्पणियों के साथ जज को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के लिए दो दिनों का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने एक अभियुक्त मोहम्मद इदरीस की याचिका पर पारित किया है।

अभियुक्त मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में धारा 482 के तहत याचिका दाखिल कर विशेष जज के आदेशों को चुनौती दी थी। 5 मार्च को याचिका पर सुनवाई के बाद जब पुनः 15 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने विशेष जज पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने 5 मार्च के आदेश को ठीक से नहीं समझा। आगे कहा कि विशेष जज ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को देने के सम्बंध में कोई आदेश क्यों नहीं पारित किया। न्यायालय ने उक्त मामले में याची मोहम्मद इदरीस के विरुद्ध ट्रायल पर भी अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी है।

### यह था मामला

दरअसल विशेष जज की अदालत में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में मोहम्मद उमर गौतम समेत अन्य अभियुक्तों का विचारण चल रहा है। हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने 16 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया था कि उक्त मामले के विचारण की कार्यवाही एक वर्ष में पूरी की जाए जिसके बाद विशेष जज ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। 19 जनवरी 2024 को मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब अदालत ने अधिवक्ताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज के लिए जाने की बात कह कर चले गए थे।

## शहीद की पत्नी को सरकार वित्तीय लाभ देने पर राजी

मुंबई, एजेंसी

- हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद महाराष्ट्र सरकार ने विशेष मामला माना

महाराष्ट्र सरकार ने चार साल पहले जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए मेजर अनुज सूद के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला ले लिया। सरकार ने पहले अनुज की पत्नी आकृति सूद को इस आधार पर वित्तीय लाभ देने से इनकार कर दिया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही पिछले 15 वर्ष से राज्य में रह रहे थे। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी। याचिका में दलील दी गई थी कि उनके दिवंगत पति की इच्छा के अनुसार परिवार पिछले 15 वर्ष से महाराष्ट्र में रह रहा है।

मेजर सूद दो मई, 2020 को उस वक्त शहीद हो गये थे। उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। सरकार ने आकृति को एक करोड़ रुपये (आकृति को 60 लाख रुपये और सूद के पिता को 40 लाख रुपये) और 9,000 रुपये मासिक भुगतान देने का फैसला किया है। पीठ ने सरकार के इस फैसले की सराहना की।



## नक्सलियों ने की भाजपा नेता पंचम दास की हत्या

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने बस्तर सीट पर चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले नक्सलियों ने भाजपा नेता एवं उप सरपंच पंचम दास की मंगलवार देर रात कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। बुधवार को नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस घटना को बाहर से आए नक्सलियों ने अंजाम दिया है। दास को नक्सली पहले भी मारने की धमकी दे चुके थे। कल देर रात सादे कपड़ों में कुछ नक्सली उनके घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दास की हत्या कर दी।

## आकस्मिक स्थिति से निपटने को तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में सात चरणो में होने वाले चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलीकॉप्टर का प्रबंध किया गया है। इसकी सहायता से आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही ये चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाने में भी मददगार होगी।

योजना के मुताबिक एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। दरअसल, राज्य में लोकसभा चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इस दौरान किसी भी संकट का सामना करने के लिए इनको हायर किया गया है। हर चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। 19 अप्रैल को चुनाव के पहले चरण में उप्र. के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके तहत हेलीकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में और एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में तैनात किया गया है।

दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलीकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात रहेंगे। 7 मई को तीसरे चरण में हेलीकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में तैनात होंगे। 13 मई को चौथे चरण में हेलीकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में होंगे। पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलीकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलीकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में रहेंगे।



- उप्र. में सात चरणों में होने वाले चुनाव के दौरान रहेगी तैनाती, तुरंत पहुंचेगी मदद
- अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही चिकित्सकीय सुविधा भी

### इस पर खर्च होंगे कुल 39.20 लाख रुपये

आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकीय मदद के साथ ही सुरक्षाबलों को लाने व ले जाने में यह हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार होंगे। इससे प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से कुल 39.20 लाख रुपये का खर्च आएगा। शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उप्र. नागरिक उड्डयन विभाग एवं उप्र. पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा।

## सार-संक्षेप


भाजपा की सदस्यता लेते पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दुर्गादत्त पलड़िया। ● अमृत विचार

### पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य भाजपा में शामिल

**भीमताल** : भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के प्रदेश संयोजक गोविंद बिष्ट के निर्देश के तहत पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दुर्गादत्त पलड़िया को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, मंडल महामंत्री कमलेश रावत, मंडल उपाध्यक्ष भुवन भट्ट, गौतम मटयाली, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रशेखर ब्रजवासी, कार्यालय प्रभारी दीपक पांडेय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंगुट-रातिघाट मार्ग बंद, परेशान ग्रामीण जाएंगे न्यायालय



वन विभाग की ओर से मार्ग पर लगाया गया प्रवेश वर्जित का बोर्ड।

**नैनीताल** : जिला मुख्यालय के समीपवर्ती क्षेत्र पंगुट से रातिघाट मार्ग बंद होने से कई गांवों के ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की ओर से मार्ग को अचानक बंद कर देने से स्कूली बच्चों सहित बुजुर्गों को पैदल रास्ता तय करना पड़ रहा, जिसको लेकर अब वह न्यायालय की शरण में जाएंगे। वन विभाग का कहना है कि पंगुट-रातिघाट जाख मार्ग आरक्षित वन व नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण के तहत आता है, इसलिए मार्ग में वाहनों के प्रवेश को बंद कर दिया है, जबकि पैदल चलने वालों के लिए मतंग का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### रैली में शामिल बाइक रपटी, दो युवक घायल

**नैनीताल** : शहर में रामनवमी पर श्रीराम सेवा दल के कार्यकर्ताओं की ओर से आयोजित रैली में एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर रपट गई। मालरोड में पुस्तकालय के समीप पार्क के पास एक कार चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया। इस बीच रैली में शामिल मंगावली निवासी प्रतीक बाइक नियंत्रित नहीं कर सका और बाइक समेत सड़क पर जा गिरा। हादसे में प्रतीक व पीछे सवार किशोर कृष्णा चोटिल हो गए। जिसके बाद दोनों को बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया।

### सीढ़ियों से गिरी बुजुर्ग महिला, हालत गंभीर

**नैनीताल** : सौढ़ बासी क्षेत्र में घरेलू कार्य करने के दौरान बुजुर्ग महिला सीढ़ियों से गिर गई। हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। सौढ़ बासी निवासी 65 वर्षीय नंदी देवी बुधवार सुबह घर पर गोबर निकाल रही थी। सीढ़ियों से उतरने के दौरान अचानक वह असंतुलित होकर सिर के बल गिर गई, जिससे महिला के सिर से काफी रक्तस्राव होने लगा। चिल्लाने की आवाज सुनकर पहुंचे स्वजनों ने निजी वाहन से उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### मतदान के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज


बूथ निर्माण के कार्य को देखते राजस्व उप निरीक्षक व सुपरवाइजर ताराचंद घिल्डियाल।

**कालाढूंगी** : लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का दिन नजदीक आ चुका है। इसको देखते हुए 60 कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बूथ निर्माण का कार्य जोरों पर है। राजस्व उप निरीक्षक व सुपरवाइजर तारा चन्द्र घिल्डियाल ने बताया कि प्रशासनिक तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। बूथ निर्माण के दौरान तारा चन्द्र घिल्डियाल ने लोगों से अपील की कि 19 अप्रैल को अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। शत प्रतिशत मताधिकार के प्रयोग से ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में हम सब मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# श्रीराम नवमी पर मंदिरों में उमड़े भक्त, रामायण का पाठ किया

## चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्जना की, शहर और आसपास के मंदिरों में विभिन्न अनुष्ठान आयोजित हुए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को शक्ति के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्जना की गई। शहर सहित आसपास क्षेत्र के मंदिरों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित हुए।

रामनवमी के मौके पर शहर के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी लाइन लगनी आरंभ हो गई थी। इसके अलावा विभिन्न अनुष्ठानों के आयोजन के साथ घरों व मंदिरों में कन्या पूजन किया गया। साथ ही, भक्तों ने नवरात्र के व्रतों का उद्यापन किया। नवरात्र के अवसर पर बाजार में विभिन्न स्थानों पर संस्थाओं व लोगों ने भंडारे का आयोजन भी किया।

रामनवमी के अवसर पर रामलीला मैदान स्थित श्रीराम मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर में सुबह से ही अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर परिसर में हर जगह भगवा ध्वज लहरा रहे थे। भक्तों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन गाए। रामायण पाठ, सुंदर कांड व हनुमान चालीसा के बाद दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम के महाआरती की गई। इस दौरान भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। केमू स्टेशन स्थित प्राचीन देवी मंदिर में भक्तों की अच्छी-खासी भीड़ रही। इसके अलावा, रानीबाग के शीतला देवी मंदिर, गौलापार के कालीचौड़ आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना की। कालीचौड़ मंदिर में सर्वप्रथम मां काली का भव्य शृंगार किया गया, जिसके पश्चात हवन पूजन कर कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरों में कन्यापूजन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा, कालाढूंगी रोड, नैनीताल रोड में भी जगह-जगह लोगों ने भंडारे का आयोजन किया और सभी राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया।


हल्द्वानी के श्रीराम मंदिर में श्रीराम नवमी पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


श्रीराम नवमी पर घरों में कन्या पूजन के बाद भोजन कराया गया। ● अमृत विचार


श्रीराम नवमी पर नैनीताल में शोभायात्रा निकालते राम भक्त।

### लालकुआं में कन्या पूजन कर हवन यज्ञ किया

**लालकुआं।** श्री रामनवमी पर नगर व आसपास के क्षेत्र में कन्या पूजन एवं हवन यज्ञ किया गया। वहीं बेरी पड़ाव स्थित महालक्ष्मी मंदिर के साथ-साथ अन्य मंदिरों में भी विभिन्न अनुष्ठान किए गये। नवरात्रि पर 8 दिन तक उपवास रखने के बाद श्रद्धालुओं ने श्रीराम नवमी पर प्रातः हवन यज्ञ के बाद कन्या पूजन किया। नवरात्र के अंतिम दिन क्षेत्र के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर, अवंतिका कुंज, देवी मंदिर, फलाहारी बाबा मंदिर, राम मंदिर सहित तमाम मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गये।


लालकुआं में श्रीराम नवमी पर कन्या पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### नैनीताल में डीएसए मैदान से निकाली शोभायात्रा

**नैनीताल** : श्रीराम नवमी पर बुधवार को श्रीराम सेवा दल की ओर से डीएसए मैदान से बड़ा बाजार, माल रोड होते हुए तल्लीताल तक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त भक्ति में झूमते नजर आए। शोभायात्रा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। नयना देवी मंदिर में भी पूजा के लिए सुबह से ही स्थानीय लोगों व सैलानियों की लंबी कतार देखी गई।

# जिसने दिया आसरा, उसी को धमकाने लगा दंपति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : अतिक्रमण हटाने के दौरान बेघर हुए परिवार को किराए पर मकान देना तल्लीताल हरिनगर निवासी बुजुर्ग को महंगा पड़ गया। आरोप है कि किराएदार किराया नहीं दे रहा। किराया मांगने पर मकान मालिक को फंसाने की धमकी दी जा रही है।

हरीनगर निवासी नरोत्तम जोशी ने तल्लीताल थाने में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि मेट्रोपोल कंपाउंड में अतिक्रमण टूटने के बाद एक दंपति अपने बच्चे के साथ उनके घर पहुंचे थे, जिनको उन्होंने भवन का ऊपरी तल पांच हजार मासिक किराये में दे दिया। कुछ माह तक दंपति नियमित किराया देते रहे। इस बीच उन्होंने भवन के पीछे की ओर दुकान खोलने के लिए निर्माण कार्य कराने के लिए उनसे दो किश्तों में 50 हजार की रकम भी उधार ले ली, जिसके बाद उसे कई माह से उसे भवन का किराया नहीं दिया गया। कई माह तक किराया नहीं मिलने पर बीते दिनों उन्होंने उधार दी गई रकम व किराया मांगा तो दंपति उसे फंसाने की धमकी देने लगे, जिससे वह डर गए व 112 पर पुलिस को भी सूचना दी। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि शिकायत पर किरायेदार अनुज अग्रवाल के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालान की कार्रवाइ की गई है। साथ ही तत्काल किराया व उधार ली गई रकम वापस कर भवन खाली कराने के निर्देश दिये गए हैं।

### भुजान और बमस्यूं में आग का तांडव

**गरमपानी** : जंगलों के आग से धधकने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब आग सड़क तक पहुंचने से दुर्घटना का जोखिम भी बढ़ गया है। समीपवर्ती भुजान व बमस्यूं क्षेत्र में स्टेट हाईवे तक पहुंची आग से हड़कंप मच गया। वाहन चालक जान हथेली पर रखकर आवाजाही को मजबूर हो गए। एक के बाद जंगलों में आग के तांडव के बावजूद वन विभाग की सुस्ती किसी बड़ी घटना की ओर इशारा कर रही है।

जंगलों में धधक रही आग पर मुख्य सड़कों की ओर रुख करने लगी है। रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे पर समीपवर्ती भुजान क्षेत्र में कोसी नदी से सटी पहाड़ी से आग की लपटें स्टेट हाईवे तक पहुंच गई। वहीं बमस्यूं क्षेत्र में बलाड़ की धार क्षेत्र में आग ने स्टेट हाईवे को नीचे तथा ऊपर की ओर से घेर लिया।

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में पहुंचे युवा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार** : प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के समर्थन में पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कई ताबड़तोड़ जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर कई युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का साथ छोड़कर कांग्रेस की रीति नीति में विश्वास व्यक्त कर कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण की।

शक्तिनगर के बाद हिम्मतपुर डोटियाल में चुनावी सभा को संबोधित कर रावत ने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई उपलब्धि नहीं है। जब जोशीमठ दरक रहा था, जोशीमठ के लोग अपने घर और बच्चों को बचाने की गुहार लगा रहे थे, तब पूरी भाजपा पार्टी और उसके सभी नेता चुप थे। विपक्ष ने जब लोगों के दर्द को आवाज दी तो भाजपा ने सत्ता के मद में उन्हें माओवादी बताते हुए धमकाया। अंकिता की हत्या के मामले में वीवीआईपी को बचाने के प्रयास किए गए। इस दौरान दर्जनों युवाओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवाओं का रावत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान नीरज पांडे, सुमित पांडेय, अरविंद मलान, आर्यन, पुष्कर टम्टा, पारस करगेती, कृपाल सिंह, दीपक ध्यानी, शिवराज गुसाईं, नवीन कुमार, पंकज पाण्डे, हेम चन्द्र, कन्नू बिष्ट, रघुवीर सिंह रावत, दीपक, किशोर कुमार, शुभम, मतांक सत्यवली, चमन करगेती, मनीष कुमार, जीतांश, चंदन मेहरा, नीरज पाण्डे, सुमित पाण्डे आदि युवाओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।


बैठक में युवाओं को सम्बोधित करते रणजीत रावत। ● अमृत विचार

# बंदरों के आतंक से लोग परेशान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार** : भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने से बड़ी संख्या में बंदर नगर क्षेत्र में आ गए हैं, जहां इनके द्वारा इन दिनों खासा आतंक मचाया हुआ है। भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में फूलों का खासा कारोबार होता है, वहीं कई क्षेत्र भीमताल के ऐसे हैं जहां के लोग खेती करते हैं। इन बंदरों की संख्या में अचानक बढ़ोत्तरी होने के कारण खासे प्रभावित हैं। कृषि आधारित कारोबारियों की मानें तो ये बंदरों के दल जहां दिन में खासा नुकसान कर रहे हैं वहीं रात में भी फसलों को नुकसान करने में आमादा हैं। स्थानीय कारोबारियों ने वन विभाग के आला अधिकारियों से इन बंदरों को पकड़ने के लिए वृहत योजना बनाकर नगरीय क्षेत्र से दूर छोड़ने की मांग की है।



### अब दोबारा पिंजरा लगाने की आवश्यकता हो रही


बंदरों के आतंक से लोग खासे प्रभावित हैं जहां एक ओर काश्तकार परेशान हैं तो वहीं अब विद्यार्थियों के अभिभावक भी खासे परेशान हैं। ये बंदर बच्चों पर झपट भी रहे हैं। काटने को आ रहे हैं। **-बंटी आर्या,** निर्वतमान सभासद, वार्ड संख्या छह


वन विभाग से इस समस्या को लेकर कई बार पत्राचार किया जा चुका है। एक दो बार पिंजरा भी लगाया गया। अब दोबारा पिंजरा लगाने की आवश्यकता हो रही है। एक बार फिर वन विभाग से पिंजरा लगाने के लिए कहा जाएगा। **-मनोज भट्ट,** पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा

# पहाड़ों में बारिश नहीं होने से सूखने लगे जल स्रोत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : लंबे समय से नैनीताल समेत पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी नहीं होने से अब पेयजल स्रोत सूखने लगे हैं। नदियों और झीलों का जलस्तर भी तेजी से गिर रहा है। बीते पांच साल में बारिश औसत की अपेक्षा कम हुई है। दिसंबर से अप्रैल तक बारिश नहीं के बराबर होने से अधिकांश जल स्रोत सूखने की कगार पर जा पहुंचे हैं, जिससे पहाड़ों समेत नैनीताल, भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट और सिंचाई के लिए पानी की दिक्कत होने लगी है, जिससे पर्यटन कारोबारी और किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। नैनीताल से लेकर मुक्तेश्वर, बेतालघाट, धारी क्षेत्र में आने वाले दिनों में आड़ू, पूलम, खुमानी समेत विभिन्न प्रकार के फल और फसलों का उत्पादन होता है, जिसके लिए पहाड़ का किसान बरसात पर निर्भर रहता है। मगर इस साल बीते सालों की अपेक्षा 70 प्रतिशत से कम हुई है, जिससे पहाड़ों में अब सूखे के हालात हैं।

### बारिश के पानी पर निर्भर रहता है किसान

रामगढ़, मुक्तेश्वर समेत पूरा क्षेत्र फल पट्टी क्षेत्र है यह सेब, आड़ू, पुलम, खुबानी समेत कई प्रकार के फल और फसल होती है। जिसकी सिंचाई के लिए किसान जल स्रोत और बारिश के पानी पर निर्भर रहता है मगर इस बार बारिश नहीं होने से अप्रैल में ही सूखे के हालात होने लगे हैं। **-लाखन सिंह नेगी,** सेब काश्तकार

जमीन पूरी तरह से सूख चुकी बेतालघाट, गरम पानी, खैरना क्षेत्र गेहूं समेत कई प्रकार की दालों की खेती की जाती है। मगर बारिश नहीं होने से पहाड़ों में जमीन पूरी तरह से सूख चुकी है। नदियों के किनारे पर जिन लोगों के खेत हैं वो किसानों को कुछ राहत जरूर है। **-राहुल अरोरा,** ऑर्गेनिक काश्तकार

### पानी को तरस रहे हैं स्वास्थ्य कर्मी और मरीज

**गरमपानी** : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित सीएचसी गरमपानी में बूंद बूंद पानी का अकाल पड़ गया है। अस्पताल में मरीज व आवासीय भवनों में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी पानी के लिए परेशान हैं। दो सप्ताह से पेयजल आपूर्ति ठप होने से परेशानियां भी खड़ी हो गई हैं। चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों व मरीजों को हाईवे पर लगे हैंडपंप पर निर्भर होना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त न होने से चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों व अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं। आए दिन व्यवस्था चरमराने से तमाम दिक्कतें खड़ी हो रही हैं। पानी न होने से अस्पताल में सफाई व्यवस्था का कार्य भी प्रभावित हो जा रहा। पिछले दो सप्ताह से अस्पताल व आवासीय परिसर में पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है बावजूद सुध नहीं ली जा है। मजबूरी में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल से चार मीटर दूर हाईवे पर लगे हैंडपंप से पानी ढोकर कमरों तक पहुंचा रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डा. सतीश पंत के अनुसार जल संस्थान को कई बार व्यवस्था में सुधार को कहा जा चुका है पर अनदेखी की जा रही है।

**परिसंपत्तियों का बंटवारा नहीं** | उत्तर प्रदेश कैनाल के स्वामित्व में है बनबसा बैराज से नेपाल सीमा तक 3 .3 किलोमीटर लंबी सड़क

# 23 साल बाद भी उत्तराखंड राज्य में उत्तर प्रदेश की सड़क...

देवेन्द्र चन्द देवा,टनकपुर

**अमृत विचार:** अपने राज्य में पराई सड़क। भले ही यह सुनने में अटपटा लगता है लेकिन है एकदम हकीकत। नेपाल सीमा से लगी उत्तराखंड की यह सड़क अपनी नहीं है। इसका स्वामित्व उत्तर प्रदेश का है। जनपद चम्पावत के बनबसा से बैराज तक की यह सड़क सिंचाई विभाग बरेली के अधिकार क्षेत्र में है। दोनों राज्यों में परिसंपत्तियों का बंटवारा नहीं होने से ये नौबत आई है। यही नहीं लगभग 9 दशक पूर्व अंग्रेजों द्वारा बैराज मार्ग में ही बनाया गया पुल से भी दोनों देशों की आवाजाही होती है।

उत्तराखंड राज्य गठन के बाद भी चम्पावत जिले के प्रवेश द्वार बनबसा से नेपाल जाने वाली सड़क प्रदेश के स्वामित्व में नहीं है। आजादी से पहले सिंचाई विभाग के बैराज वाले क्षेत्र में करीब 3.3 किमी सड़क उप्र कैनाल विभाग के अधिकार में है। एनएचपीसी की टनकपुर जल विद्युत परियोजना का मुख्यालय भी इसी रास्ते पर है। कैनाल विभाग रोड से गुजरने वाले चौपहिया वाहनों से शुल्क वसूलता है। बनबसा स्थित शारदा हेड वर्क्स के अधिकारियों का कहना है कि शुल्क सड़क के रखरखाव के लिए लिया जाता है। इस सड़क से गुजरने वाले चौपहिया वाहनों से 20 से 60 रुपये तक वसूला जाता है।


बनबसा कैनाल क्षेत्र में अंग्रेजों की ओर से बनाया गया पुल।


नेपाल को जाने वाला बनबसा का बैराज मार्ग।


दोनों राज्यों के बीच इस परिसंपत्ति का बंटवारा नहीं होने से यह सड़क अभी उप्र कैनाल के स्वामित्व में है। बनबसा कैनाल को तमाम संसाधनों से मिलने वाली धनराशि दोनों राज्यों के संयुक्त खाते में जमा हो रहे हैं। परिसंपत्ति का मामला अभी दोनों राज्यों के शासन स्तर से ही हल होना है। **-नवनीत पांडेय,** डीएम, चम्पावत

### 6 घंटे खुलता है द्वार

सड़क से गुजरने वाले वाहनों को आने और जाने पर सिंचाई विभाग को शुल्क तो देना पड़ता है, लेकिन यहां से हर वक्त चौपहिया वाहनों की आवाजाही नहीं हो सकती। 24 घंटे में चार बार में महज 6 घंटे ही बैराज का द्वार खुलता है। इस सड़क पर स्थित बैराज से वाहन सुबह 6 से 8, 10 से 11, दोपहर में 12 से 2 और शाम को 6 से 7 बजे तक ही आवाजाही की इजाजत है। शारदा हेड वर्क्स के एसडीओ प्रशांत कुमार वर्मा का कहना है कि इस सड़क का उपयोग उप्र सिंचाई विभाग के बैराज के लिए डिजाइन की मरम्मत और रखरखाव के हिसाब से किया गया था। विकल्प नहीं होने से आवाजाही हो रही है।

# दोपांखी में वाहनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

**गरमपानी** : पुलिस कुमाऊं की लाइफ लाइन अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को विशेष रणनीति तैयार करने में जुटी है। पुलिस कर्मी भी दिनभर खूब पसीना बहा रहे हैं पर दोपांखी क्षेत्र में हाईवे की हालत किए कराए पर पानी फेर दी रही है। बजट उपलब्ध होने के बावजूद हालात न सुधरने से वाहन जाम में फंसते चले जा रहे हैं। दिनभर में कई बार दोपांखी क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग जा रहा है।

दो पांखी क्षेत्र से शुरू हुए जाम से हाईवे पर यातायात व्यवस्था लड़खड़ा गई। जाम में फंसे छोटे बड़े वाहनों की कतार लगती चली गई। एक घंटे बाद बामुश्किल यातायात सुचारु हो पाया। यात्रियों व पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# रिची थापल पंपिंग योजना का कार्य सवालों के घेरे में

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार** : बेतालघाट ब्लॉक के गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने वाली महत्वाकांक्षी रिची-थापल पंपिंग पेयजल योजना का कार्य कछुवा गति से किए जाने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष मनोज पलड़िया ने आरोप लगाया कि समुचित बजट होने के बावजूद कार्य में तेजी नहीं लाया जा रहा। चेतावनी दी कि यदि कार्य में लापरवाह रवैया अपनाया गया तो फिर आंदोलन की रणनीति तैयार होगी।

दरअसल महत्वाकांक्षी रिची-थापल पंपिंग पेयजल योजना से बेतालघाट ब्लॉक के तीन दर्जन से भी ज्यादा गांवों के बाशिंदे लाभान्वित होते हैं। कुछ समय पूर्व पेयजल आपूर्ति लड़खड़ाने से लोग काफी परेशान रहे। ग्रामीणों का पारा चढ़ा तो प्रशासन व जल निगम के अधिकारियों ने जल्द व्यवस्था में सुधार का भरोसा भी दिलाया पर अब एक बार फिर गांवों के बाशिंदों के आगे पेयजल संकट बड़ी समस्या बन चुका है। समुचित पेयजल उपलब्ध न होने से लोग परेशान हैं वहीं लगभग चार करोड़ रुपये से भी अधिक की लागत से योजना में किए जा रहे कार्य में लापरवाही का आरोप भी लगने लगा है।

### लेटलतीफी

- चार करोड़ से पंप बदलने, टैंक निर्माण व लाइन का होना है काम
- ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष ने लगाया धीमी गति का आरोप





बुधवार को एमबीपीजी कॉलेज में दूरस्थ बूथों के लिए ईवीएम वितरण शुरू हो गया, पोलिंग पार्टियां ईवीएम और बस्ता लेकर बूथों के लिए रवाना हुईं। ● अमृत विचार



एमबी इंटर कॉलेज से अपने बूथों के लिए बसों से रवाना होते अर्द्धसैनिक बल के जवान।

# भीमताल के 57 बूथों पर 48 घंटे पहले पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

## ईवीएम, वीवीपैट और बस्तों का वितरण शुरू, गौतपांगू कैड़ा गांव का बूथ है 140 किलोमीटर दूर, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ तैनात रहेंगी रिजर्व टीमें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**05** सौ 5 बूथों पर वेबकास्टिंग हुई पूरी

**01** हजार दस बूथ हैं जनपद नैनीताल में

**07** बजे सुबह पोलिंग पार्टियां पहुंच गई थीं एमबीपीजी कॉलेज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भीमताल विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ बूथों के लिए 57 पोलिंग पार्टियां बुधवार को रवाना हो गईं। बाकी टीमें गुरुवार को रवाना होंगी।

नैनीताल जनपद में 1010 बूथ हैं। इनमें भीमताल विधानसभा क्षेत्र के 57 दूरस्थ बूथ हैं, जहां पोलिंग पार्टियों को 48 घंटे पहले रवाना किया गया। बुधवार की सुबह 7 बजे से पोलिंग पार्टियों का एमबीपीजी कॉलेज में बने निर्वाचन कंट्रोल रूम में पहुंचना शुरू हो गया था। दूरस्थ बूथों की पोलिंग पार्टियों को ईवीएम-वीवीपैट, बस्ता वितरित किया गया। बाद में सभी पोलिंग पार्टियां जीपीएस सिस्टम से लगे वाहनों से अपने-अपने बूथों के लिए रवाना हुईं। देर सायं तक सभी पोलिंग पार्टियां बूथों तक पहुंच गईं। सबसे देर में कुकना बूथ की पार्टी रात 9 बजे



पहुंची। भीमताल विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी केएन गोस्वामी ने बताया कि 57 पोलिंग पार्टियां बुधवार को रवाना हो गई हैं। इन पोलिंग पार्टियों को नियमानुसार ईवीएम, वीवीपैट और बस्ते वितरित कर दिए गए हैं। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दूरस्थ बूथों में 5 किमी पैदल दूरी वाला बूथ राजकीय प्राथमिक विद्यालय रीखाकोट है। कंट्रोल रूम से सबसे अधिक 140 किलोमीटर दूर का बूथ राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौतपांगू, कैड़ा गांव है। हालांकि इस बूथ पर पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी को 600 मीटर ही पैदल चलना होगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ रिजर्व में टीमें तैनात रहेंगी। यदि कहीं जरूरत पड़ती है तो इन बूथों पर रिजर्व में रखी टीम भेजी जाएगी।



एमबी इंटर कॉलेज में निर्वाचन सामग्री की जांच करते पीठासीन अधिकारी।

### डीएम वंदना ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**हल्द्वानी :** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने एमबीपीजी कॉलेज में बने चुनाव कंट्रोल रूम में ईवीएम, वीवीपैट व बस्ता वितरण आदि का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम और पोलिंग पार्टियों के परिवहन में प्रयोग होने वाले वाहनों की लगातार जीपीएस ट्रैकिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही नोडल कंट्रोल रूम को मतदाता पहचान पत्र, वोटर आईडी कार्ड के संबंध में आने वाली पूछताछ संबंधी कॉल्स में सही जानकारी देने के निर्देश दिए। डीएम ने वेब कास्टिंग नोडल अधिकारी को निर्वाचन के दिन मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग में कोई समस्या न हो, इसके लिए सभी बूथ ऑपरेटर्स से प्रभावी समन्वय बनाने को कहा। इस पर नोडल अधिकारी ने बताया कि 505 बूथों पर वेबकास्टिंग पूरी कर ली गई है।

### चुनाव ड्यूटी में लगाए गए 16 कर्मी गैरहाजिर

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में बने कंट्रोल रूम से ईवीएम, बस्ता वितरण शुरू हो गया है। इस अवसर पर चुनाव ड्यूटी में लगे 16 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि इन कर्मचारियों को किसी भी सूरत में 18 अप्रैल को एमबीपीजी/एमबी इंटर कॉलेज में अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र के कक्ष में उपस्थित होने के आदेश दिए गए हैं। यदि अनुपस्थित अधिकरी व कर्मचारी 18 अप्रैल को उपस्थिति दर्ज नहीं कराते हैं तो उनके खिलाफ केंद्रीय निर्वाचन नियमों की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### विज्ञापन देने से पूर्व अनुमति अवश्य लें

**हल्द्वानी :** नोडल अधिकारी एमसीएमसी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दल, उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन, व्यक्ति को मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई भी विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों से कहा कि विज्ञापन प्रकाशित करने से पूर्व अनुमति अवश्य लें।

# चुनाव में चौकन्ने रहें, फोन पर नहीं माहौल पर नजर रखें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए स्थानीय पुलिस और बाहर से आई पुलिस व फोर्स को सख्त चेतावनी के साथ पोलिंग पार्टियों संग रवाना किया गया है। खालसा गर्ल्स कॉलेज में आयोजित बीफ्रिंग में डीएम वंदना सिंह व एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने आदेश दिए कि ड्यूटी के दौरान किसी भी सुरक्षा कर्मी की नजर फोन पर नहीं माहौल पर होगी। अगर इसमें कोताही बरती गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी मीणा ने कहा, सुरक्षाकर्मी निर्वाचन पार्टी के साथ मतदान केंद्र पर जाएंगे। मतदान के दिन सभी मतदान परिसरों के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी। मतदान स्थलों पर सतर्क दृष्टि रखें और मतदाताओं को लुभाने वाले किसी प्रकार के कृत्य होने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करें। मतदान स्थल से 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के पोस्टर, बैनर और लाउड स्पीकर नहीं लगेंगे। मतदान बूथ के अंदर मोबाइल फोन वर्जित होगा। मतदान स्थल पर बस्ता और बूथ लगाने के लिए पीठासीन की अनुमति आवश्यक होगी। निर्वाचन ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी वर्दी पहनें और सूझबूझ व शालीनता से ड्यूटी करेंगे। इस दौरान होमगार्ड कमांडेंट सीएपीएफ राजीव बलूनी, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ लालकुआं संगीता, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी आदि मौजूद रहे।

### 3499 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी रहेंगे तैनात

**हल्द्वानी :** जिले में मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि चुनाव के लिए 11 अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी, 18 निरीक्षक, 105 उप निरीक्षक, 8 वन दरोगा, 90 सहायक उप निरीक्षक, 286 हेड कांस्टेबल, 704 कांस्टेबल, 177 वन रक्षक, 1750 होमगार्ड व 350 पीआरआडी के जवान यानी कुल 3499 सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 2 कंपनी पीएसी, 7 कंपनी सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) के साथ पंजाब पुलिस और उत्तर प्रदेश के होमगार्ड को भी लगाया गया है।

### आज सुबह खोला जाएगा हल्द्वानी का स्ट्रांग रूम

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एपी वाजपेयी ने बताया कि एमबीपीजी कॉलेज में बने कक्ष संख्या-50 में बना स्ट्रांग रूम को सुबह 6:30 बजे खोला जाएगा। फिर बूथवार ईवीएम वितरित की जाएंगी। उन्होंने सभी प्रत्याशियों व राजनैतिक अभिकर्ताओं को भी इसकी सूचना दी है। 64 कंट्रोल यूनिट, 1 बैलेट यूनिट व 8 वीवीपैट इस तरह कुल 73 ईवीएम खराब पाई गई है।

### बनभूलपुरा में तैनात रहेगा उड़न दस्ता

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 24 घंटे उड़न दस्ता तैनात रहेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक रेशम विभाग के निरीक्षक रोमिल पांडे के नेतृत्व में एक टीम तैनात रहेगी। इस टीम में एक प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल व वीडियोग्राफर शामिल होगा। इसी तरह दोपहर 2 से रात 10 बजे तक सहायक अध्यापक मुकेश फुलारा और रात 10 से सुबह 6 बजे तक लोनिवि के जेई योगेश ततराणी के नेतृत्व में टीम तैनात रहेगी।

### जिले में 10,795 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता चिन्हित

**हल्द्वानी/भीमताल :** नैनीताल जनपद में बूथवार 6,058 दिव्यांग एवं 4,737 बुजुर्ग मतदाता चिन्हित किए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि मतदान के दिन दिव्यांगों एवं बुजुर्गों को सहायता देने के लिए 120 व्हील चेयर, 80 मैग्नीफाईंग ग्लास बूथवार मैप किए गए हैं। 300 स्वयंसेवक अलग-अलग बूथों पर तैनात किए गए हैं जो दिव्यांगों एवं बुजुर्गों की सहायता करेंगे। बताया कि 1,555 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे वोट दिया है। जिले में 5,897 दिव्यांगों ने सक्षम एप को डाउनलोड किया और 140 ने बूथ पर व्हील चेयर की सुविधा का विकल्प चुना है।

### 953 बूथों के लिए आज रवाना होंगी पार्टियां

**हल्द्वानी :** जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों के 953 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां आज रवाना होंगी। पोलिंग पार्टियों को गुरुवार को ईवीएम, बस्ते वितरित किए जाएंगे। वाहनों की निगरानी के लिए जीपीएस सिस्टम लगाए गए हैं। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# घर के लिए निकला युवक अस्पताल में मृत मिला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**

- पिता ने लगाया हत्या का आरोप शरीर पर मिले चोटों के निशान
- मृतक का मोबाइल गायब, शक के दायरे में आखिरी कॉल

**अमृत विचार :** दुकान से घर के लिए निकला स्कूटी सवार युवक लापता हो गया। पिता को उसके अस्पताल में होने की खबर मिली। जब पिता अस्पताल पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। पिता ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है।

मानपुर पश्चिम निवासी सूरज अधिकारी (25 वर्ष) टीपीनगर स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में ड्राइवर था। वह पिता दलीप, मां निर्मला, पत्नी रेनू, 12 साल की बेटी और छोटे भाई दीपक के साथ रहता था। सूरज के पिता दलीप ने बताया छोटा बेटा एसटीएच के बाहर ठेला लगाता है, जहां वह भी पत्नी के साथ बैठते हैं। बीती 14 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े सात बजे सूरज दुकान आया और कुछ देर बाद स्कूटी से घर के लिए निकल गया। रास्ते में उसके पास किसी का फोन आया और वह गाड़ी घुमाकर कहीं चला गया। फिर वह लौट कर नहीं आया। पुलिस ने फोन कर उसके अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी।

दलीप का कहना है वह अस्पताल पहुंचे तो बेटे की मौत हो चुकी थी। सिर, हाथ और कमर में चोटों के निशान थे और सूरज का मोबाइल भी गायब था। पुलिस का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी। दलीप अंतिम संस्कार के लिए बेटे के शव को पैतृक गांव रैगांव चम्पावत ले गए हैं।

# कल बारिश के आसार तेज हवाएं भी चलेंगी

**हल्द्वानी/पंतनगर, अमृत विचार :** शहर में दिन के समय तेज गर्मी पड़ रही है। धूल के गुबार उड़ रहे हैं। रात के समय भी तापमान में उछाल आ रहा है। इधर, मौसम विभाग ने 19 अप्रैल को मौसम में परिवर्तन की संभावना जताई है।

बुधवार को हल्द्वानी में सुबह से ही तेज धूप रही। दिन में गर्म हवाओं से लोग परेशान रहे और धूल भरी हवाएं चलती रहीं। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लोग गर्मी से बचने के लिए सिर ढककर घर से निकल रहे थे। बाजार में शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। इधर, गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने आने वाले दिनों में बारिश की संभावना जताई है। अगले सप्ताह कुमाऊं के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

# काम आया पुलिस का डायवर्जन प्लान, लोगों को जाम से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में दो बड़े कार्यक्रम के दौरान लागू डायवर्जन प्लान से जाम की समस्या से निजात मिली। हल्की परेशानी उस वक्त हुई जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रोड शो शुरू हुआ। इसके अलावा पुलिस कर्मियों को डायवर्जन प्वाइंट पर जरूर मशक्कत करनी पड़ी।

बुधवार को कालाढूंगी रोड स्थित पशु चिकित्सालय के पास से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रोड शो था। इसके लिए मुखानी चौराहे से शहर में आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। नैनीताल रोड स्थित रामलीला मैदान में राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की जनसभा थी। दोनों कार्यक्रमों को देखते हुए शहर में सभी भारी



एमबीपीजी कॉलेज के पास रोड शो के दौरान रोके गए वाहन।

वाहन व पर्यटक वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई थी। जिससे शहर तो जाम मुक्त रहा, लेकिन डायवर्जन प्लाइंट पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। खासतौर पर टीपीनगर तिराहा और बरेली रोड डायवर्जन प्लाइंट पर वाहन जाम में फंसे नजर आए। बरेली रोड और रामपुर रोड से शहर में आने वाले वाहनों को तीनपानी से डायवर्ट कर गौलापार से होते हुए नारीमन तिराहा काठगोदाम की ओर भेजा गया। वहीं कालाढूंगी रोड से आने वाले वाहनों को लालडांठ से डायवर्ट किया गया। लालडांठ से नैनीताल रोड की ओर जाने वाली सड़क संकरी होने के कारण यहां भी वाहनों की गति बेहद धीमी रही।

# खेलते-खेलते लापता हुए तीन दोस्त, परिजन परेशान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**गुमशुदगी**

- रविवार की दोपहर घर से थे निकले, अब तक नहीं लगा पता
- जांच में तीनों एक साथ सीसीटीवी में देखे गए

**अमृत विचार :** मोहल्ले में खेलते-खेलते 7वीं और 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले तीन दोस्त लापता हो गए। परिजन पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचे। जिसके बाद तीनों को सीसीटीवी में एक साथ देखा गया है। पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन तीनों का कहीं पता नहीं चला है।

13 वर्षीय दिपेश पुत्र सेवक राम, 12 वर्षीय रोहित पुत्र विनय और 12 वर्षीय शेखर पुत्र धर्मेंद्र वार्ड 14 जवाहर नगर बनभूलपुरा के रहने वाले हैं। दिपेश 8वीं और रोहित व शेखर 7वीं कक्षा में पढ़ते हैं और अच्छे दोस्त हैं। रोहित की बुआ ने बताया तीनों रविवार की दोपहर मोहल्ले में ही खेल रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे अचानक तीनों लापता हो गए। देर शाम तक घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो तीनों दोस्त एक साथ दिखाई दिए। रोहित के कंधे पर एक बैग टंगा हुआ था। परिजनों के अनुसार वह घर से तीन सौ रुपये भी ले गया है। तीनों दोस्तों के नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं।

बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि किशोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

**अनदेखी** नगर निगम अभी तक प्याऊ को ठीक कराने की नहीं उठा पाया जहमत, प्यास बुझाने के लिए जूझ रहे लोग

# गर्मी ने दी दस्तक, रखरखाव के अभाव में शोपीस बने प्याऊ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मी ने दस्तक दे दी है पर शहर में जगह-जगह लगे प्याऊ शोपीस बने हुए हैं। रखरखाव के अभाव में कई प्याऊ की टोंटी टूटी है। अधिकतर प्याऊ की टैंक की सफाई तक नहीं की गई है। बाजार क्षेत्र में लोगों को जहां प्यास बुझाने के लिए जूझना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम ने अभी तक प्याऊ को ठीक कराने की भी जहमत नहीं उठाई है।

नैनीताल रोड स्थित नगर निगम कार्यालय के बाहर एक प्याऊ लगा है, लेकिन आये दिन इसका नल चोरी हो जाता है। बीते शनिवार की दोपहर तक प्याऊ से नल गायब था, लेकिन अब इस पर नल लगा दिया गया। हालांकि, वॉश बेसिन में पानी की निकासी के लिए पाइप न होने के कारण पानी पीते समय राहगीरों के कपड़े गीले हो जाते हैं। एसडीएम कोर्ट में प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते हैं, लेकिन इसके आसपास कहीं प्याऊ की व्यवस्था नहीं है। समीप ही स्थित शुलभ शौचालय के बाहर एक प्याऊ बना है, लेकिन वह कई सालों से बंद पड़ा है। तहसील परिसर के बाहर भी एक प्याऊ लगा है। तहसील में आने वालों के साथ ही नजदीक में रोडवेज स्टेशन होने के कारण इसका प्रयोग अत्यधिक होता हैं, लेकिन इसका एक ही नल चल रहा है, जबकि दूसरा खराब पड़ा है। महिला अस्पताल के निकट लगे प्याऊ का प्रयोग भी राहगीर करते हैं, लेकिन नल के आसपास काफी गंदगी (काई) जमा है। केमू स्टेशन में स्थित प्याऊ के आसपास साफ-सफाई का अभाव है। इसी तरह कई अन्य प्याऊ की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। नगर निगम प्रशासन ने दिल्ली की तर्ज पर वाटर एटीएम खोलने की बात कही थी, लेकिन यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है।



नगर निगम कार्यालय के बाहर लगा प्याऊ।



एसडीएम कोर्ट के नजदीक लगा प्याऊ।



केमू स्टेशन में लगे प्याऊ का हाल।

**बोले अधिकारी**

"नगर निगम के मौजूदा सभी प्याऊ सफाई करके चालू किए गए हैं। प्याऊ के नल, पाइप आदि बार-बार गायब हो जाते हैं। कई बार नए लगाए गए हैं।"

– **गणेश भट्ट**, सहायक आयुक्त नगर निगम

# कक्षा 3 और 6 का बदला पाठ्यक्रम अभिभावकों ने खरीद ली पुरानी किताबें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 3 व 6 के पाठ्यक्रम में बदलाव हो गया है। लेकिन जानकारी न होने के कारण कई अभिभावक पिछले वर्ष के पाठ्यक्रम की किताबें खरीद चुके हैं। अब नए पाठ्यक्रम की किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों पर दोहरा आर्थिक भार पड़ रहा है।

एनसीईआरटी ने नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 3 व 6 के लगभग सभी विषयों में बदलाव किया है, लेकिन नई किताब तैयार करने में समय लगने की वजह से अधिकतर अभिभावक असमंजस में रहे और उन्होंने बीते साल की किताबें खरीद लीं। अब किताबों को बदलने के लिए अभिभावक दुकानदारों के पास पहुंच रहे हैं, लेकिन अभी नई किताबें बाजार में नहीं आई हैं।

सीबीएसई व एनसीईआरटी की ओर से बीती 15-16 अप्रैल को देशभर के शिक्षकों की ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 3 व 6 के नए पाठ्यक्रम के बदलाव के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई थी। साथ ही सीबीएसई ने एनसीईआरटी की कक्षा 6 की किताबें वेबसाइट पर अपलोड कर दी, जिससे नई किताबें बाजार में आने तक छात्रों को पठन-पाठन में कोई परेशानी न आए। सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र रौतेला ने बताया कि बाजार में अभी तक कक्षा 3 व 6 की किताबें नहीं आई हैं। फिलहाल शिक्षक सीबीएसई की वेबसाइट से किताबें डाउनलोड करके बच्चों को पढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक कक्षा 3 के नए पाठ्यक्रम की किताबें बच्चों के लिए उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। इधर, सरकारी स्कूलों में अन्य कक्षाओं में बुक बैंक की किताबों से अध्ययन कार्य चल रहा है, लेकिन कक्षा 3 व 6 के छात्र अब तक बिना किताब के ही हैं।

जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने बताया कि दोनों कक्षाओं की किताबें अप्रैल माह में आने की संभावना है।



हल्द्वानी रामलीला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट। ● अमृत विचार



रामलीला मैदान में जनसभा के दौरान सचिन पायलट को सुनने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

# भाजपा 'चंदा दो धंधा लो' की नीति पर कर रही काम

## राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रामलीला मैदान में की जनसभा, कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की अपील

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 'जनता को मतदान वाले दिन सांसद ही नहीं बदलना है, बल्कि देश की तस्वीर भी बदलनी है। भाजपा ने 10 साल पहले सरकार बनाने से पूर्व कहा था कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कालाधन को समाप्त कर देंगे लेकिन महंगाई कम नहीं हुई। आजादी के बाद देश में पहली बार बड़ी संख्या में शिक्षित बेरोजगार घूम रहे हैं। भ्रष्टाचार मिटाने की बात कहने वाली भाजपा स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त है। इलेक्टोरल बॉन्ड के खुलासे के बाद साबित हो गया है कि भाजपा इतने दिनों से चंदा दो धंधा लो की नीति पर काम कर रही थी'।

यह बात कांग्रेस के स्टार प्रचारक व राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कही। वह यहां रामलीला मैदान में कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री पायलट ने कहा कि किसानों की आवाज को दबाया जा रहा है, किसी भी किसान की आमदनी दोगुनी नहीं हुई है। कांग्रेस ने वादा किया है कि उनकी सरकार आने पर एमएसपी पर कानून बनेगा। भाजपा वाले अपने नेताओं के रिटायर होने की उम्र नहीं बता रहे, लेकिन देश के युवा को अग्निवीर के नाम पर चार साल में ही रिटायर करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार में अग्निवीर योजना को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में काले कानून बनाए हैं। जीएसटी, नोटबंदी, किसानों के लिए तीन कानून लाकर देश को बर्बाद किया है। सरकारी पदों में हजारों की संख्या में पद खाली पड़े हैं। भाजपा बताए कि जिन दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था वह कहां हैं? युवाओं को सपना दिखाया जा रहा है कि वर्ष 2047 तक देश विकसित हो जाएगा। भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को दबाव में लिया है। आचार संहिता के बावजूद निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है और डराने की राजनीति की जा रही है। उन्होंने जनता से प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पायलट ने कहा कि वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं। इसके बावजूद कभी भी राजीव गांधी ने विपक्ष को समाप्त करने की बात नहीं की। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष की भी भूमिका होती है, लेकिन भाजपा अहंकार से ग्रस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी के लिए आज भी नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह को भाजपा के लोग कोसते हैं जबकि खुद अपने 10 साल का हिसाब नहीं दे रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व काबीना मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल, जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, सतीश नैनवाल, भोला दत्त भट्ट, ललित जोशी, हेमंत बगड़वाल, सुहेल सिद्दीकी, शकील सलमानी, मीमांशा आर्य, शोभा बिष्ट, राधा आर्य, मन्नू गोस्वामी, मंजू देवी, महेशानंद, प्रेमा आदि मौजूद रहे।



सचिन पायलट को गोल्ज्यू देवता की तस्वीर भेंट करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

- बोले- देश में बड़ी संख्या में शिक्षित बेरोजगार घूम रहे
- किसानों की आवाज को दबाने का हो रहा प्रयास

### विधायक सुमित हृदयेश ने भीड़ जुटाकर दिखाई ताकत

**हल्द्वानी :** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट की जनसभा रामलीला मैदान हल्द्वानी में होने की वजह से सबसे अधिक जिम्मेदारी विधायक सुमित हृदयेश पर थी। विधायक ने उस जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी, मेहनत व लग्न से निर्वहन भी किया। जनसभा में भीड़ जुटाने का श्रेय सुमित को ही जाता है। बनभूलपुरा, राजपुरा, सुभाषनगर, आवास विकास कॉलोनी समेत कई इलाकों से विधायक के समर्थक जनसभा में पहुंचे थे। सभा में रैली संभालने में जिला व महानगर कार्यकारिणी के साथ उनके समर्थक भी डटे रहे। सभा को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं पर खुद नजर बनाए हुए थे। यहां तक की सचिन पायलट को हेलीपैड से लाने और ले जाने का जिम्मा भी सुमित के पास ही था। पायलट ने सुमित के कांग्रेस के प्रति समर्पण के लिए उनकी पीठ थपथपाई।

### पायलट ने तुरंत लगवाए टावर : प्रकाश जोशी

हल्द्वानी : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि जब सचिन पायलट केंद्र में संचार राज्य मंत्री थे, तब एक बार मैंने बताया कि पहाड़ों में बीएसएनएल का नंबर नहीं लगता है। दूसरे दिन ही बीएसएनएल के महाप्रबंधक का मेरे पास फोन आया और पूछा कि कहां-कहां टावर की समस्या है और तुरंत ही टावर लगाए गए। जोशी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के रक्षा राज्य मंत्री रहते ही अग्निवीर योजना स्वीकृत हुई है। सांसद ने अपनी सांसद निधि को भी पूरा खर्च नहीं किया है।

### बोले कांग्रेसी



"अग्निवीर योजना लाकर भाजपा ने युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। अगर भाजपा की सरकार आई तो इस योजना को खत्म कर दिया जाएगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर दिए जाएंगे। -**यशपाल आर्य**, नेता प्रतिपक्ष"



"यह चुनाव तय करेगा कि अब चुनाव होगा या नहीं। भाजपा बहुमत में आ गई तो लोकतंत्र की प्रक्रिया चुनाव का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। अंकिता भंडारी को भी आज तक न्याय नहीं मिला है। -**भुवन कापड़ी**, उप नेता प्रतिपक्ष"



"देश को इस समय अडानी और अंबानी चला रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में अब उत्तराखंड बहुत आगे निकलता जा रहा है। यहां हर जगह भ्रष्टाचार की समस्या है। -**तिलक राज बेहड़**, विधायक किच्छा"



"भाजपा 140 करोड़ लोगों के परिवार को बांटना चाहती है, लेकिन हम नहीं बंटने देंगे। साफ दिख रहा है कि लोग परिवर्तन चाहते हैं और परिवर्तन होकर रहेगा। -**सुमित हृदयेश**, विधायक हल्द्वानी"

## सार-संक्षेप

### यंग बॉयज व डीके स्पोर्ट्स ने जीता क्रिकेट मैच

**हल्द्वानी :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग में बुधवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच यंग बॉयज क्रिकेट एकेडमी व काठगोदाम स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच खेला गया। यंग बॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में सभी विकेट खोकर 135 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी काठगोदाम स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम 29 ओवर में सभी विकेट खोकर 82 रन पर सिमट गई। दूसरा मैच डीके स्पोर्ट्स व कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। इसमें डीके स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 367 लक्ष्य रखा। टीम लिए अथर्व अग्रवाल ने शतकीय पारी खेलते हुए 158 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 136 रन पर ही सिमट गई।

### निशुल्क पौधे वितरण कर किया जागरूक

**हल्द्वानी :** आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम की ओर से रामनवमी पर रानीबाग स्थित शीतला देवी मंदिर में निशुल्क पौधे वितरण किये गये। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक प्रकाश चंद्र डिमरी, अंकित डिमरी, रेणुका एस लाल, डॉ. एसपी लाल, प्रतीक, भानू, मालती, जानकी, चमन, सुखविंदर कौर आदि मौजूद रहे।

### बीज बिक्री के लिए मूल्य तय

**हल्द्वानी :** खरीफ-2024 के लिए उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम ने विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीजों के मूल्य तय कर दिए हैं। धान बीज मोटा (पीआर-113) के 4640 रुपये प्रति क्विंटल, धान बीज पर्वतीय प्रजाति के 5455 रुपये प्रति क्विंटल, धान पूसा बासमती-1637 के 6849 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किए गए हैं। इसी तरह सोयाबीन के 9758 रुपये प्रति क्विंटल, मडुवा के 7422 रुपये प्रति क्विंटल और गहत के 30660 रुपये प्रति क्विंटल विक्रय मूल्य तय किए गए हैं।



घायल एआरओ का हालचाल पूछते एसडीएम पारितोष वर्मा। ● अमृत विचार

### मतदान अधिकारी घायल, हादसे में टूटा हाथ

**हल्द्वानी :** चुनाव ड्यूटी के लिए घर से निकले मतदान अधिकारी हादसे का शिकार हो गए। घायल अवस्था में उन्हें एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां उनके हाथ टूटने की पुष्टि हुई। सूचना पर एआरओ लालकुआं पारितोष वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर एआरओ का हाल जाना। एसडीएम ने बताया कि मतदान अधिकारी द्वितीय भरत बुधवार की सुबह चुनाव ड्यूटी के लिए अपने घर से एमबीपीजी कॉलेज जा रहे थे। सुबह करीब नौ बजे भीमताल के पास वह चोटिल हो गए। घटना में उनका बांया हाथ फ्रैक्चर हो गया है।



टेरा आर्किटेक्ट कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद ब्लॉक प्रमुख व अन्य।

### भवाली में टेरा आर्किटेक्ट कार्यालय का उद्घाटन

**भीमताल :** ब्लॉक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बुधवार को भवाली के श्यामखेत मोटर मार्ग पर टेरा आर्किटेक्ट कार्यालय का उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि पहाड़ की भौगोलिक स्थिति के अनुसार निर्माण कार्य करने वालों को मानचित्र बनाना चाहिए, ताकि निर्माण कार्य में भविष्य में किसी भी प्रकार का खतरा न हो। बिल्डिंग निर्माण व जमीन को सुरक्षित रखने में आर्किटेक्ट का अहम योगदान होता है। इन निर्माण कार्यों के लिए आर्किटेक्ट की सलाह अवश्य लेनी चाहिए ताकि अपनी जमीनों के साथ-साथ आवासों को भी सुरक्षित रख सकें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हेमा आर्य, राधा कुल्याल, लता पलड़िया, गणेश जोशी, जमन सिंह बिष्ट, प्रदीप कुमार, दीपू साह, संजय कुमार, प्रेम कुल्याल नवीन क्वीरा, कमल आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।



रामनगर में वन गुर्जरों के साथ बैठक करते वन कर्मी।

### जंगलों के बिना जीवन अधूरा

**रामनगर :** ढेला रेंज के अन्तगर्त गुर्जर कैम्प में बुधवार को वन गुर्जरों को वन क्षेत्राधिकारी भानु प्रकाश हरबोला ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि जंगलों के साथ वन गुर्जरों का ठीक वैसा ही नाता है जैसा वन कर्मियों का होता है, इसलिए सबकी जिम्मेदारी बन जाती है कि जंगलों में आग रोकने के अलावा वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति भी हम सजग रहें। उन्होंने कहा कि वन सुरिक्षत रहेंगे तभी सबका जीवन सुरक्षित रहेगा। इसके अलावा उन्हें मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए लिविंग विद टाइगर थीम के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। वन क्षेत्राधिकारी भानु प्रकाश हर्बोला ने कहा कि जंगलों का यदि कोई दोहन करता है या असामाजिक तत्व जंगल में दिखाई दे तो तत्काल उसकी सूचना विभाग को देकर मदद करें। इस दौरान सिद्धार्थ रावत, असलम, मुजम्मिल, गुलाम नबी, फिरोजद्दीन, शमशेर अली ने भी सुझाव रखे।

# निजी संस्थाएं कर रही हैं स्ट्रीट डॉग का टीकाकरण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ईकोपाथ संस्था और पेट केयर क्लीनिक के सहयोग से शहर में आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जा रहा है। बीते दिनों हीरानगर और रामपुर रोड आदि क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के लिए एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया गया।

ईकोपाथ संस्था के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि अब तक दर्जनों आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जा चुका है। आवारा कुत्ते लोगों को नुकसान न पहुंचाएं, इसलिए इन्हें रेबीज के टीके लगाए जा गए हैं। बताया कि गर्मियों में कुत्तों में डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) की शिकायत होने लगती है, जिससे उनमें चिड़चिड़पन बढ़ जाता है। ऐसे मामलों में सड़क के आवारा कुत्ते ज्यादा खतरनाक होते हैं।

पेट केयर क्लीनिक के डॉ. अनुज अग्रवाल ने बताया कि कुत्तों में इन दिनों कैनाइन डिस्टेंपर नाम का वायरस भी फैल रहा है। जिससे कुत्ते की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया कमजोर हो जाती है और कुत्ते को अन्य संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। इसके शुरुआती लक्षणों में कुत्ते के दोनों कानों के बीच की मांसपेशियों में कंपन होने, शरीर व हाथ पैरों में साइकिलिंग और मुंह में दांत चबाने जैसा मूवमेंट होने लगता है। कुत्ते खाना-पीना छोड़ देते हैं और उन्हें चलने फिरने में दिक्कत होने लगती है।

बताया कि यह बीमारी हर उम्र के कुत्तों को हो सकती है और यह जानलेवा होती है। बचाव ही इसका एक मात्र तरीका है, जिसके लिए समय पर डिस्टेंपर टीकाकरण, संक्रमित कुत्तों और उसके मलमूत्र से स्वस्थ जानवरों को बचाना चाहिए। बीमारी की शुरुआत में ही अगर नवीनतम तकनीकी से निर्मित इम्यूनोग्लोबिन डिस्टेंपर का इंजेक्शन संक्रमित कुत्तों को लग जाए तो उसके बचने की संभावना बढ़ जाती है।

**पहल**

- हीरानगर व रामपुर रोड में चलाया एंटी रेबीज अभियान
- गर्मियों में कुत्तों में होती है डिहाइड्रेशन की शिकायत

### मिनी स्टेडियम की चहारदीवारी का निर्माण शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मिनी स्टेडियम की चहारदीवारी का निर्माण शुरू हो गया है। करीब 20 दिनों में कार्य पूरा हो जाएगा। कुछ माह पूर्व नगर निगम व प्रशासन की टीम ने सड़क चौड़ीकरण के लिए मिनी स्टेडियम की नैनीताल रोड की चहारदीवारी को ध्वस्त करा दिया था। चहारदीवारी ध्वस्त होने के बाद स्टेडियम में चोरी की घटनाएं भी हुई। इसको देखते हुए जल्द से जल्द चहारदीवारी का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल ने बताया कि स्टेडियम की चहारदीवारी का कार्य प्रगति पर है। लगभग 20 दिनों में कार्य पूरा हो जाएगा।

# नहीं मिला अफसाना का हत्यारोपी मकान मालिक का काटा चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अफसाना के हत्यारोपी पति की तलाश बीती 10 अप्रैल से हो रही है। उत्तर प्रदेश और दिल्ली समेत कई शहरों की खाक छानने के बावजूद पुलिस को सौरभ के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इधर, किराएदार दंपति सौरभ और अफसाना का सत्यापन न कराने पर पुलिस ने मकान मालिक गंगा राम का 10 हजार रुपये का चालान काटा है।

शिवाजी कॉलोनी में सुभाषनगर रुद्रपुर निवासी सौरभ राज अपनी पत्नी अफसाना उर्फ आस्था, बेटियां अलीशा (5 वर्ष) और इबरा (3 वर्ष) के साथ रहता था। बीती 8 अप्रैल की रात सौरभ ने अफसाना का गला घोंट दिया और बेटियों को लेकर फरार हो गया। 10 अप्रैल को घटना का तब लगा, जब मकान मालिक गंगा राम पुताई के लिए सौरभ के कमरे में पहुंचा। पता लगा कि सौरभ ने अवैध संबंध के शक में अफसाना की गला घोंट कर हत्या की थी। पुलिस 10 अप्रैल से ही सौरभ की तलाश कर रही है। अभी तक आगरा, मुरादाबाद और दिल्ली में कई स्थानों पर उसकी तलाश की जा चुकी है। एक टीम को लखनऊ भी भेजा गया है। पता लगा है कि सौरभ तेलंगाना में भी नौकरी कर चुका है और उसकी वहां भागने की भी संभावना है। पुलिस को तेलंगाना भेजने की भी तैयारी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार सौरभ पत्नी व बच्चों के साथ शिवाजी कॉलोनी में गंगा राम के मकान में किराए पर रहता था। वह करीब तीन माह पहले यहां रहने आए थे, लेकिन गंगा राम ने उनका सत्यापन नहीं कराया था। इस पर पुलिस ने गंगा राम का 10 हजार रुपये का चालान काटा है।

**अफसाना हत्याकांड**

- मकान मालिक ने नहीं कराया था किराएदार दंपति का सत्यापन
- आगरा, दिल्ली में तलाश के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

### कार से बाइक टकराने पर युवक गंभीर

**नैनीताल, अमृत विचार :** बल्दियाखान क्षेत्र में बाइक की कार में टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरा युवक मामूली रूप से चोटिल है। मंगलवार देर रात बिड़ला निवासी हेमंत अपनी कार से हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहा था। वह बल्दियाखान के समीप पहुंचा ही था कि मोड़ में अचानक सामने से आती बाइक उसके वाहन से टकरा गई। हादसे में ज्योलीकोट निवासी आशीष कुमार मामूली, जबकि फरहान गंभीर रूप से चोटिल हो गया। इस बीच क्षेत्र में तैनात एफएसटी टीम भी मौके पर पहुंच गई, जिनकी मदद से कार चालक घायलों को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचा, जहां फरहान की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फरहान के स्वजनों ने बताया कि हल्द्वानी से भी उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया, जहां फिलहाल उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है।

### सेवानिवृत कर्नल पीएस रौतेला का निधन, शोक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे सेवानिवृत कर्नल पीएस रौतेला का निधन हो गया। बुधवार को रानीबाग चित्रशिला घाट पर जाट रेजिमेंट की सम्मान गारद ने पुष्प चक्र अर्पित उन्हें सलामी दी। जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। वीर चक्र और सेना मेडल कर्नल मनोहर सिंह चौहान ने बताया कि कर्नल रौतेला परिवार के साथ रूपनगर में रहते थे। उन्होंने नोएडा के जेपी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्होंने वर्ष 1968 में भारतीय सेना की 6 जाट में कमीशन प्राप्त किया और वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध सहित अनेक युद्धों में भाग लिया। इस दौरान ब्रिगेडियर बीर नाथ रावल, कर्नल सीके चौधरी, कर्नल आरएस राना, कर्नल बीएस राना, कर्नल जीएस बिष्ट, कर्नल डीडी पाठक, कर्नल वीरेंद्र सिंह ढैला, कर्नल डीके शाह, कर्नल रजवार, कर्नल बीडी कांडपाल आदि मौजूद रहे।

**राहत** ग्रीष्म ऋतु के लिए कॉर्बेट प्रशासन ने जंगल में 125 से अधिक पक्के व कृत्रिम तालाब बनाए

# गर्मी बढ़ने पर कृत्रिम तालाबों से प्यास बुझा रहे वन्य जीव

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है। अब जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे वैसे कार्बेट पार्क के वन्य जीवों के लिए पेयजल संकट भी बड़ी समस्या बनकर सामने आने लगी है। अधिकांश प्राकृतिक पोखर, श्रोत, रामगंगा नदी के सहयोगी नदी व नाले गर्मियों में अक्सर सूख जाया करते हैं। प्राकृतिक स्रोतों के सूखने के कारण वन्य जीवों को पानी की समस्या होने लगती है। वह पानी के बिना तड़पने लगते हैं। वन्य जीवों की इस समस्या का समाधान करने के लिए कार्बेट टाइगर रिजर्व ने टैंकरों के जरिये कृत्रिम तालाबों (वॉटर हॉल) व प्राकृतिक पोखरों में पानी उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। नतीजन अब क्या हाथी, क्या बाघ, क्या हिरन सभी छोटे-बड़े वन्य जीव इन कृत्रिम तालाबों में अपने हलक को तर कर रहे हैं। बता दें कि इन दिनों कार्बेट टाइगर रिजर्व के सभी रेंजरों को अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीवों के लिए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में कई प्रजाति के वन्य जीव पाये जाते हैं। खास तौर पर बाघों की राजधानी के रूप में कॉर्बेट को जाना जाता है। कॉर्बेट के अन्दर कई नदियां और नाले बहते हैं, परन्तु इनमें से कुछ नदी व नाले बढ़ती गर्मी में सूख जाते हैं। ऐसे में वन्य जीवों को गर्मी और पानी की प्यास बुझाने के लिए जानवरों के सामने दुश्वारियां आने लगती हैं। वह अपनी परेशानी से निजात पाने के लिए कॉर्बेट की सीमा पर बसे गांवों की ओर रुख करते हैं, जहां उनके शिकार की सम्भावनाएं बढ़ जाती हैं। साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। ऐसे में इन हालातों को ध्यान में रखते हुए कॉर्बेट प्रशासन ने कॉर्बेट के जंगल में वन्य जीवों के लिए पानी की कमी को दूर करने के लिये 125 से अधिक पक्के व कृत्रिम तालाब बनाए हैं। कॉर्बेट प्रशासन की मानें तो अभी जंगल में पानी की कमी नहीं है। वन्य जीवों के लिये पानी की कमी ना हो हर हरसंभव कोशिश की जाती है। पूरे टाइगर रिजर्व में इस तरह के कृत्रिम तालाब बनाये गये हैं।







झिरना बिला वॉटर होल में पानी पीता बाघ, ढिकाला में पानी पीता हाथियों का झुंड व बिजरानी में बच्चे के साथ पानी पीता बंदर। ● दीप रजवार।

### तालाबों में पर्याप्त मात्रा में रहता है पानी

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ. धीरज पांडे कहते हैं कि अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार के कृत्रिम तालाब होते हैं। हम गर्मियों में यह सुनिश्चित करते हैं कि इन 125 कृत्रिम तालाबों में पानी प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। वह कहते हैं कि रामगंगा नदी में तो हाथियों का रुख बना रहता है लेकिन गर्मी आते ही इनका रुख रामगंगा चौड़ की तरफ बढ़ जाता है, क्योंकि उस क्षेत्र में नई घास आती है। वह भोजन की तलाश में उस क्षेत्र में लगातार दिखाई देते हैं। वह कहते हैं कि हाथी, टाइगर, हिरण व अन्य वन्यजीव भी पानी के लिए इन्ही कृत्रिम तालाबों का अधिकतर उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि हम इन कृत्रिम तालाबों की लगातार मॉनिटरिंग करते हैं।

# माफी मांग कर चोरी करने वाले चोरों पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अजब-गजब संदेश के साथ सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी के घर में चोरी करने वाले चोरों के खिलाफ मुखानी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बीती 13 अप्रैल को हुई ये चोरी शहर में चर्चा का विषय बनी थी।

लोहरियासाल मल्ला गली नंबर एक ऊंचापुल निवासी प्रकाश चंद्र बहुगुणा बैंक से सेवानिवृत्त हैं। प्रकाश के दोनों बेटे अन्य राज्यों में नौकरी करते हैं। वह छुट्टी पर घर आए थे, जिस पर प्रकाश पूरे परिवार के साथ बीती 11 अप्रैल को पिथौरागढ़ स्थित अपने पैतृक गांव गए थे। घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ कर घुसे चोरों ने 60 हजार रुपये और चांदी के आभूषण चोरी किए थे। जाते वक्त चोरों ने दो अलमारी और ड्रेसिंग टेबल के शीशे पर संदेश लिखा 'चोरी तो की पर सोना नहीं मिला, चोरी के लिए माफ करना'। ये संदेश जमकर वायरल भी हुआ था। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी के जरिये चोरों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**कार्रवाई**

- बीती 13 अप्रैल को सेवानिवृत्त बैंक कर्मी के घर में हुई थी चोरी
- अलमारी और ड्रेसिंग टेबल के शीशे पर लिखा था संदेश

# प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को बहुत कुछ दिया, अब हमारी बारी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहर में रोड शो कर पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा को जिताने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**05** सीटें जिताकर 400 पार करने में अपना योगदान देने की अपील की, राज्य के प्रत्येक नागरिक से 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए भी कहा

**500** वर्षों में यह पहली बार है जब रामलला अपना जन्मदिन घर के बाहर टेंट में नहीं वरन राजमहल में मना रहे हैं


रोड शो में शामिल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, मोहन सिंह बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को शहर में रोड शो निकाला। इस शो के जरिए मुख्यमंत्री ने जनता से राज्य की पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

मुख्यमंत्री धामी बुधवार को दोपहर तीन बजे कालाढूंगी रोड स्थित पशु अस्पताल के समीप पहुंचे। यहां ढोल नगाड़ों और बैंड बाजे के साथ रोड शो शुरू हुआ। मुख्यमंत्री धामी ने पुष्प वर्षा कर जनता का अभिवादन किया। रोड शो हीरानगर तिराहे से होते हुए गुरुद्वारा चार साहिबजादे के समीप पहुंचा। जहां सिख संगत ने सीएम धामी का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इसके बाद काफिला कालाढूंगी रोड स्थित टेंपो स्टैंड से होते हुए बाबा कालू सिद्ध मंदिर पहुंचा। यहां सीएम धामी ने बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उनका काफिला रोडवेज बस स्टेशन, एसडीएम कोर्ट से होकर तिकोनिया चौराहे पर समाप्त हो गया।

इस बीच जगह-जगह पर लोगों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा ने पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर रोड शो का स्वागत किया। वहीं मुस्लिम महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर तीन तलाक की समाप्ति व यूसीसी के लिए सीएम का अभिनंदन किया। यहां सीएम धामी ने कहा कि चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हल्द्वानी में रोड शो कर प्रचार का समापन किया है। उन्होंने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 500 वर्षों में यह पहली बार है जब रामलला अपना जन्मदिन घर के बाहर टेंट में नहीं वरन राजमहल में मना रहे हैं। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से संभव हुआ है। उन्हीं की वजह से हमें फिर से राम युग में जाने का अवसर मिला है। चुनाव में प्रचंड बहुमत से मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने पहली बार के मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड में लोकतंत्र का महापर्व उत्सव के रूप में मनाया गया है। इस महापर्व में प्रचंड मतदान कर भाजपा को जीत दिलानी है। 19 अप्रैल को इस महापर्व का यज्ञ होगा जो 4 जून को ऐतिहासिक विजय बनेगा। सशक्त, समृद्ध, शक्तिशाली, दुनिया का सिरमौर भारत को बनाने के लिए भाजपा को जिताना है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हृदय में उत्तराखंड बसता है। हर मौके पर वह उत्तराखंड का जिक्र करते हैं, कुछ न कुछ देते हैं। अब हमारी बारी है, भाजपा को जिताना है। पांचों सीटें जिताकर 400 पार में अपना योगदान देना है। अंत में उन्होंने पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह कैड़ा, डॉ. मोहन बिष्ट, सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, प्रकाश रावत, विकास भगत, चंदन सिंह बिष्ट, शशांक रावत, नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, भुवन भट्ट, कार्तिक हर्बोला, महेंद्र अधिकारी, महेश शर्मा, गौरव जोशी, राजेंद्र सिंह मेहता, विनोद मेहरा, दीपक सिंह, रवींद्र बाली, सचिन साह, विष्णु सक्सेना मौजूद रहे।

### जाम में जूझते रहे लोग

रोड शो के दौरान कालाढूंगी व नैनीताल रोड पर ट्रैफिक ठप कर दिया गया। इस बीच राहगीर जाम में फंस गए। भीषण गर्मी में जाम ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। बाद में मुख्यमंत्री के जाने के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हुई लेकिन इस वजह से आधे-एक घंटे तक जाम से जूझना पड़ा।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

रोड शो का जगह-जगह स्वागत हुआ। हीरानगर तिराहे, गुरुद्वारा चार साहिबजदे, कालू सिद्ध मंदिर के समीप, नगर निगम, एसडीएम कोर्ट, नैनीताल रोड और तिकोनिया चौराहे पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। लोगों ने रोड शो में शामिल कार्यकर्ताओं के लिए पानी की बोतलें, प्रसाद भी वितरित किया।

### मुख्यमंत्री ने बाबा नीब करौरी महाराज के दरबार में टेका माथा

**नैनीताल :** राम नवमी के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी धाम पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने तपस्या स्थल पर बैठकर ध्यान लगाकर माथा टेका और बाबा से प्रदेश की सुख-शांति और खुशहाली की मन्नत मांगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 400 से अधिक सीट जीतने की मन्नत मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमेशा बाबा नीब करौरी महाराज का आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा है। रामनवमी के मौके पर बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में लोग मतदान करेंगे। उत्तराखंड में पांचों सीट पर भाजपा एक तरफा जीत दर्ज करेगी। इस दौरान नैनीताल विधायक सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मनोज जोशी, हेम आर्य, शिवांशु जोशी, विकाश जोशी, मोहित आर्य, दान सिंह भंडारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### झलकियां


रोड शो के दौरान नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार


रोड शो के समाप्त होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तिकोनिया चौराहे पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।


बाबा नीब करौरी महाराज के दरबार में पूजा अर्चना करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।



मुख्यमंत्री के रोड शो का विरोध करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पकड़कर ले जाती पुलिस।


कालाढूंगी मार्ग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ● अमृत विचार

# बलूनी और गोदियाल के बीच मुकाबला रोचक होने के आसार

विनोद पपनै, रामनगर




**मुकाबला**

**▸▸ गढ़वाल सीट पर विधानसभा अध्यक्ष समेत कई मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर, कांग्रेस ने भी लगाया पूरा दमखम**

**अमृत विचार :** गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में भाजपा के अनिल बलूनी और कांग्रेस के गणेश गोदियाल के बीच मुकाबला रोचक होता दिखाई देता नजर आ रहा है।

सियासत के जानकारों की मानें तो इस बार गढ़वाल लोकसभा सीट पर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को छोड़ दें तो आम मतदाता पूरी तरह से खामोश दिखाई दे रहा है। भले ही दोनों दल अपनी जीत के दावे कर रहे हों मगर आम आदमी यह कहता नजर आ रहा है कि इस बार गढ़वाल का चुनाव दिलचस्प होगा। यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा के विधायकों के अलावा राज्य सरकार में मंत्री पद संभाले सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल जैसे दिग्गज मंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी आदि की प्रतिष्ठा इस सीट पर दांव पर लगी हुई है। कुल मिलाकर गढ़वाल संसदीय क्षेत्र का चुनाव दिलचस्प होने के आसार हैं।

दिलचस्प पहलू यह भी है कि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में 14 विधान सभा क्षेत्र आते हैं और चौदह में से 13 विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायकों का कब्जा रहा है। एक सीट बद्रीनाथ कांग्रेस के पास जरूर थी मगर विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी ने हाथ को झटक कर कमल को थाम लिया। भले ही इन 14 विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा का कब्जा हो मगर चुनावी पंडितों की मानें तो कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल मुकाबले को रोचक बना रहे हैं। अनिल बलूनी जहां प्रदेश सरकार के विकास कार्यों व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे लेकर बढ़ रहे हैं तो कांग्रेस के गणेश गोदियाल सीधे तौर पर उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड और अग्निवीर जैसे मुद्दे को लेकर जमकर सत्तारुढ़ दल पर आक्रमक होकर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे।

# रोड शो का विरोध कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रोड शो का विरोध किया। रोड शो के पास पहुंचने से पहले ही पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

बुधवार को मुख्यमंत्री धामी का शहर में रोड शो था। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को मुद्दा बनाकर रोड शो का विरोध किया। कार्यकर्ता ओके होटल के पास पहुंचे और काले झंडे दिखाकर अंकिता भंडारी को न्याय दो के पोस्टर दिखा कर रोड का विरोध किया। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीमांशा आर्य ने कहा कि प्रदेश की बेटी को जो न्याय नहीं मिला है, इसका जवाब महिलाएं चुनाव में देंगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय पूरा शहर पोस्टर से भर दिया है, जो आचार संहिता का उल्लंघन है। इस दौरान मंजू दानू, आरती पपोला, सुमित कुमार, कमलेश आर्य, संजय जोशी, प्रीति आर्य, नवाज खान, प्रभात मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


भीमताल में जनसंपर्क करतीं महिला कांग्रेस कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

### महिला कांग्रेस कार्यकत्रियों ने किया प्रचार

**भीमताल :** महिला कांग्रेस कार्यकत्रियों ने बुधवार को कुआंताल, जून स्टेट आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगांई, जिला सचिव आशा आर्य, निर्मला आर्य, रीना आर्य, रमा लाल, शांति देवी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।


गौलापार में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में जनसंपर्क करते कार्यकर्ता।

### गौलापार में प्रकाश जोशी के लिए मांगे वोट

**हल्द्वानी :** गौलापार में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में चुनाव प्रचार जारी रहा। कांग्रेस जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा के नेतृत्व में गौलापार में एक दर्जन से अधिक गांव में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार किया गया। क्वीरा ने कहा कि भाजपा ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के सपने को बर्बाद किया है। महंगाई और भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। इस दौरान हेमंत बगड़वाल, रवि नेगी, ललित मोहन बेलवाल, सुरेश बर्गली, तारा दत्त नैनवाल, बालम बर्गली, देवेंद्र सिंह नौला, महिपाल सिंह नौला मौजूद रहे।

## भीमताल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर किया जनसंपर्क

**भीमताल :** बूथ संख्या 140 और 141 के नौल एवं बोहरागांव क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए शक्ति केंद्र, बूथ व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने दूरस्थ क्षेत्रों में घर-घर जाकर टीम के साथ अजय भट्ट के लिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांगकर पार्टी का प्रचार प्रसार किया। बूथ अध्यक्ष विनोद कर्नाटक एवं गोपाल साह के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट एचसी राहुल जोशी के साथ मंडल उपाध्यक्ष भुवन भट्ट, महेश जोशी, कमल बृजवासी, हंसा भट्ट, पीडी दुम्का आदि लोग सम्मिलित रहे।


भीमताल के दूरस्थ क्षेत्र में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता।

## कांग्रेस ने की निर्वाचन आयोग से शिकायत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रोड शो के दौरान शहर में सार्वजनिक संपत्तियों पर भाजपा ने पोस्टर और बैनर लगाए थे। कांग्रेस ने इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग से की है।

बुधवार को शहर में मुख्यमंत्री ने कालाढूंगी और नैनीताल रोड पर रोड शो किया। भाजपा नेताओं ने विद्युत पोलों, अस्पतालों और ट्रांसफार्मरों आदि जगहों पर पार्टी के पोस्टर बैनर लगा दिए। सचिन पायलट की जनसभा के दौरान भी कांग्रेसियों ने मंच से इसका विरोध किया। इधर, कांग्रेस के मुख्य चुनाव अभिकर्ता संजय किरौला ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी हल्द्वानी को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि रोड शो के दौरान भाजपा ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

**चुनाव** | पीरुमदारा में गढ़वाल लोकसभा सीट के प्रत्याशी के समर्थन में हुई जनसभा में बोले कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज

# निरंतर विकास के लिए नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनने चाहिए

संवाददाता, रामनगर



पीरुमदारा में जनसभा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का समुचित विकास हो रहा है। देश के निरंतर विकास के लिए उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। विकास और रोजगार के लिए योजनाएं होनी जरूरी हैं। हम चारधाम यात्रा मार्ग से रामनगर को जोड़ेंगे।

वन ग्रामों के विकास के लिए भाजपा सरकार विशेष प्रयास कर रही है। इसके तहत तीन वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाया गया है। यह बात बुधवार को पीरुमदारा के किसान इंटर कॉलेज में भाजपा के गढ़वाल लोकसभा सीट के प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कैबिनेट मंत्री और आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज ने कही।

कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री धामी सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताते हुए कहा कि सख्त नकल कानून से आज युवाओं को रोजगार मिल रहा है। सख्त धर्मांतरण कानून और यूसीसी को लागू किया गया है। महाराज ने रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि भारत में सनातन का निरादर करने वाले आक्रमणकारी बाबर को कुछ लोग सम्मान देते हैं। उन्होंने अनिल बलूनी को पौड़ी गढ़वाल का बेटा बताकर विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बलूनी केंद्र सरकार में उत्तराखंड की मजबूत पैरवी करेंगे और डबल इंजन सरकार विकास को तेज करेगी। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भी अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। सभा का संचालन महामंत्री घनश्याम शर्मा व आशीष ठाकुर ने किया।

सभा में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए किशोरी लाल, आप से आए शिशुपाल रावत, हेम चन्द्र भट्ट, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मदन जोशी, दीपा भारती, दिनेश मेहरा, प्रताप बोरा आदि ने भी अपनी बात रखी।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी प्रताप बोरा, भगीरथ लाल चौधरी, निर्मला रावत, गणेश रावत, नरेंद्र चौहान, किशोरी लाल, जितेश टम्टा, माया रावत, ममता पांडे, किरण रावत, डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष अमिता लोहनी, अली नकवी, मनमोहन बिष्ट, यशपाल रावत, नरेंद्र शर्मा, विजयपाल रावत, रुचि गिरी, इंदर रावत, नवीन करगेती, राजेश पाल, प्रेम मेहरा, हरीश मालगुड़ी, आशा बिष्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के लिए जिले को तीन सुपर जोन में बांटा

## 21 जोन व 119 सेक्टर बनाए गए, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी वायरलेस से करेंगे सूचनाओं का आदान-प्रदान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए जनपद को तीन सुपर जोन में विभाजित किया गया है। इसके अलावा जनपद को 21 जोन और 119 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और सुरक्षा बल आपस में समन्वय बनाकर मतदान कराएं।

बुधवार को पुलिस लाइन में सुरक्षा बलों के साथ बैठक के बाद एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर जनपद को तीन सुपर जोनों में विभाजित किया गया है। प्रथम जोन में जसपुर, काशीपुर व बाजपुर रखा गया है। द्वितीय जोन में गदरपुर, रुद्रपुर व किच्छा एवं तृतीय जोन में सितारगंज, नानकमत्ता व खटीमा को रखा गया है। उन्होंने बताया कि सभी जोन में एडिशनल स्तर के अधिकारी प्रभारी के तौर पर मौजूद रहेंगे।

इसी के साथ जनपद को 21 जोन व 119 सेक्टर में बांटा गया है। सभी जोन में इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की तैनाती की गई है, जबकि सभी सेक्टर में चौकी प्रभारियों और उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी वायरलेस के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। इसी के साथ प्रत्येक विधानसभा में पुलिस वायरलेस टीमें भी लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि मतदान पार्टियां बिगवाड़ा मंडी से प्रस्थान करेंगी। सभी सुरक्षा कर्मी अपनी पोलिंग पार्टी के साथ निर्धारित वाहनों में ही जाएंगे। कोई भी अपने निजी वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे। रूट चार्ट के अनुसार ही वाहन संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी मतदान पार्टियों की रवानगी कर बूथ पर पहुंचने की सूचना भी देंगे।


पुलिस लाइन में बैठक को संबोधित करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

### 65 सीमाओं पर आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित

**रुद्रपुर :** एसएसपी ने बताया कि जिले की 65 सीमाओं पर बाहरी राज्यों से आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान सीमाओं पर पैरामिलिट्री फोर्स के साथ चौकी इंचार्ज मौजूद रहेंगे। बॉर्डरों पर गहन पूछताछ के बाद ही आने की इजाजत दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम से सीमाओं को सील कर दिया जाएगा।

### खनन, लकड़ी, भूसा आदि वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद

**रुद्रपुर :** एसएसपी ने बताया कि गुरुवार से खनन, लकड़ी, भूसा आदि वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। यह नियम 20 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा। सिर्फ आवश्यक सामग्री तेल, दूध, सब्जी और अन्य पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

### वृद्ध और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग होगी व्यवस्था

**रुद्रपुर :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हर विधानसभा में दो-दो सखी बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा मॉडल बूथ भी बनाए गए हैं। यहां दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, वाहनों, शौचालयों और अन्य की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि वृद्ध और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से मतदान की व्यवस्था की जाएगी।

### कार्मिक मतदेय स्थल पर करेंगे ईडीसी से मतदान

**रुद्रपुर :** आरओ उदयराज सिंह ने बताया कि चुनाव में कार्मिकों के लिए मतदान की मजबूत व्यवस्था की गई है। इसके तहत ऊधमसिंह नगर में 7960 कार्मिकों को ईडीसी उपलब्ध कराए गए हैं। इसी तरह नैनीताल जनपद में 7099 कार्मिकों को ईडीसी उपलब्ध कराए गए हैं। जो मतदेय स्थल पर ही मतदान कर सकते हैं।

### पोलिंग बूथ पर सेल्फी ली तो होगी कार्रवाई

**रुद्रपुर :** एसएसपी ने बताया कि पोलिंग बूथ पर किसी भी तरीके से सेल्फी लेने पर प्रतिबंध रहेगा। 100 मीटर के दायरे के बाहर कोई भी सेल्फी ले सकता है।

### उद्योगपति भी कार्मिकों से कराएं मतदान

**रुद्रपुर :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार जनपद में 85 फीसदी मतदान का लक्ष्य रखा गया है। कई उद्योग ऐसे हैं जिन्हें बंद नहीं किया जा सकता है। इसलिए ऐसे उद्योगों के प्रबंधन को आठ घंटे की शिफ्ट को चार घंटे कर कार्मिकों को मतदान कराने के लिए कहा गया है।

### सात हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

**रुद्रपुर :** एसएसपी ने बताया कि जनपद में सुरक्षा के मद्देनजर सात हजार से अधिक सुरक्षा कर्मी ड्यूटी में तैनात रहेंगे। इसके अलावा 1500 होमगार्डों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 1100 होमगार्ड उत्तर प्रदेश से आए हैं। इसके अलावा 700 पीआरडी जवान, 4 कंपनी पीएसी, 13 कंपनी सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी और पंजाब आर्म फोर्स तैनात रहेगी।

### कल सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान

**रुद्रपुर :** आरओ ने बताया कि 19 अप्रैल को मतदान सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जाएगा, जो सायं पांच बजे तक चलेगा। मतदाताओं को पीठासीन अधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट पर्ची देकर मतदान कराएंगे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सुबह 7 बजे से पोलिंग पार्टियां रवाना होनी शुरू हो जाएंगी।

# बूथ के अंदर मोबाइल ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

- 200 मीटर परिधि के बाहर प्रत्याशियों के लगेंगे बस्ते
- मतदान के लिए पुलिस लाइन में आयोजित हुई बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान को सफल बनाने के लिए सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार, पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा, व्यय प्रेक्षक टी शंकर, जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के उपस्थिति में सुरक्षा बलों की ब्रीफिंग की गई। पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा ने सुरक्षाबलों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान करने के निर्देश दिए। बुधवार को पुलिस लाइन में बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने सुरक्षा बलों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर जोनल पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए मतदान संपन्न कराएंगे। सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी क्रिटिकल व वर्नेबल बूथों पर पैनी नजर रखेंगे।

उन्होंने कहा कि मतदान के दिन बूथ के भीतर मोबाइल पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। 200 मीटर परिधि के बाहर प्रत्याशियों के बस्ते लगाये जाएंगे। मतदान पार्टियों को अपने बूथ पर ही रात्रि विश्राम करना होगा।

### ये लोग रहे मौजूद

मुख्य विकास अधिकारी व नोडल कार्मिक स्वीप मनीष कुमार, एएसपी चंद्र शेखर घोड़के, मनोज कत्याल, अभय प्रताप सिंह, एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, सीओ निहारिका तोमर, अनुषा बडोला, एआरटीओ निखिल शर्मा सहित सैक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, अर्धसैनिक बल एवं सुरक्षा बलों के जवान मौजूद रहे।

### कल सभी कार्यालय, शिक्षण संस्थान, कारखाने रहेंगे बंद

**रुद्रपुर :** लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को सभी सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान, उद्योग व कारखाने बंद रहेंगे। साथ ही बैंक व कोषागार भी बंद रखे जाएंगे। सचिवालय प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि प्रदेश में शुक्रवार को मतदान होना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, उद्योग व कारखानों में कार्यरत मजदूरों के लिए अवकाश घोषित किया है।

## सार-संक्षेप

### किच्छा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क


किच्छा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क करते भाजपाई। ● अमृत विचार

**किच्छा :** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया। भाजपा के लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य एवं खाद्य मंत्रालय (भारत सरकार) सलाहकार समिति के प्रांतीय सदस्य लवी सहगल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम ने नगर के वार्ड नंबर 9 एवं वार्ड नंबर 10 में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान प्रांतीय सदस्य लता सिंह, जिला मंत्री दया डसीला, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू जायसवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, अभिषेक सक्सेना, आरती दुबे, दिनेश भाटिया, प्रहलाद खुराना, मीना शर्मा, धर्मराज जायसवाल, डॉ. संगीता शर्मा, प्रेमलता चौहान, मीरा तिवारी, मधु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने मांगे वोट


ग्राम शिवपुरी में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सभा करते सुखदेव सिंह नामधारी।

**बाजपुर :** भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभाएं कर वोट मांगे। ग्राम शिवपुरी में सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार ने हर वर्ग की भावनाओं को ध्यान में रखकर काम किया है। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह नामधारी, बल्देव सिंह, मंगत सिंह, हरवीर सिंह, रंजीत सिंह, गुरदेव सिंह, दलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### झनकट और खटीमा में भाजपा ने किया जनसंपर्क


खटीमा में चुनाव प्रचार करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कादरी कॉलोनी बूथ संख्या छह में घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनता से जनसमर्थन मांगा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर महामंत्री मनोज भाजपा, अनवार मलिक, अमानत, इकबाल अहमद, हाफिजुर रहमान, जीशान अहमद, सरफराज अहमद आदि उपस्थित थे।

# बुद्धिजीवी ही आगे बढ़ा रहे देश

कार्यक्रम

- भारतीय वैश्य संघ के पदाधिकारियों ने किया प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारतीय वैश्य संघ के पदाधिकारियों ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन कर अपने-अपने विचार रखे। भाजपा प्रत्याशी ने सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में बुद्धिजीवियों को स्थान दिया गया था। इससे हर क्षेत्र में देश का विकास हो रहा है।

बुधवार को रामनगर रोड स्थित एक होटल में भारतीय वैश्य संघ के पदाधिकारियों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री व भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के साथ प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया। अजय भट्ट ने सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि सभी जगहों पर बुद्धिजीवियों की जरूरत है।

बुद्धिजीवियों की वजह से ही देश आज आगे बढ़ रहा है। केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने कहा कि वे काशीपुर के विकास व खुशहाली के लिए समर्पित हैं। पीएम मोदी ने देश को विश्व की तीसरी महाशक्ति बनाने की गारंटी दी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रदेश को देश का अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

इस मौके पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, दीपक बाली, रविपाल, ऊषा चौधरी, राम मेहरोत्रा, शक्ति अग्रवाल, सुमित अग्रवाल आदि मौजूद थे।


सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को सम्मानित करते आयोजक।

# पूर्व चेयरमैन भाजपा में शामिल


भाजपा में शामिल नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन कावल सिंह विर्क व अन्य जनप्रतिनिधि।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा है।

बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय देहरादून में उत्तराखंड राज्यसभा सांसद नरेश बंसल व अल्पसंख्यक आयोग पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने नपं पूर्व चेयरमैन कावल सिंह विर्क सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर बाजपुर मंडी समिति चेयरमैन दीदार सिंह कंबोज, किसान सहकारी समिति के पूर्व संचालक हरजीत सिंह विर्क, रामनगर ग्राम प्रधान बलवीर सिंह, सुरजीत सिंह, जसविंदर सिंह, जगदीश सिंह, कश्मीर सिंह, भगवत सिंह, गुरदेव सिंह, रिशिपाल सिंह, संजीव बढ़ी, काली मजूमदार सहित दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### चुनाव प्रचार थमते ही समर्थक सोशल मीडिया पर सक्रिय

**काशीपुर :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार थम गया है। इसके बाद प्रत्याशियों ने वोट की अपील के लिए डोर-टू-डोर जनसंपर्क के साथ ही सोशल मीडिया का सहारा लेना शुरू कर दिया है। वहीं मंगलवार रात से अंतर्राज्यीय बॉर्डर भी सील कर दिए हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड में शुक्रवार 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होना है।

इसके लिए मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले यानी 17 अप्रैल की शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार का सिलसिला थम गया है। इसके बाद प्रत्याशी डोर-टू-डोर प्रचार कर सकेंगे। साथ ही अंतर्राज्यीय बॉर्डरों को भी सील कर सख्ती बढ़ा दी जाएगी।

# चुनाव प्रचार को लेकर भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने

- बाल्मीकि बस्ती में बेरिकेड लगाकर कांग्रेसियों को रोकने पर हुआ हंगामा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** नगर के मध्य स्थित बाल्मीकि बस्ती में प्रचार करने पहुंचे कांग्रेसियों को बेरिकेड लगाकर रोकने का प्रयास किया गया। इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तू-तू, मैं-मैं होने लगी। घटना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए रास्ता खुलवाया।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर सहित दर्जनभर से अधिक कार्यकर्ता मंगलवार देर शाम बाल्मीकि बस्ती में चुनाव प्रचार करने पहुंचे तो रास्ते में बेरिकेड लगाकर भाजपा समर्थकों ने उन्हें बस्ती में जाने से रोक दिया। इसको लेकर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। वहीं विवाद का पता चलते ही कार्यकर्ताओं की संख्या भी बढ़ने लगी। जानकारी मिलते ही बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बेरिकेड हटवाने का प्रयास किया लेकिन भाजपा कार्यकर्ता विरोध करते रहे जबकि कांग्रेसी बस्ती में जाने की जिद में अड़े रहे। बाद में चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को समझाकर कांग्रेसियों को बस्ती में प्रचार करने को कहा। इसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बस्ती में प्रचार किया और चले गए। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से नारेबाजी चलती रही। इस संबंध में पूछने पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भटनागर ने कहा कि बाल्मीकि बस्ती में उनका पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था जिसके लिए वह जा रहे थे। विपक्षी लोगों ने रास्ता बंद कर रखा था और जाने से मना कर रहे थे। बाद में पुलिस के आने के बाद उन्होंने प्रचार किया। वहीं भाजपा नेता संतोष गौरव ने बताया कि कांग्रेसी जब प्रचार करने आए तो बस्ती के लोगों ने यह कहते हुए उन्हें रोक दिया कि कांग्रेस ने किया ही क्या है। इसको लेकर विवाद हुआ।


खटीमा में चुनाव प्रचार को लेकर बहस करते भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# 50 प्रतिशत स्थलों की होगी बेवकास्टिंग, लगेंगे वेब कैमरे

**रुद्रपुर :** सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने बेवकास्टिंग कंट्रोल कक्ष में बेवकास्टिंग का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों की बेवकास्टिंग होनी है। सभी बूथों पर बेव कैमरे इस तरह से लगाए जाएं कि मतदान की पूर्ण प्रक्रिया दिखे। साथ ही मतदान की गोपनीयता बनी रहे। उन्होने कहा कि 50 प्रतिशत बूथों के मतदान प्रक्रिया पर वेबकास्टिंग के माध्यम से सीधे भारत निर्वाचन के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग की भी सीधी नजर रहेगी। इसलिए सावधानी के साथ व सही जगह कैमरे स्थापित किया जाएं। इस दौरान उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रुहेला आदि मौजूद थे।

### मतदान कार्मिकों का अंतिम रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**रुद्रपुर :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व सफल बनाने के लिए सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह की उपस्थिति में 125 माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय एवं 5773 मतदान कार्मिकों का अंतिम रेंडमाइजेशन जिला कार्यालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में किया गया। बुधवार को सामान्य प्रेक्षक ने बताया कि तृतीय रेंडमाइजेशन से मतदान कार्मिकों को बूथ आवंटित हुए हैं। जनपद में 1465 कुल मतदेय स्थल हैं जिसमें से 18 पिंक बूथ हैं और 647 बूथ पर्दानशी शामिल हैं। इनमें कुल 5773 पुरुष कार्मिक तैनात किए गए हैं, जबकि पिंक बूथ में 72 महिला कार्मिक के साथ ही 144 रिजर्व में रखे गए हैं। इसी तरह पर्दानशी बूथों पर 647 महिला कार्मिक लगाई गई हैं व 184 रिजर्व में रखे गए हैं।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### खोया-पाया

सूचित किया जाता है कि मैं **श्रीमती पुष्पा देवी** पत्नी स्व. श्री सुखेन्द्र सिंह निवासी असगरपुर पोस्ट नगला नान, जिला-फरुखाबाद (यूपी) की हूं। मेरा प्लाट जो कि फुलसंगी रुद्रपुर उ.सि.नगर में है। जिसकी पुरानी रजिस्ट्री यानी कि जो रजि. मैने कराया है उनकी पुरानी रजि. मुझसे कहीं घर के रखरखाव में खो गयी है जिसका विवरण इस प्रकार है- ग्राम- फुलसुंगी, तह. रुद्रपुर, जिला- उ.सि.नगर श्री महेन्द्र सिंह बिष्ट S/o श्री उमेद सिंह बिष्ट (विक्रेता) व श्रीमती नीलम वर्मा W/o श्री सुनील वर्मा (क्रेता) खेत न.-76 मिन, रकबा- पैमाईश 30×60=1800 वर्ग फिट यानि की 167.28 वर्ग मी. जो कि सब रजिस्टार किच्छा में बुक न.-1, जिल्द न. 619, पेज न. 15 से 28 सीरियल न. 4923, दिनांक 17.06.2011 में रजि. की गयी है। मेरा अनुरोध है कि जिसे भी यह रजि. मिले वह हमारे वकील **श्री मनोज सिंह बिष्ट** (B.Com, LLB, CA) जिनका **मो. 9412128233, 9759228288** पर सम्पर्क करे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# नेपाल जाने वाले रास्ते किए गए सील

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारत नेपाल बॉर्डर बीते दिवस सील करने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सीमा पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। यूपी की ओर से आने वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं नेपाल सीमा को जीरो जोन घोषित किया गया है।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत नेपाल सीमा को मंगलवार शाम पांच बजे से 19 अप्रैल शाम छह बजे तक के लिए पूरी तरह से सील कर दिया गया है।

चुनाव आयोग की गाइड लाइन के तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में सीमा के आर पार नहीं जा सकता है। इधर उत्तर प्रदेश की सीमा पर सत्रहमील और झनकईया से पूरनपुर को आवागमन करने वाले वाहनों की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में पूछने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल कुमार ने बताया कि नेपाल सीमा पूरी तरह से सील है और इस सीमा पर कोई भी इधर से उधर नहीं जा सकता है।


सील किए गए रास्ते पर तैनात एसएसबी और पुलिस के जवान।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## सरकारी भूमि पर मकान बनाते पकड़ा

**खटीमा:** पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा के निकट सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बनाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। नेपाल सीमा के निकट मेलाघाट रोड के मध्य से नेपाल और यूपी को जाने वाली सड़क के किनारे तिकोनिया के पास सिसैया, मेलाघाट निवासी जुल्फिकार अपना मकान बना रहा था।

16 अप्रैल को जांच के दौरान झनकईया थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने जुल्फिकार से जमीन के कागजात दिखाने को कहा तो वह वैध कागजात नहीं दिखा सका। पुलिस के मुताबिक उक्त व्यक्ति सरकारी सम्पत्ति पर अवैध तरीके से कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहा था। निर्माण सामग्री भी सड़क पर बिखरी हुई थी, इससे आवागमन बाधित हो रहा था। पुलिस ने ईटों को कब्जे में लेकर आरोपी जुल्फिकार पर केस दर्ज कर लिया है।

### तहसील, नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारियों की ड्यूटी चुनाव में लगने से नहीं हो रहे लोगों के काम

# चुनावी ड्यूटी में अफसर, काम नहीं होने से परेशानी

**मुश्किल**

- तहसील में विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने आ रहे लोग, अधिकारियों के नहीं मिलने पर बैरंग लौट रहे

संवाददाता, काशीपुर


चुनाव ड्यूटी में अधिकारियों के जाने के बाद बंद कार्यालय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अफसरों व कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील, नगर निगम के अधिकांश कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। इससे प्रमाण पत्र बनवाने दूरदराज से पहुंचने वाले लोग मायूस होकर लौट रहे हैं।

19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के तहत मतदान होगा। इसके लिए सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार को राम नवमी में भी कर्मचारी मतदान बूथों पर ड्यूटी करते नजर आए। लेकिन चुनावी माहौल में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचनाल गांजी की निर्मला देवी, रम्पुरा की कमला, गौशाला के विवेक सिंह, कृपाल सिंह ने बताया कि उनका आय प्रमाण पत्र बनना है। वे रोजाना तहसील आ रहे हैं, लेकिन संबंधित कर्मचारियों के नहीं मिलने से प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। वहीं नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी भी चुनाव में लगाई गई है। इससे निगम में अपनी समस्याएं लेकर आने वाले लोग बैरंग लौट रहे हैं। बताया कि कई ऑफिसों में अधिकारी तक नहीं मिलते हैं। इससे ऑफिस बंद दिखाई देते हैं।

**शिक्षा व्यवस्था भी हुई चौपट**

**काशीपुर :** बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू ने बताया कि 80 प्रतिशत शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है। बताया कि इससे पठन पाठन का कार्य प्रभावित हो रहा है। बताया कि सुबह शिक्षक चुनाव ड्यूटी में निकल जाते हैं। ऐसे में स्कूल में तैनात एक या दो शिक्षक ही पूरे बच्चों को पढ़ाने का प्रयास करते हैं।

**चुनाव व चैती मेले की जिम्मेदारी भी चुनौती**

**काशीपुर :** चुनाव ड्यूटी के साथ ही प्रशासनिक, पुलिस व नगर निगम के अधिकारी चैती मेले की भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एसडीएम खुद मेले में नजर बनाए हुए हैं। वहीं नगर निगम के नगर आयुक्त विवेक राय भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनका कहना है कि अधिकांश कर्मचारी की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है।



"चुनाव में अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। समय निकाल कर लोगों की समस्याओं को दूर करने को कहा गया है। मेले में भी लोगों की सुरक्षा व सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। चुनाव के बाद लंबित कार्य जल्द निपटाए जाएंगे। **-अभय प्रताप सिंह**, एसडीएम।

# ठगी का आरोपी तांत्रिक पुलिस के हवाले किया

संवाददाता, रुद्रपुर

- परिवार को डराने और धमकाने का है आरोप

**अमृत विचार:** आवास विकास चौकी इलाके में पारिवारिक कलह को तंत्र-मंत्र के जरिए ठीक करने का मामला सामने आया है। आरोप था कि तांत्रिक ने पहले छह हजार रुपये ऐंठ लिए और जब दोबारा पैसा देने से इंकार किया तो वेश बदलकर परिवार को डराने व धमकाने लगा। लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वार्ड-33 निवासी मलखान अपने परिवार के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि अक्सर परिवार में कलह की स्थिति रहती है। इसको ठीक करने के लिए उसने सुभाष कॉलोनी के एक तांत्रिक से संपर्क किया। आरोप था कि तांत्रिक ने 11 हजार रुपये में सौदा किया और छह हजार रुपये एडवांस लिए।

आरोप था कि जब कोई लाभ नहीं मिला तो पीड़ित परिवार ने तांत्रिक के यहां जाना बंद कर दिया। इस पर आरोपी वेशभूषा बदलकर पीड़ित के घर जगतपुरा पहुंचा और पैसों की मांग करने लगा। जब परिवार ने इंकार कर दिया तो तंत्र-मंत्र के जरिए डराने व धमकाने लगा। यह देखकर पड़ोसी एकत्रित हो गए। आरोपी को पकड़ कर आवास-विकास पुलिस के हवाले कर दिया। उधर चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा ने बताया कि प्रकरण की कोई तहरीर नहीं आई है। बावजूद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर जांच कर रही है।

# बाबा अनूप सिंह को नामजद करने से भड़के समर्थक, प्रदर्शन किया

### बाबा तरसेम हत्याकांड में साजिश के तहत फंसाने का आरोप, मार्च निकालकर सभा की

संवाददाता, गदरपुर



गदरपुर के रतनपुरा नवाबगंज में आक्रोश मार्च निकालते बाबा अनूप सिंह के समर्थक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में नामजद आरोपित बाबा अनूप सिंह के पक्ष में हजारों लोगों ने आक्रोश मार्च निकाला। लोगों का कहना था कि बाबा अनूप सिंह को बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में एक साजिश के तहत फंसाया गया है।

28 मार्च को नानकमत्ता गुरुद्वारे के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दो मुख्य आरोपितों के अलावा तीन अन्य लोगों को नामजद किया गया था। इसमें नवाबगंज स्थित हरगोविंद सिंह गुरुद्वारे के जत्थेदार बाबा अनूप सिंह को भी नामजद किया गया है। बाबा को नामजद किए जाने से उनके समर्थकों में आक्रोश है। बुधवार को रतनपुरा नवाबगंज में सैकड़ों लोगों ने लखविंदर सिंह के नेतृत्व में बाबा अनूप सिंह के समर्थन में मार्च निकाला। इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच करने और बाबा अनूप सिंह का नाम आरोपितों में से हटाने की मांग की। संचालन मलकीत सिंह बाजवा ने किया। इस मौके पर अमर सिंह, नवदीप सिंह, कश्मीर सिंह, लखविंदर सिंह, गुरबाज सिंह, बलजीत सिंह, डॉ दलजीत सिंह, परमजीत सिंह, गुरिंदर सिंह, जसविंदर सिंह, जितेंद्र मिगलानी, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।


सभा में पहुंचे सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

**उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश के कई जिलों से पहुंचे समर्थक**

**गदरपुर :** बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में आरोपित बाबा अनूप सिंह के समर्थन में निकाले गए मार्च में उत्तराखंड उत्तर प्रदेश के कई जिलों से सैकड़ों समर्थक शामिल हुए। मार्च में पीलीभीत, बिजनौर, रामपुर, ऊधमसिंह नगर, अफजलगढ़, बरेली, जसपुर, काशीपुर से लोग पहुंचे थे।

## मायके में रह रही विवाहिता की मौत

**बाजपुर:** मायके में रह रही विवाहिता को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बताया जाता है कि जहरीले पदार्थ का सेवन करने से महिला की मौत हुई है।


बीना।

वार्ड नंबर-5 गूलरभोज गदरपुर निवासी बीना (35) की शादी करीब 12 साल पहले नई बस्ती गूलरभोज निवासी शंकर से हुई थी। शादी के करीब चार साल बाद सड़क हादसे में उसकी मृत्यु हो गई थी। वर्ष 2023 में बीना ने सूरज फार्म बिलासपुर रोड रुद्रपुर निवासी नागेंद्र मंडल के साथ दूसरी शादी कर ली। बताया जाता है कि दूसरे पति से दहेज को लेकर विवाद हुआ तो लगभग 12 दिन पहले वह मायके में आकर रहने लगी। मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे अज्ञात कारणों से तबियत खराब हो गई। परिजन उसे सरकारी अस्पताल बाजपुर लाए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। वह अपनी तीन बेटियों को रोते बिलखते हुए छोड़ गई है।

# स्टोन क्रशर चलाना है तो देने होंगे पांच लाख

संवाददाता, काशीपुर

**आरोप**

- हरजीत काला के नाम से स्टोन क्रशर स्वामी को मिली रंगदारी की धमकी
- महल सिंह हत्याकांड के आरोपी की जमानत के लिए मांगी गई रकम, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में स्टोन क्रशर चलाने के लिए क्रशर स्वामी से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। रंगदारी महल सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी कनाडा में बैठे हरजीत सिंह काला के नाम से मांगी गई है। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जय स्टोन क्रशर के स्वामी ग्राम गुलजार निवासी चरनजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 15 अप्रैल की सुबह लगभग 10.28 बजे उनके फोन पर एक विदेशी नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई। कॉलर ने स्वयं को हरजीत सिंह काला बताया। साथ ही कॉलर ने कहा कि मेरे इलाके में स्टोन क्रशर चलाना है, तो पांच लाख रुपये की रंगदारी देनी होगी। यह धनराशि महल सिंह हत्याकांड के आरोपी प्रभजोत पन्नू की जमानत के लिए भगत सिंह उर्फ भगत प्रधान निवासी गुलजारपुर के घर पर 30 अप्रैल से पहले भेजने को कहा।

रुपये नहीं भिजवाने पर धमकी दी कि बंदूक भी मेरी और गोली भी मेरी होगी। इस पर पीड़ित ने स्टोन क्रशर के अपने पार्टनर से बात करने को कहा, तो कॉलर ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि कॉलर ने उनके पार्टनर को भी दो बार कॉल किया। फोन नहीं उठाने पर उनको वायस मैसेज भेज पांच लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी दी।

पीड़ित ने आरोपी भगत प्रधान पर कई गंभीर आरोप भी लगाए और आरोपियों से जानमाल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने तहरीर अनुसार हरजीत सिंह काला, भगत सिंह और प्रभजोत पन्नू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के माल सहित दो आरोपियों को दबोचा

**किच्छा:** चीनी मिल कॉलोनी क्षेत्र में पूर्व सभासद के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोरी के दो आरोपियों को पकड़कर माल को बरामद किया। आरोपियों को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे वार्ड वासियों ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। पूर्व सभासद एवं स्थानीय निवासी लियाकत अली की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पूर्व सभासद लियाकत अली ने बताया कि चोरों द्वारा विगत रात्रि उनकी किराने की दुकान के बाहर रखी लकड़ी की बेंच तथा पड़ोसी सुरेश ठाकुर की चाय की दुकान से लोहे की बेंच एवं भीम सिंह की दुकान से लकड़ी की बेंच को चुरा लिया गया था।

चोरों ने चीनी मिल सुलभ शौचालय में लगी एक दर्जन पानी टोंटी भी चुरा ली थीं। घटना के बाद जब स्थानीय लोगों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश की तो रात्रि करीब 3 बजे दो संदिग्ध युवक वार्ड में आवाजाही करते नजर आए। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने दोनों संदिग्धों को बंडिया नहर के पास पकड़ लिया और पूछताछ की। आरोपी बंडिया थाना किच्छा निवासी प्रेम प्रकाश तथा अनुराग शुक्ला की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लिया।

# कलह से क्षुब्ध युवक ने की थी खुदकुशी

संवाददाता, रुद्रपुर


सुशील पाल।

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर इलाके के संजय वन में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त सुशील पाल निवासी आदर्श इंदिरा कॉलोनी के नाम से हुई है। बताया जा रहा है कि गृह क्लेश के चलते युवक मानसिक अवसाद से गुजर रहा था और छह अप्रैल से गायब था।

16 अप्रैल की देर शाम को वन विभाग की टीम ने थाना पंतनगर पुलिस को संजय वन के घने जंगल के बीच पेड़ पर एक युवक का शव लटका होने की सूचना दी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पाया कि 32 वर्षीय युवक ने गले में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। काफी प्रयासों के बाद भी युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। बुधवार की सुबह अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त 32 वर्षीय सुशील पाल के नाम से हुई। मृतक के पिता तपन पाल ने बताया कि बेटा प्रिंटिंग प्रेस की दुकान पर कार्य करता था और कुछ साल पहले प्रेम विवाह किया था। पति और पत्नी के बीच अक्सर अनबन रहती थी और कई बार हाथापाई तक हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि दो माह पहले उसकी बहू नाराज होकर चली गई। तभी से युवक मानसिक तनाव से गुजर रहा था।

6 अप्रैल को सुशील अचानक घर से लापता हो गया था। इसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज करवाई थी। मृतक के दो बेटे व एक बेटी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**खटीमा:** पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दो साल तक शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की भी लगातार धमकी दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

पीड़िता ने 12 अप्रैल को सत्रह मिल पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया था कि उसका 2022 में एक अमन नाम के युवक से पहचान हुई और फिर वह शादी करने का आश्वासन देने लगा। लेकिन अभी तक वह शादी को तैयार नहीं हुआ। अब पता चला है कि युवक ने न केवल अपना नाम बल्कि धर्म भी छुपाया है। पीड़िता ने कहा है कि 2022 से अब तक उसने बार-बार शारीरिक संबंध बनाए हैं। यह भी कहा है कि वह हमेशा अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 376/504/506 आईपीसी और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मंगलवार को चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने टीम के साथ आरोपी नबदिया निवासी अलाउद्दीन हुसैन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# व्याख्याता पर परीक्षा में भाई को लाभ पहुंचाने का आरोप

- आंतरिक जांच के बाद दोनों भाइयों पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** प्राविधिक शिक्षा परिषद रुड़की द्वारा संचालित शीतकालीन सेमेस्टर परीक्षा 2022-23 की उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में अपने सगे भाई को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के व्याख्याता के खिलाफ कोतवाली में पॉलिटेक्निक काशीपुर के प्रधानाचार्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में आरोपी के भाई पर भी नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

काशीपुर राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य बीपी सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि प्राविधिक शिक्षा परिषद रुड़की द्वारा संचालित शीतकालीन सेमेस्टर परीक्षा 2022-23 के काशीपुर पॉलिटेक्निक के मूल्यांकन केंद्र में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के व्याख्याता सचिन सक्सेना को सह उप नियंत्रक नामित किया गया था। उनके द्वारा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन का कार्य भी किया गया। इसी वर्ष उनके सगे भाई नितिन सक्सेना ने रुड़की केंद्र से मैकेनिकल इंजीनियरिंग के पंचम सेमेस्टर की परीक्षा दी है। आरोप है कि व्याख्याता सचिन ने उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में अपने भाई को अनुचित लाभ पहुंचाया। आंतरिक जांच समिति ने इन आरोपों की पुष्टि की। व्याख्याता सचिन सक्सेना का तबादला गोपेश्वर कर दिया गया था। इसके क्रम में प्रधानाचार्य की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व्याख्याता सचिन सक्सेना निवासी गोपेश्वर, चमोली और उसके भाई नितिन सक्सेना निवासी केएलपी, रुड़की, गंगनहर, हरिद्वार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in



जसपुर में प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं।

### जसपुर में रामनवमी पर की गई पूजा अर्चना

**जसपुर :** रामनवमी पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। साथ ही अपने घरों में कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया।

चैती मंदिर पहुंचने लगे बुक्सा समाज के लोग, 137 गांव के लोग आते हैं मां बाल सुंदरी के दर्शन करने

# मां बाल सुंदरी को कुलदेवी के रूप में पूजते हैं बुक्सा

चैती मेला

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार:** मां बाल सुंदरी देवी से सभी लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। बुक्सा समुदाय के लोग भी देवी में अटूट आस्था रखते हैं। मां बाल सुंदरी देवी को अपनी कुलदेवी मानते हैं और उन्हें पूजने के लिए चैती मंदिर आते हैं। तराई से 137 गांव के 50 हजार से अधिक बुक्सा समाज के लोग देवी के दर्शन करेंगे।

बुधवार को दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों में बुक्सा समुदाय के लोग चैती मेले में पहुंचे। समुदाय के लोगों के अनुसार मां बाल सुंदरी बलूचिस्तान में स्थापित मां हिंगलाज भवानी का ही स्वरूप हैं। भोजवंश कालांतर में दो शाखाओं में विभाजित हो गया था। एक मालवा का शासक तो दूसरा धार नगर शासक बना। मालवा के शासकों ने अपने राज्य का विस्तार किया। दोनों राज्यों के संबंध काफी घनिष्ठ रहे और दोनों ही शत्रुओं का मिलकर मुकाबला करते रहे। 13वीं सदी में अलाउद्दीन खिलजी ने सैनिकों के साथ मालवा पर आक्रमण कर दिया। मालवा के राजा महलक देव और धार के राजा उदयजीत सिंह ने मिलकर मुकाबला किया। खिलजी की सेना के सामने महलक देव की सेना टिक नहीं पाई। बताते हैं कि महलक देव मारे गए। कुछ दिन बाद ही खिलजी ने धार पर भी हमला बोल दिया। राजा उदयजीत सिंह के भाई जगत सिंह के संरक्षण में रामपुर के पीपली जंगल आ गए। जहां माता हिंगलाज के बाल रूप मां बाल सुंदरी की प्राण प्रतिष्ठा की। माता के मठ में गोकशी का प्रयास करने पर मां मठ की दीवार तोड़ते हुए काशीपुर के उज्जैन में आ गईं।



चैती मेले में पहुंचे बुक्सा समुदाय के लोग। ● अमृत विचार



परिसर में राजा जगत सिंह की प्रतिमा।

### राजा जगत सिंह के नेतृत्व में आए थे लोग

**काशीपुर :** चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि चैत्र मास की नवमी व दशमी के दिन बुक्सा जनजाति के हजारों लोग अपनी कुलदेवी के दर्शन करने आते हैं। राजा जगत सिंह के नेतृत्व में सनातनी परंपरा व राजपूताना संस्कृति की रक्षा के लिए तराई में आकर बसे थे। मेला परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई।

### बुक्सा जनजाति है राजा भोज की वंशज

**काशीपुर :** पहले बुक्सा समाज के लोग बैलगाड़ी से चैती मेले में आते थे। अब ट्रैक्टर ट्रॉलियों से आते हैं। बुक्सा जनजाति के लोग राजा भोज की वंशज हैं। मेले में ट्रैक्टर ट्रॉलियों के खड़े होने के स्थान पर अन्य चीजों को लगाया जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी है।

# मां अंबे के जयकारों से गूंज उठे शहर के देवी मंदिर

## रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, लोगों ने कन्याओं का पूजन किया, जगह-जगह भंडारे आयोजित



रुद्रपुर में मां अटरिया के दर्शन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



दिनेशपुर के दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी पर हवन में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर आस्था में पूरा शहर सराबोर हो गया और सुबह से मंदिरों में मां अंबे की आराधना की गई। साथ ही श्रद्धालुओं ने रामनवमी पर देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया और भोजन कराया।

बताते चलें कि 9 अप्रैल से नवरात्रि की शुरुआत हुई और 17 अप्रैल को रामनवमी थी। अष्टमी के मौके पर जहां तराई भाबर में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन करवाकर पूजन किया था। वहीं बुधवार को रामनवमी पर शहर के मुख्य पांच मंदिर, दुर्गा मंदिर, शिव शक्ति मंदिर के अलावा वार्ड में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा। इसके अलावा जगतपुरा स्थित प्राचीन अटरिया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता रहा और देवी भक्तों ने मां अटरिया की आराधना की। वहीं प्रसाद का वितरण किया। मंदिर में लगी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर की महंत पुष्पा देवी ने बताया कि सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रामनवमी के बाद अटरिया मेले की शुरुआत हो जाएगी। मंदिर प्रांगण में फिलहाल प्रसाद की दुकानें लगनी शुरू हुई है। जैसे ही प्रशासन से मेला लगाने की अनुमति प्रदान होगी। भव्य मेला प्रारंभ हो जाएंगा। बुधवार को रामनवमी पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर पूजन भी किया।

### मां बसंती की आराधना के लिए उमड़े श्रद्धालु

**दिनेशपुर :** महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय बसंती पूजा महोत्सव के चौथे दिन महामाई की महानवमी पूजा कार्यक्रम आयोजन हुआ। इस दौरान हवन- यज्ञ में मुख्य पुरोहित बनमाली चक्रवर्ती ने 108 बेलपत्र आहुति देकर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ महानवमी पूजा संपन्न कराई। बुधवार को दुर्गा मंदिर परिसर में हुई मां बसंती (दुर्गा) पूजा महोत्सव का महानवमी पूजा संपन्न हुई। इससे पूर्व मुख्य पुरोहित बनमाली चक्रवर्ती ने वैदिक मंत्रोच्चरण के बीच गणेश, दुर्गा (बसंती), कार्तिकेय, सरस्वती, लक्ष्मी आदि देवी- देवताओं की प्रतिमाओं को स्नान कराकर माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर पूजा- अर्चना की। तत्पश्चात 108 बेलपत्र, दुर्वा व हवन सामग्री से हवन में अंतिम आहुति देकर अग्नि को शांति का मंत्र पाठ कर शांत कराया। पुष्पांजलि के दौरान मंदिर परिसर में बैठे श्रद्धालुओं ने मां से अपने परिवार की सुख- शांति व समृद्धि की कामना की। इस मौके पर नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, कांग्रेस नेत्री ममता हालदार, सुनीता मिस्त्री, हेमा चक्रवर्ती, शिखा ढाली, मीना राय, रमा गोस्वामी, उर्मिला मंडल, प्रभा राय, प्रमिला मंडल, श्रीति राय, मीना मंडल, पल्लवी गाईन, अनिंदिता सरकार, अनादिरंजन मंडल, हिमांशु सरकार, गोपाल चक्रवर्ती, रवि सरकार, विचित्र मंडल,करुणा मल्लिक मौजूद रहे।



काशीपुर में राम प्रकट उत्साह पर शोभायात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

### राम नवमी पर काशीपुर में निकाली शोभायात्रा

**काशीपुर :** श्रीराम लीला कमेटी की ओर से राम नवमी पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा लीला ग्राउंड से होते हुए महाराणा प्रताप चौक, किला बाजार, मां मनसा देवी मंदिर, मुंशी राम चौराहा, डॉक्टर लाइन रतन रोड होते हुए रामलीला ग्राउंड में पहुंची। शोभा यात्रा में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, प्रधान प्रबंधक महेश चंद्र अग्रवाल, उप प्रबंधक मनोज कुमार, आकाश गर्ग, गगन कंबोज, विकास शर्मा, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष आशीष शर्मा, रितेश गर्ग, कृष्ण कुमार एडवोकेट, सौरभ अग्रवाल, राजेंद्र माहेश्वरी आदि मौजूद थे।

## कृष्णा देवी मंदिर में किया मां भगवती का जागरण

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** राम नवमी पर नगर स्थित माता कृष्णा देवी मंदिर में मां भगवती जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। घरों में मां दुर्गा स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उपहार भेंट किए गए।

बरेली मार्ग स्थित माता कृष्णा देवी मंदिर में मां भगवती जागरण में बाहर से आए गायक कलाकारों ने समां बांधा। वरिष्ठ भाजपा नेता लवी सहगल के आवास पर भी कन्या पूजन किया गया। कन्या पूजन में सोमराज सहगल, वीना रानी, मोनिका सहगल, ज्योति सहगल, सन्नी सहगल, राजू सहगल, नंदिका सहगल, सात्विक, नित्या आदि मौजूद रहे। लोगों ने कन्या पूजन कर उपवास का पारायण किया।

### बाजपुर में नवमी पर किया कन्या पूजन

**बाजपुर :** चैत्र नवरात्र पर्व के नवमी पर श्रद्धालुओं ने मां भगवती की अराधना की। साथ ही कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु स्थित देवी माता मंदिर में विशाल भंडारा हुआ। रात में मां भगवती का दरबार सजाया गया।



किच्छा में कन्या पूजन करते भक्त। ● अमृत विचार



ग्राम चकरपुर में नवमी पर प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



सिटी कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान।

### सिटी कॉन्वेंट में धूमधाम से मनाई रामनवमी

**खटीमा :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में रामनवमी एवं दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान तथा देवी स्वरूप में सजे धजे छोटे-छोटे बच्चे आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एकेडमिक डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, उपप्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडेय ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान तथा दुर्गा माता के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान बच्चों ने भजन, आरती, धार्मिक नृत्य आदि प्रस्तुत किए।



खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल के अभिषेक का स्वागत करता प्रबंधन।

### नोजगे के विजेता अभिषेक को किया सम्मानित

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल ( ट्विंकल मैम) में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए बालक एवं बालिका वर्ग की तीन किमी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसका शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विजेता प्रथम छह बालक एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें नोजगे पब्लिक स्कूल ( ट्विंकल मैम) के कक्षा 9वीं के छात्र अभिषेक राठौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 60 प्रयोगियों में छठवें स्थान पर रहा। विजेता अभिषेक का स्कूल प्रबंधन ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. विनय जैन, उपप्रधानाचार्य शैफाली अग्रवाल, रमेश सिंह रौतेला, जसविंदर पाल कौर, लवली सुनील, प्रियंका जोशी, अमित शर्मा, विमला जोशी आदि मौजूद थे।



रोड शो निकालते भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक अरोरा व कार्यकर्ता।

### आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने किया रोड शो

**रुद्रपुर :** लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के साथ विधायक शिव अरोरा ने मुख्य बाजार में रोड शो किया। भाजपा प्रत्याशी ने गल्ला मंडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और रोड शो की शुरुआत की। इस दौरान भट्ट का जगह-जगह फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर निवर्तमान मेयर रामपाल, विधानसभा प्रभारी प्रकाश हरबोला, भाजपा नेता वेद ठुकराल, राम प्रकाश गुप्ता, जसविंदर सिंह खरबंदा, भारत भूषण चुघ, ललित मिगलानी, गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजों, धीरेंद्र मिश्रा, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में प्रचार के आखिरी दिन रोड शो करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने भी झोंकी ताकत, निकाला रोड शो

**रुद्रपुर :** लोकसभा चुनाव में प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंकते हुए रोड शो निकाला। बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगराध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता गल्ला मंडी में एकत्रित हुए। रोड शो मुख्य बाजार से होता हुआ गांधी पार्क, अग्रसेन चौक, काशीपुर बाईपास मार्ग से कांग्रेस चुनाव कार्यालय पर आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर ममता रानी, मीना शर्मा, मोनिका ढाली, सपना गिल, सुनील आर्या, मोहन खेड़ा, संदीप चीमा, योगेश वर्मा, गोपाल भसीन, सौरभ चिलाना आदि मौजूद रहे।

अनदेखी — कई सालों से क्षतिग्रस्त है वैशाली कॉलोनी की मुख्य सड़क, लोगों की मांग पर भी सड़क नहीं बना रहे अधिकारी

# वैशाली कॉलोनी में सड़क बदहाल होने से लोग परेशान

करन सिंह, काशीपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में विकास मुद्दा बना हुआ है। पार्टियां उपलब्धियों के साथ ही दूसरों की कमियां गिना रही हैं। काशीपुर का वैशाली कॉलोनी के लोग विकास के मामले में कोसो दूर हैं। यहां के लोगों को न नेता और न ही जिम्मेदार अधिकारी बेहतर सड़क की सुविधा दे सके हैं। नगर निगम के दस नंबर वार्ड के लोगों का बदहाल सड़क पर चलना दूभर हो गया है।

नगर निगम वार्ड नंबर दस वैशाली कॉलोनी की प्रमुख सड़क 20 साल से खराब पड़ी है। स्थिति यह हो गई है कि सड़क उखड़ने के साथ ही गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बताते हैं कि सड़क पर बने गड्ढे हादसों का कारण बन गए हैं। लोग गिर कर चोटिल हो रहे हैं। 20 साल पहले यह सड़क पीडब्ल्यूडी ने बनाई थी। लेकिन नगर निगम में शामिल होने के बाद भी मार्ग की हालत नहीं सुधरी। हालांकि कभी कभार पिचिंग कर लाखों रुपये का बजट पास कर दिया गया। बावजूद इसके अभी तक इस सड़क की सुध किसी अधिकारी ने नहीं ली है। सड़क की बदहाली से राहगीरों को परेशानी तो हो ही रही है, लेकिन आस-पास के कारोबारी भी परेशान हैं। सड़क से उछलने वाले पत्थर कारोबारियों के शीशे तक को तोड़ रहे हैं।



वैशाली कॉलोनी की क्षतिग्रस्त सड़क। ● अमृत विचार



"सड़क में गड्ढे होने से ग्राहक नहीं आ रहे हैं। कई बार दुकान पर आए ग्राहकों की गाड़ियों के शीशे भी टूट गए हैं। कपड़ों पर धूल जम जाती है। कई बार कहने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है।
**-जितेंद्र राणा**, दुकानदार।



"बरसातों में सड़क पर पानी भर जाता है। इससे ग्राहक दुकान तक नहीं आ पाते हैं। इस रोड पर ई रिक्शे वाले भी आने से कतराते हैं। गड्ढों की वजह से यहां आने के लिए कोई तैयार नहीं होता।
**-सुनील राणा**, दुकानदार।



"सड़क जब भी बने, मगर गड्ढे तो भर देना चाहिए। गड्ढों की वजह से दुकान का शीशा भी टूट गया। जब कोई बड़ी गाड़ी तेजी में निकलती है तो उसके टायर से पत्थर उछल कर शीशे में लगते है। **-मोहम्मद यासीन**, दुकानदार।



"गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन सड़क पर गिर रहे हैं, कई लोग चोटिल हो चुके हैं। दो मंजिले पर भी धूल मिट्टी आकर जम जाती है। सड़क के नहीं बनने से सैकड़ों लोग परेशान हैं।
**-श्रीपाल सिंह**, दुकानदार।

# जसपुर में गेहूं के खेत में लगी आग

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** दो किसानों के खेत में आग लगने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

श्याम नगर हल्दुवा शिवराजपुर पट्टी, कुंडा, जसपुर क्षेत्र स्थित टीकाराम के खेत में मढ़ाई के लिए गेहूं का ढेर लगा हुआ था। इसमें अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। फायर यूनिट ने आग को फैलने से रोका। इससे आसपास के लगभग 8 एकड़ गेहूं की फसल बचा ली गई। टीकाराम ने बताया कि आग लगने से उसका लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ।

उधर, ग्राम मनोरथपुर जसपुर में जीवन सिंह के खेत में पड़े गेहूं के अवशेष नाल में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर स्टेशन जसपुर से तत्काल फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। फायर यूनिट ने आग को बुझाया। उक्त घटना स्थल पर पहुंची फायर यूनिट में रमेश चन्द्र, गोपाल प्रसाद, प्रमोद सिंह, बालम सिंह, दलबीर सिंह शामिल रहे।



जसपुर क्षेत्र में गेहूं के ढेर में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### काशीपुर में भी गेहूं का खेत जला

**काशीपुर :** गेहूं के खेत में लगी आग को फायर कर्मियों ने बुझाया। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। बुधवार को फायर कर्मियों को विजन वैली स्कूल के सामने गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद फायर कर्मी मौके पर पहुंचे, तो आग सुरजीत सिंह के गेहूं के खेत में लगी हुई थी। फायर कर्मियों ने आग को अन्य खेतों में फैलने से रोका। आग से हुए गेहूं के खेत में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फायर यूनिट में संदीप शर्मा, प्रकाश चंद, नमिता व रश्मि शामिल रहे।

# अल्मोड़ा से 133, पिथौरागढ़ से 63 पोलिंग पार्टियां रवाना

## पिथौरागढ़ जिले में धारचूला के नामिक स्थित मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए मतदान पार्टी को छह किमी चलना होगा पैदल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** 19 अप्रैल को लोकसभा के लिए मचतदान को देखते हुए जिलों से पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को अल्मोड़ा जिले से 133 और पिथौरागढ़ से 63 मतदान पार्टियों को मतदान केंद्रों की ओर रवाना किया गया।

बुधवार को रवाना टीमों में से पिथौरागढ़ जिले की धारचूला विधानसभा की नामिक मतदान केंद्र का पोलिंग पार्टी को छह किलोमीटर पैदल चलकर अपने बूथ तक पहुंचना होगा। बुधवार को अल्मोड़ा के राजकीय इंटर कालेज से जिले की जागेश्वर व अल्मोड़ा विधानसभाओं के लिए 65 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जबकि द्वाराहाट स्थित इंजीनियरिंग कालेज से जिले की सल्ट और रानीखेत विधानसभा के 68 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। दोनों केंद्रों में पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री बांटी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने चुनाव कार्मिकों से जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने की बात कही। इधर पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी ने बताया कि बुधवार को धारचूला के लिए 48, डीडीहाट के लिए 4 , पिथौरागढ़ विधानसभा के लिए 11 टीमों को रवाना किया गया है।


अल्मोड़ा के जीआईसी से रवाना होती पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार


पिथौरागढ़ में चुनाव सामग्री का निरीक्षण करते मतदान कर्मी। ● अमृत विचार

### कार्मिकों ने भी किया मतदान

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनावों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पूर्व मतदान कार्मिकों को पोस्टल बैलेट द्वारा फेसिलिटेशन सेंटरों में मतदान भी कराया गया। पिथौरागढ़ जिले की पोलिंग पार्टियों ने एसएलएम डिग्री कालेज और अल्मोड़ा जिले में कार्मिकों ने जीआईसी अल्मोड़ा और द्वाराहाट इंजीनियरिंग कालेज में अपने मत का प्रयोग किया।


पिथौरागढ़ में मतदान कर चुके कार्मिक।

### थमने से पहले भाजपा-कांग्रेस ने किया प्रचार

**रानीखेत :** लोकसभा चुनाव के प्रचार थमने से पहले बुधवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन महरा ने रानीखेत नगर में भ्रमण कर लोगों से जनसंपर्क किया। बुधवार को चुनावी प्रचार समाप्ति से पहले भाजपा कांग्रेस के लोगों ने गांव-गांव जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने कांग्रेस जनों के साथ नगर क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं प्रशासन के लोगों ने लोगों से आगामी 19 तारीख को बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।

### चम्पावत में 17 पोलिंग टीमें मतदान केन्द्रों को रवाना

**टनकपुर/ चम्पावत :** बुधवार को 344 पोलिंग बूथों वाले चम्पावत जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए 17 पोलिंग टीमें गोरलचौड़ मैदान से रवाना हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि अधिक पैदल दूरी वाली लोहाघाट सीट की 5 और चम्पावत सीट की 12 पोलिंग टीमें रवाना हो गई हैं। इन कर्मियों को तीन से 15 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी होंगी। शेष 327 मतदान टीम गुरुवार आज प्रस्थान करेंगी। चम्पावत विधानसभा सीट पर 159 तथा लोहाघाट सीट पर 185 मतदेय स्थलों में कुल 206753 मतदाता हैं। मतदान टीमों के साथ सुरक्षा बल का दस्ता भी रवाना हुआ। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, डिप्टी निर्वाचन अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम आकाश जोशी, रिंकू बिष्ट, सीओ वंदना वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चुनाव: 23 जोन, 75 सेक्टर व एक सुपरजोन में बांटा अल्मोड़ा जिला

▸▸ डीआईजी कुमाऊं व एसएसपी ने कार्मिकों को दिए दिशा निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षा के लिहाज से लोकसभा के अल्मोड़ा जिले को 23 जोन, 75 सेक्टर और एक सुपरजोन में बांटा गया है। बुधवार को पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पूर्व डीआईजी डा. योगेंद्र रावत और एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कार्मिकों की ब्रीफिंग कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन के लिए अल्मोड़ा जिले में कुल 920 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

निर्वाचन ड्यूटी में रवाना करने से पूर्व डीआईजी कुमाऊं डा. योगेंद्र रावत ने सभी जवानों को ईमानदारी, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा। कहा कि बूथ पर सुरक्षा हेतु नियुक्त समस्त बल सर्वप्रथम अपने ड्यूटी के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें एवं अपने पर्यवेक्षण अधिकारी का मोबाइल नंबर अपने पास अनिवार्य रूप से रखें। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि ड्यूटी के दौरान सभी जवान निर्धारित वर्दी में रहेंगे तथा मतदान केंद्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था पाए जाने पर तुरंत सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी देंगे। साथ ही मतदान केंद्र के अंदर मतदाता को अपने साथ मोबाइल, कैमरा अथवा अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र ले जाने की अनुमति नहीं देंगे।

कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की चूक सामने नहीं आनी चाहिए। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनीषा जोशी, एसडीएम द्वाराहाट सुनील कुमार, सीओ अनिल मनराल, जिला कमांडेंट होमगार्ड नितिन काकेरवान समेत अनेक अधिकारी और सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में चुनाव कार्मिकों को संबोधित करते पुलिस के अधिकारी। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा के रामशिला मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

# रामनवमी पर मंदिरों में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना हुई। जिस कारण जिले भर में स्थित देवी मंदिरों व भगवान श्री राम के मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।

पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन रामशिला मंदिर सुबह से ही श्रद्धालुओं से पटा रहा। कई घरों में नवरात्रि के व्रतियों ने कन्या पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की और अपने व्रत का पारायण भी किया। नगर के रघुनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर व अन्य राम मंदिरों में भी पूजा अर्चना हुई। लोगों ने विशेष पूजा अर्चना कर मां से सुखसमृद्धि का आशीर्वाद मांगा। नगर के ऐतिहासिक नंदादेवी मंदिर, त्रिपुरासुंदरी देवी, फलसीमा कालिका देवी मंदिर, शीतलादेवी, उल्कादेवी, बानणी देवी, मानिला देवी समेत जिले के कई मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### नवमी पर जगह-जगह कराया कन्या पूजन

**बागेश्वर :** नवरात्र व्रतधारियों ने नवमी को कन्या पूजन किया। इस मौके पर कुल पुरोहितों ने ऊँ दुर्गायै नम : का पाठ किया। भक्तों ने गरुड़, बागेश्वर, कपकोट, काफलीगैर, कांडा के देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की। नौ दिनों से चल रहे व्रतों का बुधवार को व्रतधारियों ने कन्या पूजन के साथ परायण किया। इस मौके पर नौ कन्याओं को भोजन कराया गया। उन्हें उपहार दिए और उनका आशीर्वाद लिया। घरों में भजन कीर्तन आयोजित कर व्रतधारियों ने लोगों को प्रसाद वितरित किया। जै मैया दुर्गा भवानी, जै मैया आदि भजन दिनभर गूंजते रहे। मां के भक्तों ने कोट भ्रामरी मंदिर में भी मां की पूजा की और हरेला चढ़ाया। इसके अलावा भक्तों ने चंडिका, उल्का, चक्रव्रतेश्वर, बैजनाथ, दिव्येश्वर आदि मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की।

### चिकित्सक मिल नहीं रहे, इमरजेंसी में लग रही भीड़

**अल्मोड़ा :** चिकित्सकों की कमी झेल रहे अल्मोड़ा में रोगियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को रामनवमी का अवकाश होने से रोगियों की परेशानी और बढ़ गई। दूरदराज से आए रोगियों ने अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों से उपचार करवाया। दिन भर इमरजेंसी में मरीजों की खासी भीड़ दिखाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चिकित्सकों की कमी और अवकाश के कारण रोगी परेशान रहे। मजबूरी में रोगियों को बड़े नगरों के निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ा।

## उत्तर प्रदेश

# नवगीतकार माहेश्वर तिवारी को नम आखों से दी अंतिम विदाई

▸▸ बीमारी के चलते मंगलवार को हुआ था निधन, मोक्षधाम में अंतिम संस्कार में जुटे साहित्यकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विख्यात साहित्यकार व नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में साहित्य प्रेमियों की आंखें नम हो गईं। बुधवार को रामगंगा विहार स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र समीर तिवारी ने मुखाग्नि दी। उनकी अंत्येष्टि के समय महानगर ही नहीं दूसरे शहरों से आए साहित्यकारों, कवियों, राजनेताओं ने श्रद्धांजलि देकर उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। साहित्य-संस्कृति व कला के साथ सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने उनके आवास गौर ग्रेसियस कॉलोनी और फिर मोक्षधाम पर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।


माहेश्वर तिवारी।

श्रद्धांजलि देने वालों में देहरादून से आए राष्ट्रीय गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, नई दिल्ली से वरिष्ठ गीतकार सुभाष वशिष्ठ, गाजियाबाद से नवगीतकार जगदीश पंकज, नोएडा से कवयित्री भावना तिवारी, काशीपुर से लेखिका ऋचा पाठक व गजलकार मनोज आर्य, ठाकुरद्वारा से शरीफ भारती के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कांग्रेस नेता असद मौलाई, सुधीर पाठक के अलावा कवि मंचों पर उपस्थिति दर्ज कराने वाले संजीव आकांक्षी, साहित्यकार डॉ. आर सी शुक्ला, डॉ. महेश दिवाकर, योगेन्द्र वर्मा व्योम, रामदत्त द्विवेदी, राजीव प्रखर, जिया जमीर, डॉ. मनोज रस्तोगी, उदय प्रकाश सक्सेना, फक्कड़ मुरादाबादी, विवेक निर्मल, मयंक शर्मा, राहुल शर्मा, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, काव्य सौरभ जैमिनी, धीरशान्त दास, योगेन्द्र रस्तोगी, ब्रजगोपाल व्यास सहित अन्य लोग शामिल रहे।


मुरादाबाद में नवगीतकार माहेश्वर तिवारी को श्रद्धांजलि देते एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कवि व साहित्यकार योगेंद्र वर्मा व्योम व अन्य।

### बागेश्वर में सर्पदंश से युवती की मौत

**बागेश्वर :** कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत कठायतबाड़ा निवासी एक युवती की सांप के डसने से मौत हो गई। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कठायतबाड़ा निवासी दीया डंगवाल पुत्री वीरेंद्र डंगवाल को मंगलवार शाम करीब पांच बजे सांप ने डस लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए, जहां उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। डॉ. लता बोरा व प्रीति यादव ने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई।

### पिथौरागढ़ की जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पर मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पिथौरागढ़ की जिला पंचायत अध्यक्ष के पति व पूर्व कार्यकारी जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र बोहरा के खिलाफ पिथौरागढ़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिला पंचायत पिथौरागढ़ के इंजीनियर अनिल जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वीरेंद्र बोहरा द्वारा उन पर कुछ पत्रावलियों पर जबरन दस्तखत करने का दबाव बनाने की कोशिश की और धमकाया। इंजीनियर अनिल जोशी ने कहा है कि जिन पत्रावलियों पर हस्ताक्षर करने के लिए बोहरा द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। वह अभी तक पूरी नहीं बनी हैं। तहरीर में अनिल जोशी ने कहा है कि पिथौरागढ़ जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी के पास वर्तमान में जिला पंचायत पौड़ी का प्रभार भी है। जिस कारण उनकी अनुपस्थिति में वह अपर मुख्य अधिकारी के चार्ज पर हैं। कोतवाल राजेश यादव ने बताया है कि तहरीर मिलने के बाद इस मामले में वीरेंद्र बोहरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व जिपं अध्यक्ष वीरेंद्र बोहरा का कहना है कि उन पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। अभियंता आम जनता के हितों से जुड़े मामलों को लटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं। ऐसे में लोगों के काम नहीं होने से वह उनसे जवाब मांग रहे हैं।

### शहर में आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**अल्मोड़ा :** लोकसभा निर्वाचन के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के मद्देनजर एसएसपी अल्मोड़ा ने नगर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। एसएसपी के निर्देश पर गुरुवार को करबला से मालरोड, टैक्सी स्टैड तिराहा, शिखर तिराहा, लक्ष्मेश्वर की तरफ सभी चौपहिया व भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जबकि माल रोड पर वन वे व्यवस्था पूर्व की तरह लागू रहेगी। हल्द्वानी, नैनीताल से पिथौरागढ़, कौसानी, रानीखेत, बागेश्वर व ताकुला जाने वाले भारी व हल्के वाहन बेस तिराहा, करबला, धारानौला से लक्ष्मेश्वर होते हुए जाएंगे। बागेश्वर, कौसानी, ताकुला, रानीखेत से हल्द्वानी जाने वाले भारी व हल्के वाहन लक्ष्मेश्वर से करबला तिराहा होते हुए जाएंगे। पिथौरागढ़ से हल्द्वानी जाने वाले भारी व हल्के वाहन एनटीडी से करबला तिराहा होते हुए गंतव्य की ओर जाएंगे।


### वर्ग पहेली-43

**बाएं से दाएं**

3. इबादत करने की जगह, इबादतगाह, मस्जिद-मंदिर आदि।
5. 1. लिखे हुए अक्षर, लिखाई, लिखावट 2. लिखी हुई बात, किसी विषय या मुद्दे पर गद्य में लिखित विचार आदि 3. निबंध, मज़मून।
6. 1. वर्णन 2. कथन।
7. 1. स्त्रियों द्वारा पैर में पहना जाने वाला एक प्रकार का घुंघरू वाला ज़ेवर, पाज़ेब, नूपुर 2. बांस की सीढ़ी।
9. प्रेस या छापेख़ाने में कंपोज़ की गई सामग्री रखने के लिए निर्मित धातु की एक लंबी आयताकार तश्तरी।
10. स्वर्ग का कुंड या हौज़।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विनिमय; अदला-बदली 2. हेर-फेर 3. परिवर्तन।
2. 1. एक रूप से दूसरे रूप में आना, परिवर्तन 2. आवागमन।
4. 1. घोड़े का खड़े खड़े पैर पटकते जाना, ज़मीन खूंदना 2. लांघना, छलांगना, कूदना 3. किसी कार्य या सेवा का प्रतिफल न मिलना, विवश होकर देखते रह जाना। (मु.) टापते रह जाना : वंचित रह जाना।
6. 1. घर, मकान 2. अंतरिक्ष, आकाश 3. (रामायण) एक वानर का नाम जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था 4. (महाभारत) एक राजर्षि का नाम जिनकी कथा द्रोण पर्व में है 5. एक असुर का नाम 6. गया नामक तीर्थ।
7. 1. एक प्राचीन भाषा पालि
8. 1. घुमाव, चक्कर 2. परिवर्तन, बदलना 3. क्रम, सिलसिला 4. चालाकी से भरी हुई, चाल या युक्ति 5. धोखे में रखना 6. घाटा सहना, नुकसान 7. दिशा, ओर 8. उलझन, झंझट




### वर्ग पहेली -42 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 यू | थ | ■ | ■ | 2 इ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 प | र | का | र | ■ |
| 4 ढी | ■ | ■ | ■ | रां | ■ | 5 दु |
| 6 ठ | कु | 7 रा | ई | त | ■ | नि |
| ■ | ■ | ज | ■ | ■ | ■ | या |
| 8 ख़ | री | दा | री | ■ | ■ | दा |
| ■ | ■ | न | ■ | 9 ह | ज़ा | री |

### सुडोकू -122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

### सुडोकू -121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17.31 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुए कार्यों में तेजी आयेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

**वृष:** आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

**मिथुन:** आज वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। करियर में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की ख़रीदारी कर सकते हैं।

**कर्क:** आज करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे, वो आपको आज करना पड़ सकता है।

**सिंह:** आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों की उन्नति होगी। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। अनावश्यक धन के अपव्यय पर नियन्त्रण करने में सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

**तुला:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। अपनी जीवनशैली को आप काफी ऐश्वर्यशाली कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में सुधार ला सकते हैं। अपने मित्रों से सलाह अवश्य लें।

**धनु:** आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर स्वयं ही भ्रमित हो सकते हैं।

**मकर:** आज आपकी परिस्थितियां काफी कमजोर रहने वाली हैं। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी हो सकती है। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल भरा हो सकता है।

**कुंभ:** आज आप काफी आध्यात्मिक प्रभाव में हो सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता देंगे।

**मीन:** आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। वैवाहिक जीवन में सामन्जस्य का कुछ अभाव हो सकता है। अपनी प्रशन्सा स्वयं करने से बचें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 07.57 तक तत्पश्चात मघा।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
तेरी कसम — सुबह : 10.41
ताल — रात : 09.25

**&pictures**
12th फेल — सुबह : 09.01
द लेडी किलर — रात : 09.03

**Sony Pix**
लाइट आउट — सुबह : 09.33
स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.38

**Zee Cinema**
वो सात दिन — सुबह : 11.30
राधे श्याम — रात : 08.45

**Colors Cineplex**
मीरा — सुबह : 11.23
आवारा पागल दीवाना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.45 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर! टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

चिंटू : तुम्हें पता है तुम मोबाइल से पैसे कमा सकते हो!
मिंटू : अरे वाह! जल्दी बताओ कैसे?
चिंटू : मोबाइल बेचकर।
चिंटू की बात सुनकर मिंटू सन्न रह गया...

सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है ।


## संपादकीय

# नहीं ले पा रहे लाभ

पिछले कुछ दशकों से देश में नौकरियों की कमी की समस्या है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगार और प्रच्छन्न बेरोजगारी के लिए बदनाम है। भारत में 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के चरण से गुजर रहा है। उधर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन या कोरिया की तरह जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। देश की तरक्की को लेकर हो रहे 'प्रचार' पर भरोसा कर भारत गलती कर रहा है। बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इसके लिए मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। जनसांख्यिकीय लाभांश किसी देश की जनसंख्या की संरचना में बदलाव के कारण होने वाली आर्थिक वृद्धि है, जो आमतौर पर प्रजनन और मृत्यु दर में गिरावट का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है।

कोई भी जनसांख्यिकीय लाभांश इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करती है या नहीं। इसके अलावा, किसी देश को मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश की मात्रा युवा वयस्कों की उत्पादकता के स्तर पर निर्भर करती है, जो बदले में, देश में स्कूली शिक्षा के स्तर, रोजगार प्रथाओं, समय और बच्चे पैदा करने की आवृत्ति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। जनसांख्यिकीय लाभांश बचत, श्रम आपूर्ति, मानव पूंजी और आर्थिक विकास के साथ पाया जा सकता है। भारत की अल्प-वित्त पोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे, क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। युवा आबादी की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। युवाओं के कल्याण की रक्षा करना आवश्यक है क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है।

# विश्व धरोहर दिवस पर सबाल्टर्न विरासत को भी बचाएं



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजन हिताय- सर्वजन सुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं।

आज 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के आयोजन के समय अपनी मूर्त और अमूर्त धरोहरों को याद करते हुए इन्हें बचाए रखने का संकल्प लिया जाता है। हमारा अधिकांश ध्यान भवनों पर केन्द्रित रहता है जबकि सभ्यताओं की तरक्की के दौर में वास्तुशिल्प से परे हरेक वह वस्तु -फिजिकल और नॉन-फिजिकल, धरोहर है जिससे मनुष्य जीवन और समाज के चरित्र पर गुणात्मक असर पड़ता रहा है। गायन, नृत्य, चित्रभाषा, किताब या नदी पर बनाया गया पुल, लिखने के लिए पुराने इंक पेन और एम्ब्रायडरी वाले परिधान भी मनुष्य के जीवन को गुणात्मक दृष्टि और जीवनशैली देने, दृश्य-स्वरुप गढ़ने और बौद्धिक आनंद के सृजन हेतु निर्मित्ति के दायरे में आते हैं। दिवस विशेष एक परंपरा की भांति गुज़र जाने दिए जाते हैं। कुछ संगठन एक निर्धारित दिवस पर एक आयोजन बेशक प्रभावी तरीके से करते हैं खासतौर से अगर यह उनके मैंडेट से संबंधित हो, लेकिन अन्य संगठन दूसरों से संबद्ध दिवस-आयोजन से बहुधा, ख़ास वास्ता नहीं रखते। ऐसा क्यों? 'वास्ते' का सवाल नैतिकता और प्रबंधन के नाके पर आकर अटक जाता है। संबंधित संस्थाओं को इन विशिष्ट अवसरों पर लोगों तक पहुंच बनाने के लिए आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, वेबकास्ट, यू-ट्यूब।

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं। ऑफिस की स्टाफ कौंसिल के निर्णय के अनुसार इनमें से विशिष्ट दिवसों को चिह्नित करके इनके बारे हम कार्यक्रम आयोजित करते थे। यह सब करने से आयोजनकर्ताओं का भी मानसिक स्तर ऊंचा उठता है। इसे आयोजित करने से आकलन किए जाने का एक सुअवसर मिलता है कि अभी तक एक फील्ड में जो भी किया उसे करने की जरूरत क्या थी और जो हुआ या किया गया इसके नतीज़न हमने एक क्षेत्र विशिष्ट में ऐसा क्या किया जिसे लोककल्याण, लोकज्ञान और संबद्ध घटनाओं को परखने में हमारे दृष्टिकोण

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

में गुणात्मक वृद्धि हुई। विषय स्टेटिस्टिक्स का हो या न्यूक्लियर फिजिक्स का, वायरल प्रोटीन्स की फोल्डिंग का है या फिर एस्ट्रोनॉमी विषय में ब्रह्माण्ड में तारों के जन्म या मृत्यु से संबंधित, गेहूं की नई नस्ल के विकास का है या पानी के पुराने आर्किटेक्चर से संबंधित, मनुष्य का इन्हें देखने और बरतने का अंदाज़ एथिक्स के बिना व्यर्थ है। मनुष्य निर्मित पुरातात्विक धरोहर के प्रति दिखाए-बरते गए नैतिक मानक संहिता में ठहराव है जबकि इन्हें गतिमान होना चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए काम करने की पद्धतियों में सुधार करने के लिए ऐसे विशिष्ट अवसर विमर्श हेतु उपयुक्त होते हैं जिनमें जनभागीदारी भी हो सकती है। अन्यथा बंद कमरों में आचार समितियों की बैठकों के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रहती, इसके बारे में मालूम नहीं होता।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

विश्व-धरोहर दिवस का आयोजन महानगरों में स्थित कुछ बड़े संस्थाओं के दायरे में सिमट जाता है। भारत के गांवों और कस्बों में निवास करने वाली एक बड़ी संख्या इसमें, पैसिव और एक्टिव दोनों तरह की, भागीदारी से छूट जाती है। विद्यालयों और कालेजों तक में विशिष्ट दिवसों पर विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते। गांवों और कस्बों में ऐसी अनेक वस्तुएं और विधाएं मौजूद रही हैं जिन्हें स्थानीय महत्व पर मान मिल सकता है जैसेकि प्रयाग में जमुना किनारे और गया में स्टेशन रोड पर शानदार धर्मशाला भवन एवं उत्तर प्रदेश में गंगा नहर पर 200 वर्ष या इससे पहले बनाये गए पुल, गांव में 75-100 वर्ष पहले की बनायी हुई एक हवेली और चौपाल के आलावा बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सदी पहले बरते जाने वाले वाले परिधान जिन पर शानदार कशीदाकारी हुआ करती। प्रचलन से बाहर हो गए खेती के हमारे औजार, गांव में मौजूद शानदार कलात्मक कुएं, एक बावड़ी, कुंड या पक्का तालाब, मंदिर और इसमें स्थापित देव मूर्ति, अन्य धर्मों के आस्था स्थल जो सदियों पुराने हो सकते हैं, हमारे साझा धरोहर हैं।

विविध प्रकार की धरोहर हमारे आसपास ही होती हैं, लेकिन इनकी पहचान और संरक्षण अत्यावश्यक है। इनके संरक्षण के लिए अनेक तरह का नया वैज्ञानिक ज्ञान, पद्धति और टूल्स हमारे पास अब मौजूद हैं। लेकिन जरूरत है इसके इस्तेमाल की और ऐसी पहल की जिससे सांस्कृतिक धरोहर जब तक संभव है, बचाई जा सके। दुनिया में कोई वस्तु या कला सदा के लिए तो नहीं रहती क्योंकि हरेक की एक निश्चित फिजिकल लाइफ होती है, लेकिन हम बेहतर देखभाल से इन्हें दीर्घायु तो कर ही सकते हैं।

धरोहर संरक्षण के प्रति देश में पर्याप्त निष्ठा है, संरक्षण के लिए तकनीकी क्षमता भी, लेकिन सियासत और धनाभाव के चंगुल में यह ऐसी उलझी है जिससे हमारे गांव-कस्बों और बाहरी इलाकों में मौजूद लाखों की संख्या में सबाल्टर्न हेरिटेज की लिस्टिंग नहीं हो पाई है बावजूद इसके कि इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) और स्वेच्छा से काम करने वाले हज़ारों उत्साही व्यक्ति इस काम में पिछले करीब 40 वर्ष से लगे हुए हैं। यह प्रशंसनीय है कि देश में इन्हें सूचीबद्ध किए जाने और संरक्षण के प्रति सांप्रदायिक भेदभाव और रोषयुक्त नीति कभी नहीं रही बल्कि विविध प्रकार के स्मारक भवनों के इर्द-गिर्द नीति का ताना-बाना समान रूप लागू रहा चाहे यह ब्रिटिश राज का समय था अथवा आधुनिक संप्रभु भारत। फिलवक्त पुरातात्विक अध्ययन और संरक्षण के लिए मौजूद विशाल तंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में न तो प्रशिक्षित मैनपावर है और न ही संरक्षण-निधि। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व-महानिदेशक डॉ.राकेश तिवारी से इस बाबत बात हुई तो कहने लगे कि 'भारत में स्थानीय महत्व की बिल्ट-हेरिटेज के महत्व को स्थानीय तौर से लोग जब तक नहीं समझेंगे तब तक इसका संरक्षण भी नहीं हो पाएगा। इसे बिना सरकारी मदद के साझाप्रयास, आर्थिक अंशदान से ही किया जाना संभव है। पंचायती राज तंत्र में इसे 'इनबिल्ट' नहीं किया गया। केंद्रीय या प्रांतीय स्तर के सरकारी तंत्र से इसका संचालन और संरक्षण असंभव है'।

देश में कुछेक बड़े न्यास और मिल-जुल कर लोगों द्वारा बनाए गए रजिस्टर्ड संगठनों के लिए इंटेक ने काफी काम करवाया है। अभी कुछेक राज्यों में कम्युनिटी लीडर्स और राज्य सरकारों की रुचि आमजन को 'हेरिटेज वाक' करवाने की हो गई है जिससे यह भरोसा बढ़ने लगा है कि जागरूकता के प्रसार से सूचीबद्ध होने से छूट गई सबाल्टर्न स्तर पर निम्न महत्व की मानी गई वास्तु और अमूर्त धरोहर का संरक्षण तेज़ी से हो पाएगा। लोकवार्ता में लोकगायन करने वाले साजिंदों की डॉक्यूमेंटेशन दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो ने की है। राजस्थान में विजयदान देथा और कोमल कोठारी और हरियाणा में आरसिंह और आरके नैन जैसे लोगों ने 50 वर्ष में काफी काम किया। उन लोगों का काम महत्व दिए जाने योग्य है जिन्होंनें अपने बलबूते पर, अपने संसाधनों से दुःख-सुख झेलकर भारत की अमूल्य मूर्त-अमूर्त धरोहर की डॉक्यूमेंटेशन की है। पिछले सौ वर्ष में देश में ऐसे करीब 100 से अधिक संख्या में निष्ठावान व्यक्तियों ने इस प्रकार का काम किया है। इन व्यक्तियों के बारे में फोटोग्राफिक क्लब्स और सोसाइटीज, फिल्म डिवीज़न, संग्रहालयों में स्थापित फोटोग्राफ़िक एवं फिल्म सेक्शन्स के रिकॉर्ड, प्राइवेट आर्काइव्ज वगैरह स्रोतों से हमें अनेक नाम उपलब्ध हो सकते हैं। विश्व धरोहर दिवस ऐसे लोगों के अभिनंदन के लिए उपयुक्त अवसर होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# यमुना की बदहाली गाथा

यमुना छठ पर यमुना भयानक गंदगी से भरी थी। गंदगी से भरी यमुना को देखकर किसी को गुस्सा नहीं आता। भक्त गण, यमुना प्रेमी लोग प्रतिवाद नहीं करते। बल्कि गंदगी में यमुना को रखकर जश्न मनाते हैं। इवेंट करते हैं। गंदगी से भरी यमुना में धार्मिक इवेंट देखने हो तो आप कभी भी यमुना किनारे विश्राम घाट-सतीघाट आदि प्रमुख घाटों पर आएं और गंदगी में धार्मिक इवेंट का आनंद लें।

यमुना छठ पर घाट किनारे भाजपा के अनेक नेता और लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी भी वहां आई थीं। उनको गंदगी से भरी यमुना देखकर शर्म नहीं आई। सन 2014 में पीएम मोदी ने कहा था हेमा मालिनी को जिता दो मैं 15 दिन में यमुना स्वच्छ करा दूंगा। दस साल हो गए। कोई यमुना साफ नहीं करा पाया। मीडिया के अनुसार यमुना स्वच्छ कराने के नाम पर कागज में 1697 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से अकेले मथुरा में 235 करोड़ रुपए किए हैं। लेकिन नतीजा जीरो है। हकीकत यह है मथुरा ने जब से भाजपा सांसद को चुना है तब से यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। यमुना जल विषाक्त हुआ है। इसका प्रधान कारण है कारखानेदारों-भवन निर्माताओं -कमीशनखोरों-स्थानीय माफ़िया गिरोहों -मिडिल क्लास के साथ सांठगांठ।



प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मथुरा में बेशर्मी और सैलीब्रिटी हेकड़ी का आलम यह है कि सांसद ने विगत दस साल में मथुरा की जनता को कभी समय नहीं दिया। टिककर कभी मथुरा में नहीं रहीं। मंदिरों का राजनीतिक प्रचार के लिए दुरुपयोग किया। संसद में दस सालों में उनकी न्यूनतम शिरकत रही है। साल में कभी एक आध बार संसद में बोलती हैं।

शहर में असंख्य समस्याएं हैं। जनता भटकती रहती है और दलालों -कमीशनखोरों से काम कराती रहती है। जब मेले आते हैं तो डीजे-नाच-गान आदि के शोर में जनता को इस कदर डुबो दिया जाता है कि वह यमुना की गंदगी, बंदरों के आतंक, बेरोजगारी, अकादमिक अव्यवस्था आदि पर सोचने की किसी के पास फुरसत नहीं होती।

हालत इस कदर ख़राब हैं कि जो लोग कुछ साल पहले तक अपने को 'प्रगतिशील' कहते थे वे आज गर्व से हेमा मालिनी और संघ को चंदा दे रहे हैं। घर में बैठकर राम नाम जप रहे

सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

हैं। सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ के दिन मथुरा की जनता का किस तरह उत्पीड़न किया गया उसका एक ही नमूना काफी है। यमुना छठ के दिन विश्रामघाट-सती घाट आदि घाटों पर मेला लगता है। लेकिन अचानक रात को तक़रीबन एक घंटे बिजली ग़ायब रही। लाखों लोग उससे परेशान हुए। इतने विशाल मेले के समय बिजली का गायब रहना साधारण घटना नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह था कि विश्राम घाट और उसके आसपास के बाजार और क्षेत्र में भयानक अव्यवस्था थी, जनता परेशान रही। कोई सुव्यवस्था नज़र नहीं आई।


विगत दस साल में मथुरा में बेरोज़गारी और अपराध बढ़े हैं। फुटकर व्यापारी, छोटे दुकानदार आदि के व्यापार में तबाही मची हुई है। मंदिरों की आमदनी बड़ी मात्रा में गिरी है। देह-व्यापार बढ़ा है। आए दिन सरेआम अपराध हो रहे हैं।

मथुरा में रहने वाले व्यक्ति को जब भी जनता ने चुना है, उसने जनता की सेवा की है। ऐसे यशस्वी सांसदों में राजा महेंद्र प्रताप, चौधरी दिगंबर सिंह, ठा.चकलेश्वर सिंह, मानवेन्द्र सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। आज सांगठनिक तौर पर भाजपा के अलावा और किसी दल का संगठन जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा। विपक्ष की इस तरह अनुपस्थिति भी भाजपा को जिताने में मदद कर रही है। विपक्ष ने यह मान लिया है कि उसे यहां काम नहीं करना।

# आखिर क्यों ना जोड़ें नक्सलियों से बातचीत के तार

गर्मी और चुनाव की तपन शुरू हुई और नक्सलियों ने धुंआधार हमले शुरू कर दिए। हालांकि सरकार की कार्यवाही में बीते दो महीनों में 52 नक्सली मारे गए और कई बड़े नाम आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो बार मंशा जाहिर की कि सरकार बातचीत के जरिए नक्सली समस्या का निदान चाहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नक्सलियों के गढ़ दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है और वह हर जायज मांग को मानेगी। इसके बाद 21 मार्च को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पत्र जारी कर कहा कि हम सरकार से बातचीत को तैयार हैं लेकिन सरकार पहले हमारी शर्तों को माने। इधर बातचीत की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ बस्तर की सीमा से लगे गढ़चिरौली में एक साथ कई कथित नक्सली मार दिए गये। उसके बाद 10 अप्रैल को नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इसे सरकार की बातचीत की आड़ में धोखाधड़ी बताया।

समझना होगा कि नक्सली कई कारणों से दवाब में हैं। सरकार की स्थानीय आदिवासियों को फोर्स मे भर्ती करने की योजना भी कारगर रही है। एक तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, दूसरा स्थनीय जंगल के जानकार जब सुरक्षा बलों से जुड़े तो अबुझमाड़ का रास्ता इतना अबूझ नहीं रहा। तीसरा जब स्थानीय जवान नक्सली के हाथों मारा गया और उसकी लाश गांव-टोले में पहुंची तो ग्रामीणें का रोष नक्सलियों पर बढ़ा। एक बात जान लें कि दंडकारण्य में नक्सलवाद महज



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे।

फैंटेसी, गुंडागर्दी या फैशन नहीं है। वहां खनिज और विकास के लिए जंगल उजाड़ने व पारंपरिक जनजाति संस्कारों पर खतरे तो हैं और नक्सली अनपढ़-गरीब आदिवासियों में यह भरोसा भरने में समर्थ रहे हैं कि उनके अस्तित्व को बचाने की लड़ाई के लिए ही उन्होंने हथियार उठाए हैं। यह भी कड़वा सच है कि नक्सल विरोधी कार्यवाही में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग भी जेल में हैं व कई मारे भी गए, इसी के चलते अभी सुरक्षा बल आम लोगों का भरोसा जीत नहीं पाए हैं। लेकिन यह सटीक समय है जब नक्सलियों को बातचीत के लिए झुका कर इस हिंसा का सदा के लिए अंत कर दिया जाए।

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे। याद करें 21 अक्तूबर 2016 को न्यायमूर्ति मदन लौकुर और एके गोयल की पीठ ने फर्जी मुठभेड़ के मामले में राज्य सरकार के वकील को सख्त आदेश दिया था कि पुलिस कार्यवाही तात्कालिक राहत तो है लेकिन स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार को नागालैंड व मिजोरम में आतंकवादियों से बातचीत की ही तरह बस्तर में भी बातचीत कर हिंसा का स्थाई हल निकालना चाहिए।

बस्तर से भी समय-समय पर यह आवाज उठती रही है कि नक्सली सुलभ हैं, वे विदेश में नहीं बैठे हैं तो उनसे बातचीत का तार क्यों नहीं जोड़ा जाए। हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में सर्व आदिवासी समाज चिंता जताता रहा है कि अरण्य मे लगातार हो रहे खूनखराबे से आदिवासियों में पलायन बढ़ा है और इसकी परिणति है कि आदिवासियों की बोली, संस्कार, त्योहार, भोजन सभी कुछ खतरे में हैं। यदि ईमानदार कोशिश की जाए तो नक्सलियों से बातचीत कर उन्हें हथियार डाल कर देश की लोकतांत्रिक मुख्य धारा में शामिल होने के लिए राजी किया जा सकता है।

भारत सरकार मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों में शांति के लिए हाथ में क्लासनिकोव रायफल ले कर सरेआम बैठे उग्रवादियों से ना केवल बातचीत करती है, बल्कि लिखित में युद्ध विराम जैसे समझौते करती है। प्रधानमंत्री निवास पर उन अलगाववादियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनके साथ हुए समझौतों को गोपनीय रखा जाता है जो दूर देश में बैठ कर भारत में जमकर वसूली, सरकारी फंड से चौथ वसूलने और गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमला कर उनके हथियार लूटने का काम करते हैं। फिर नक्सलियों मे ऐसी कौन सी दिक्कत है कि उनसे टेबल पर बैठ कर बात नहीं की जा सकती। कभी विचार करें कि सरकार व प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो हर हाल में जंगल में माओवादियों को सक्रिय रखना चाहते हैं। जब नेपाल में वार्ता के जरिये उनके हथियार रखवाए जा सकते थे तो हमारे यहां ऐसे प्रयास क्यों नहीं हुए ?

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा सवाल

एक मोमिन की पोस्ट देखी। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के आदर्श, धर्म और नैतिकता की तारीफ करते हुए उन्होंने लिखा कि हमने अपना धर्म बदला है अपने पूर्वज नही। अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता नही। अपनी आस्था अपना मुल्क नहीं। दूसरे धर्म वाला जब आपकी आस्था के संबंध में ऐसी बातें कहे तो आपके लहालोट होने के लिए इतनी पंक्तियां काफी है। लेकिन क्या बात इतनी ही सिंपल है। जैसी दिखाई देती है।

मेरे विचार से ऐसा संभव नही। ये दो विपरीत ध्रुव हैं। दो विपरीत विचारधाराएं हैं। और ऐसा ही कुछ धर्मों के मामले में है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान अच्छी बात है। लेकिन मानते तो हम कोई एक धर्म ही हैं। यानी कोई एक विचारधारा। क्या कोई व्यक्ति एक ही समय मे दक्षिणपंथी और मार्क्सवादी हो सकता है?



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

आज जैसे राजनीति में वैचारिक दरिद्रता आ गई है। एक वैचारिक शून्य उत्पन्न हो गया है। विचारधारा का कोई महत्व ही नहीं रहा। थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग राजनीतिक पार्टियां बदल रहे हैं। ऐसा ही कुछ मुझे धर्म के मामले में भी नजर आता है। यहां लोग धर्म नहीं बदलते लेकिन अपने धार्मिक नियमों, मान्यताओं के विरुद्ध जाना आज बड़ी साधारण सी बात है। क्योंकि लोगों में वैचारिक शून्यता अपने धर्म के मामले में भी है। धर्म ग्रंथ अक्सर लोग पढ़ते नही। ठीक से समझते नही। यहां सारा धर्म देखा देखी का है, स्वार्थ का है। विचारधारा के कोई मायने नहीं।

मैं तो बस यही चाहता हूं कि जिस धर्म/विचारधारा को भी हम माने, उसे पढ़ें, जाने उसके सिद्धांतों को समझें बूझें। उसकी अच्छाइयों और बुराइयों को भी जाने। जरूरत महसूस हो तो धर्म का तार्किक विश्लेषण भी करें। अधूरा ज्ञान किसी काम का नहीं।

मेरा सबसे बड़ा सवाल यहां ये है कि जिन्होंने भी धर्म बनाया, उसके नियम बनाए। उन्होंने निश्चित ही कुछ सोचा समझा जाना होगा तभी ऐसा किया होगा। तो उन सब बातों का कट्टरता से पालन उचित है या बदलते समय के साथ, जैसा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में घट रहा है, विपरीत विचारधारों के मिश्रण में कोई हर्ज नही है।

-फेसबुक वॉल से

# ऐसा हतप्रभ चुनाव तो आज तक नहीं देखा

अपने बाल्यकाल से अब तक स्वतंत्रता के बाद से सारे चुनाव देखें हैं लेकिन ऐसा अद्भुत चुनाव आज तक नहीं देखा जहां चुनाव से पूर्व ही सभी पक्ष विपक्ष यह मान कर चल रहे हैं कि आएंगे तो मोदी ही। आप देख रहे होंगे कि टीवी डिबेट में मुद्दा यह नहीं होता कि मोदी जीतेंगे या नहीं बल्कि चार सौ सीट क्यूं चाहिए ही, होता है। इसका मतलब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272 तो मिल ही रहीं है बहस सिर्फ़ इतनी है कि इसके ऊपर कितनी जाएंगी। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी घुमा फिराकर मोदी जी की जीत स्वीकार करते हुए कहते हैं कि जादू चलाकर यदि मोदी जीत जाते हैं तो देश में आग लग जाएगी, जीत वो भी पक्की मान रहे हैं। ख़ुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पारंपरिक अमेठी सीट छोड़कर वायनाड गए हैं। एक हताश, निराश, पराजित योद्धा की तरह अभी से पूरा विपक्ष एक आवाज में कह रहा है ईवीएम की वजह से जीतेंगे। क्या मतलब हुआ कि जीत सभी मान रहें हैं। वो भी पहले चरण के मतदान से पहले ही ऐसा आत्मसमर्पण चुनाव में मैंने तो पहले कभी नहीं देखा। चुनाव पूर्व सर्वे के आख़िरी दिन सभी टीवी चैनलों ने 350 से 400 से ऊपर एनडीए को दिखाया है, कांग्रेस को तो इस बार चालीस से नीचे रहने का अनुमान सभी चैनल दिखा रहे हैं।

इस वातावरण से एक बात स्पष्ट समझ आती है मोदी की गारंटी, मोदी पर विश्वास, मोदी की विकास यात्रा, मोदी की विकसित भारत के लिए दूरदृष्टि और मोदी के पिछले दस साल के दृढ़तापूर्वक किए गए कार्य। विपक्ष की सभी पार्टियों ने भाजपा के संकल्प पत्र से कहीं अधिक जनकल्याण के वायदे अपने अपने घोषणा पत्रों में किए हैं लेकिन उन पर कहीं चर्चा ही नहीं हो रही।



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

बेरोज़गारी और महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी विपक्ष ने मोदी के चक्रव्यूह में फंसकर गौण कर दिया। धूमधाम से बनाया गया खंडित विखंडित जिसमें कहा गया था हर जगह भाजपा के विरुद्ध संपूर्ण देश में विपक्ष का एक ही उम्मीदवार होगा व्यक्तिगत अपेक्षाओं के कारण चुनाव से पहले ही धूलधूसरित हो गया। अब अधिकतर जगह आपस में ही भिड़े हुए है या चुनाव से पहले ही गठबंधन पहले ही छोड़ गए हैं।

मोदी जी ने राष्ट्रवाद, विकसित भारत, हिंदुत्व, सनातन , अपनी विकास यात्रा में सब भारतीयों को सम्मिलित करना, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त करना, अर्थव्यस्था में विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनाकर तीसरी पारी में तीसरी विश्व की बड़ी अर्थववस्था का संकल्प, विश्व को सुदृढ़ नेतृत्व देने की अभूतपूर्व क्षमता इत्यादि शामिल है।

क्या जनता मोदी पर विश्वास इसलिए भी कर रही है कि जिस कार्य को करने की हिम्मत पिछली सरकारों ने नहीं दिखाई वह मोदी जी ने कितनी सहजता से कर दिखाया। इसमें प्रमुख हैं कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से देश को सुरक्षित बाहर निकालना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सहयोग, सभी तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, ग़रीबों को ग़रीबी से बाहर निकालना, जनकल्याण की योजनाओं को लाभार्थियों तक सीधा पहुंचाना इत्यादि। विपक्ष समझ ही नहीं पा रहा कि 2024 का भारत बदल गया है, अब वह जातीय जनगणना, सांप्रदायिक विद्वेष, तुष्टिकरण हिंदू और हिंदुत्व और सनातन को गालियों के जुमलों में ना फंसकर सिर्फ़ विकसित भारत देखना चाहता है।

# बादलों के बरसने की चाहत

पिछले कुछ दिनों से सुबह पूर्व आकाश पर हल्के बादलों का जमावड़ा बना रहता था। मंगल और शनि पूर्वी क्षितिज पर बहुत कम कांतिमान से दर्शन दे रहे हैं। आज बहुत प्रयास के बाद इनकी पहचान कर सका हूं। इनकी स्थिति चालीस अंश ऊपर है लेकिन यह सूर्योदय के समय की स्थिति है। आकाश में धूल और धुंध के कारण पांच बजे के बाद तो स्वाति जैसे चमकदार तारे भी धुंधलेपन से प्रभावित हो जा रहे हैं। चार दिन पहले से अपराह्न हल्के बादलों से भवाली भीमताल के आसमान में हल्के-फुल्के बादल छा रहे थे कल से उनके भी दर्शन नहीं हो रहे हैं। जिन बादलों से आशा की जा रही थी वो कश्मीर की कली की नायिका की तरह रूठ कर चल दिए हालांकि जिस तरह नायिका हमेशा रूठी नहीं रह सकती उसी तरह बादल हैं कभी तो बरसेंगे ही। भवाली न सही कहीं तो बरसना ही है चाहे नेपाल जाकर बरस लें। लेकिन मित्रो जल स्रोतों में निस्सरण कम होता जा रहा है और छोटी क्यारियों में उग आई चौलाई, ऊगल, बीन और मूली को अब रोज पानी की दरकार हो गई है। इसलिए बादलों से बरसने की चाहत बढ़ती जा रही है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यह उसी तरह है जैसे अठ्ठाईस साल की उम्र को छूते ही मुझे शादी की दरकार हो गई थी और विलंब से होने वाली बारिश और शादी की परिणति दोनों ही आंधी तूफान से शुरू होती है। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर गए हैं और जो बारिश होगी वो ओलों और आंधी-तूफान के साथ ही आनी है। फलदार पेड़ों पर जो थोड़े फल दिखाई दे रहे हैं वे समय असमय काल कवलित हो जाएंगे।

**मतदाता खामोश और ध्रुवीकरण गुम है। प्रचार के अंतिम दिन सबने जोर लगाया पर कहीं कोई लहर या तूफान नहीं बन पाया। चर्चा में मोदी हैं, तो सुरक्षा के मुद्दे पर योगी की बात है। पिछले चुनावों की तरह सड़कों पर जय श्री राम का जयघोष नहीं है, पर रामनवमी के आयोजनों में राम मंदिर बनने के उत्साह की हिलोर है। जीत-हार के सवाल पर भाजपा का माहौल है, लेकिन जाति-बिरादरी से नहीं इंकार है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कुछ ऐसा ही हाल है। चौराहों, चाय-पान की दुकानों और चौपालों में वोटों का हिसाब किताब है। भाजपा से टक्कर में दूसरे और तीसरे नंबर की उलझन का गुणा-भाग है। कौन किधर जा रहा है, इसे लेकर हर किसी का अपना कयास है। अधिकतर सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर में कौन कितना आगे-पीछे यह जानने के लिए हर कोई बेकरार है।**

## पश्चिम यूपी की आठ सीटों पर प्रथम चरण में कल मतदान

# वोटर की चुप्पी, बूथ पर ही टूटेगी शोर थमने के साथ बढ़ी धुकधुकी

मनोज त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इन आठ सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें हार गई थी। सहारनपुर, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा ने जीती थी, जबकि मुरादाबाद और रामपुर में सपा की साइकिल दौड़ी थी। ऐसे में इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी के लिए हर सीट बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बार सपा और बसपा के अलग-अलग चुनाव लड़ने और रालोद का साथ मिलने से भाजपा के लिए राहत की बात है, लेकिन फिर भी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी से माहौल बनाकर परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जोरदार प्रहार करते हुए विकसित भारत के धारदार प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जातीय गोलबंदी उसे मतदान से पहले न सिर्फ परेशान कर रही है, बल्कि जीत का अंतर तय करने में उलझन में डाल रही है। भाजपा की यह चिंता बेवजह भी नहीं है, क्योंकि पश्चिम यूपी की कई लोकसभा सीटें जातिगत समीकरण में उलझती दिख रही हैं। कहीं मुकाबला कड़ा होता तो कहीं फंसता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन हो या बसपा दोनों ने इस बार जातिगत समीकरणों का ही सहारा लिया है। इस रणनीति के चलते जानकार मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला मानकर चल रहे हैं। जाट, गुर्जर, पिछड़े और दलित वर्ग के साथ मुस्लिम मतों के लिए घमासान है। इनमें कुछ पत्ते कहीं बंद, तो कुछ कहीं हवा के साथ बहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम मतदाता सीट दर सीट चुनाव का रुख भांपकर मतदान करने का मन बना रहा है। उसकी निगाह बसपा या सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों की मजबूती पर टिकी है।

### रामपुर : खेल बिगाड़ने आई बसपा को दिखने लगा अपने खेल के आसार


मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा सीट पर यह पहला चुनाव है, जब नूर महल का नवाब खानदान और सपा नेता मो. आजम खान नेपथ्य में हैं। ऐसे में भाजपा अपने प्रत्याशी घनश्याम लोधी जिन्होंने उपचुनाव में आजम खान के विश्वस्त आसिम रजा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था, की फिर से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के जनाधार वाली इस सीट पर पहले बसपा प्रत्याशी जीशान खान को लेकर कहा जा रहा था कि वह सपा उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्लाह का खेल बिगाड़ने आए हैं। लेकिन सपा की भीतरी कलह और प्रत्याशी मोहिबुल्लाह जो तुर्क बिरादरी से आते हैं, पर पठानों के मुकाबले तुर्क को तरजीह देने का आरोप लगने के बाद बसपा को भाजपा से मुकाबले में अपना खेल बनता नजर आने लगा है। इस सीट पर साढ़े चार लाख युवा मतदाताओं में अधिकांश जाति-धर्म की सियासत से हटकर नया चुनाव कर सकते हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के पौत्र पूर्व विधायक नवेद मियां के बेटे हमजा मियां को पार्टी में लेकर युवाओं को साधने में लगा दिया है। यहां मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा की राह आसान मानी जा रही है।

**2019**
के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें गई थी हार

| 02 | 03 |
|---|---|
| सीट मुरादाबाद और रामपुर में जमकर दौड़ी थी सपा की साइकिल | सीट सहारनपुर, बिजनौर और नगीना बसपा ने जीत ली थी |

### पीलीभीत : भाजपा को लग रहा आसान इम्तिहान


इस सीट पर वरुण गांधी की जगह भाजपा से उतरे प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को चुनौती देने के लिए सपा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार और बसपा उम्मीदवार अनीस अहमद खान ने प्रचार के अंतिम दिन तक पूरी ताकत लगाए रखी। प्रधानमंत्री मोदी यहां दस दिन पहले सभा करके भाजपा का माहौल बना गए थे। इसके बाद जितिन प्रसाद ने पूरा अपना चुनावी अभियान प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ इलाके के विकास पर केंद्रित रखा। उधर, सपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में ईद के बाद अखिलेश यादव सभा करके जोश भर गए थे। सपा प्रत्याशी बरेली के नवाबगंज से पांच बार विधायक रहने की याद दिलाते हुए जनता से जुड़ाव और अपने काम की याद दिलाकर लोगों से रिश्ता जोड़ने का प्रयास करते रहे। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खान ने इस सीट पर करीब पांच लाख मुस्लिम मतदाताओं पर नजर गड़ा रखी है।




### मुरादाबाद : भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा संघर्ष

**मुरादाबाद** : इस मुस्लिम बहुल सीट पर टिकट को लेकर हुई कलह के बाद सपा नेता आजम खान समर्थकों का साथ मिलने से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा थोड़ी राहत महसूस कर रही हैं। हालांकि मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन खुलकर उनके प्रचार में नहीं उतरे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार होने से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह का मुकाबला करने में सपा-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा मुश्किल पेश नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक यहां मुकाबला भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है। हालांकि बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाकर और परंपरागत दलित मतों को साधकर भाजपा की राह आसान करते नजर आ रहे हैं।

### 2019 में किसको मिले कितने वोट





### सहारनपुर : मुस्लिम वोट बैंक पर भाजपा की निगाह

सहारनपुर में भाजपा से तीसरी बार मैदन में उतरे राघव लखनपाल शर्मा ने क्षत्रियों की नाराजगी को तो कुछ हद तक दूर कर लिया है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इस लड़ाई में बसपा प्रत्याशी माजिद अली उनकी राह आसान करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सबकी निगाह मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है, जिसकी संख्या छह लाख से ज्यादा बताई जाती है। प्रचार खत्म होने तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि क्या मुस्लिम वोट एकमुश्त मसूद के समर्थन में जाएगा? पिछली बार यह सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। यदि मुस्लिम वोट में बिखराव होता है तो भाजपा को लाभ निश्चित रूप से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम




### कैराना : सीधी लड़ाई में बदलता दिख रहा चुनाव


कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। इस सीट को जीतने के लिए मुख्यमंत्री योगी जहां हिंदुओं को पलायन की याद दिलाकर विपक्ष को ललकार गए हैं, वहीं अंतिम दिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रोड शो करके हुंकार भरी। जानकारों के मुताबिक इस सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन की हसन परिवार से उम्मीदवार इकरा हसन भाजपा को सीधी टक्कर देती नजर आ रही हैं। 28 वर्षीय इकरा लंदन में पढ़ी हैं और हिंदू गांवों में जाकर वोट मांगने के दौरान भाजपा सांसद की निष्क्रियता को मुद्दा बनाती रही हैं। भाजपा ने इस सीट पर गुर्जर समाज के प्रदीप चौधरी को दूसरी बार मैदान में उतारा है। प्रदीप चौधरी ने 2019 में इकरा हसन की मां तब्बसुम हसन को हराया था। लेकिन इस बार उनकी मुश्किल की एक वजह बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा भी हैं, जो भाजपा से नाराजगी का मुद्दा उछालकर पार्टी के परंपरागत ठाकुर वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं।

### 2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत




### नगीना : सुरक्षित सीट पर चंद्रशेखर आजाद ने फंसाया पेंच

नगीना सुरक्षित सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद चुनाव के केंद्र में हैं। बसपा उन्हें अपने लिए चुनौती मान रही है, यही वजह रही कि पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नगीना में ही सभा करके प्रचार अभियान शुरू किया था। यहां करीब 70 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और दलित हैं। भाजपा से नहटौर के विधायक ओम कुमार तो इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार मैदान में हैं। उनके समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ माहौल बना गए हैं। बसपा से सुरेंद्र पाल प्रत्याशी हैं। भाजपा को छोड़कर सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान के दौरान दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई। इसी तरह भाजपा के अलावा मुस्लिम मत भी तीनों प्रत्याशियों में बंटते नजर आ रहे हैं। दलित-मुस्लिम मतों के विभाजन का भाजपा सीधा फायदा उठा सकती है।




### 2019 का वोट प्रतिशत

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44.67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2.36 |

बसपा भाजपा कांग्रेस

### बिजनौर : भाजपा-बसपा की लड़ाई सपा ने त्रिकोणीय बनाई

बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 के चुनाव में सपासे गठबंधन के चलते बसपा ने जीत हासिल की थी। इस बार बसपा से चौ. विजेन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। वह जाट और दलित के साथ अति पिछड़ों को साधकर कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान मीरापुर से रालोद के विधायक हैं। वह गुर्जर बिरादरी से आते हैं। चंदन को मजबूत करने के लिए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर को रालोद में लेकर दलित वोट जोड़ने की कवायद की गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी इस सीट पर जी-जान लगाए हैं, तो सीएम योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी जनसभा कर गई हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी दीपक सैनी संघर्ष को त्रिकोणीय बनाकर वास्तव में भाजपा की मुसीबत बढ़ा रहे हैं।

### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

| 49.6 % | 49.2% |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन) |

### मुजफ्फरनगर : भाजपा के वोट बैंक में सेंध की कोशिश

बसपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। दलित और प्रजापति वोटों को साधकर बसपा की कोशिश मुस्लिम वोट अपने पक्ष में करने की है। यहां से भाजपा प्रत्याशी दो बार से सांसद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की हर तरफ चर्चा के बीच कुछ विरोध के स्वर भी सुनाई देते हैं। बालियान जाट समाज के साथ ओबीसी वर्ग में मजबूत समर्थन रखते हैं। लेकिन उनके विरुद्ध प्रचार में त्यागी, ठाकुर और सैनी समाज की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की जाती रही। कांग्रेस-सपा गठबंधन से मैदान में उतरे हरेन्द्र मालिक कई चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण हर समाज में पहचान और पकड़ रखते हैं। वह अंतिम समय तक भाजपा के वोटों में सेंधमारी करके मुकाबला अपनी तरफ मोड़ने की जद्दोजहद करते नजर आए।

# बिहार की चार सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

**पटना।** बिहार में इंडिया गठबंधन और राजग के बीच लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने प्रचार में ताकत झोंक दी हैं। पहले चरण में यहां की चार सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को डाले जाएंगे। इन सीटों को जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों और विरोधी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव सबने अपने तरकश के हर तीर को आजमा लिया है। एक- एक वोट का महत्व समझते हुए राजद, जदयू, हम, भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मतदाताओं को घर- घर जाकर मनुहार कर रहे हैं।

औरंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के सुशील सिंह ताल ठोक रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाटी राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुशवाहा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। पिछले तीन चुनाव से सुशील सिंह यहां से जीत रहे हैं। उन्होंने 2009 में जदयू और उसके बाद के दोनों चुनावों में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। अब उनके विजय रथ को रोकने के लिए अभय कुशवाहा ने रात दिन एक कर रखा है। तेजस्वी यादव ने यहां सभा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की है तो पीएम मोदी के साथ ही राजग के बड़े नेताओं ने भी यहां कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गया सुरक्षित सीट को हॉट सीट की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत से है। इसके साथ ही विभिन्न दलों और निर्दलीय 12 और उम्मीदवार यहां से ताल ठोक रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच ही है। 2019 में इस सीट पर जदयू ने परचम लहराया था।

भाजपा ने जमुई लोकसभा सीट अपनी प्रमुख सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास को दी है। इस सुरक्षित सीट पर लोजपा रामविलास ने अरुण भारती तो राजद ने अर्चना कुमारी रविदास को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। लगातार दो चुनाव में वे इस सीट पर खुद ही जीत चुके हैं। अब उन्होंने अरुण भारती को उतारा है। नवादा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार ताल ठोक रहे हैं। इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है।

● राजग ने पिछले चुनाव में जीतीं थीं ये लोकसभा सीटें



### 2019 में कौन कहां से जीता

| सीट | विजेता पार्टी |
|---|---|
| गया | जदयू |
| नवादा | लोजपा |
| जमऊ | लोजपा |
| औरंगाबाद | भाजपा |

# तमिलनाडु में 20 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष!

चेन्नई

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सबसे बड़ा मुकाबला तामिलनाडु में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद लोकसभा सीटों के मामले में यह देश का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। इस दक्षिणी राज्य में अभी तक अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच द्वि-ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है। राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा इन दोनों में किसी एक पार्टी के साथ हाथ मिलाते रहे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां दो दर्जन से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में पहली बार भाजपा अपने फायरब्रांड नेता के अन्नामलाई के नेतृत्व में कम से कम 10 लोकसभा सीटें और दो अंकों में वोट शेयर दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच वोट विभाजन के कारण उनके लिए राह और भी आसान हो सकती है, क्योंकि अन्नाद्रमुक और भाजपा एक साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

**2014 में द्रमुक का नहीं खुला था खाता:** तमिलनाडु में साल 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने 37 सीटें जीती थीं। भाजपा ने एक सीट और एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टली मक्कल काची ने एक सीट जीती थी।

**39 सीटों पर मतदान कल**

- भाजपा अपने फायरब्रांड नेता अन्नामलाई के नेतृत्व में 10 सीटें और दो अंकों में वोट शेयर की कर रही उम्मीद
- द्रमुक को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच वोट विभाजन के कारण नजर आ रही जीत की राह और आसान

**2019 का चुनाव परिणाम**

| | |
|---|---|
| द्रमुक गठबंधन | 38 |
| अन्ना द्रमुक गठबंधन | 01 |

**2019 वोट शेयर**

द्रमुक गठबंधन : **53.15%**
अन्ना द्रमुक गठबंधन : **30.56 %**

**26** उम्मीदवार नामांकन में दाखिल किए गए चुनावी हलफनामों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले 40 सबसे अमीर उम्मीदवारों में तमिलनाडु से हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम प्रांत के नलबाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया।

**मतदाताओं का मिजाज** 17 चुनावों में सिर्फ तीन बार 1998, 2014 और 2019 के चुनाव में बरेली संसदीय सीट पर 60 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

# मंदिर और मोदी लहर में फर्स्ट डिवीजन पास हुए बरेली के मतदाता

अनुपम सिंह, बरेली


**अमृत विचार :** बरेली संसदीय सीट पर मतदाताओं का मिजाज मुद्दों, लहर और ध्रुवीकरण से प्रभावित होता रहा है। यही वजह है कि पिछले 72 बरसों में हुए 17 चुनावों में महज तीन बार ही यहां के मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए, जबकि बाकी चुनावों में 60 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू सके। अब इस बार डिस्टिंक्शन यानी 75 फीसदी मतदान के लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और प्रत्याशी सभी जोर लगा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में बरेली सीट पर 36.55 फीसदी मतदान हुआ था। 1957 में वोटिंग प्रतिशत छह प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 42.8 पर पहुंचा। 1962 के चुनाव में मतदाताओं ने और उत्साह दिखाया तो 48.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 1967 में फिर मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर आए और 57.7 प्रतिशत वोटिंग हुई। 1971 के चुनाव में जिला प्रशासन और सियासी दलों को वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने निराश कर दिया। वोटिंग प्रतिशत धड़ाम होकर 45.6 फीसद पर अटक गया।

हालांकि 1977 के चुनाव में उत्साह फिर देखने को मिला और 53.21 फीसदी मतदान कर मतदाताओं ने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, लेकिन 1980 में मतदान प्रतिशत गिरकर 44.6 रह गया। 1984 में वोटिंग प्रतिशत में फिर उछाल आया। 54.01 फीसदी मतदान हुआ। 1989 के चुनाव में मतदान तीन फीसदी लुढ़ककर 51.8 रहा। 1991 में फिर बढ़ोत्तरी हुई और मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 58.3 फीसदी पहुंचा। लेकिन 1996 में मतदान प्रतिशत 50.6 फीसदी पर चला गया। लेकिन 1998 ने पहली बार रिकॉर्ड बनाया। 61.7 फीसदी वोटिंग के साथ मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए। हालांकि, एक साल बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ, तो मतदान 58.5 प्रतिशत ही हुआ। 2004 में उदासीनता दिखी और मतदान प्रतिशत 52.9 पर सिमट गया। 2009 में आंकड़ा 50.4 फीसदी रहा, लेकिन 2014 के चुनाव में मतदाताओं ने कमाल कर दिया। 11 फीसदी ज्यादा वोट पड़े और मतदाताओं ने 61.2 फीसदी वोटिंग के साथ फर्स्ट डिवीजन का दूसरा रिकॉर्ड बनाया। 2019 में 2014 वाली स्थिति मतदाता बरकरार तो नहीं रख पाए, मगर 60.5 प्रतिशत मतदान के साथ फर्स्ट डिवीजन पर बने रहे।

### भाजपा और मोदी लहर में रचा कीर्तिमान

- बरेली संसदीय सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि मतदातओं ने जिन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग की, उस समय देश में भाजपा और मोदी की लहर रही। 1998 के लोकसभा चुनाव के वक्त राम मंदिर आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल था, तो 2014, 2019 में मोदी लहर थी। इसके सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं, क्योंकि बरेली सीट को मुस्लिम बाहुल माना जाता है। ऐसे में इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग होना दिलचस्प है।



**1977** में जनता पार्टी की लहर में 53.21, 1984 में सहानुभूति के चलते 54.01 और 99 में 58.5 फीसदी पड़े वोट

**33,54,696** मतदाता बरेली और आंवला सीट पर

**1796060** पुरुष मतदाता

**1558544** महिला मतदाता

## एक नजर



### वायुसेना ने दो रोगियों को विमान के जरिए करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। करगिल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में काफी ऊंचाई पर है।

### अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 मौत

**नाडियाड (गुजरात)।** गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

### साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसानों का रेल पटरियों पर धरना

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई और उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया। रामनवमी के अवसर पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानी हुई।

### कांकेर मुठभेड़ में मारे गए 29 माओवादियों में से नौ की पहचान हुई

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में से नौ की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी, लेकिन आज शाम तक सात और नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। सुंदरराज ने बताया कि मारे गए नक्सली जिनकी पहचान की गई है उनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य शंकर राव और ललिता, उत्तर बस्तर डिवीजन की सदस्य माधवी आदि हैं।

# कांग्रेस की ईस्ट नीति को भाजपा ने एक्ट ईस्ट में बदला: प्रधानमंत्री मोदी

## कहा- त्रिपुरा ने भाजपा की सरकार में अभूतपूर्व बदलाव दिखाई दिए

**अगरतला, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं।

मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अगरतला की रैली में कहा कि कांग्रेस ने 'लूट ईस्ट' की नीति अपना रखी थी, वहीं भाजपा ने इसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के लोगों को इससे बहुत फायदा मिलने जा रहा है।उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं।



अगरतला में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपये से 5,000 रुपये रहता। कांग्रेस और माकपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जांच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर आलोचना करने वाले कांग्रेस के युवराज अब भ्रष्टाचार के आरोप में केरल के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। किसी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# भारत की 144 करोड़ जनसंख्या में से 24 फीसदी 0-14 वर्ष आयु वाले : यूएनएफपीए

**नई दिल्ली, एजेसी**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।



**77** वर्षों में दोगुनी हो जाएगी भारत की जनसंख्या, 68 फीसदी लोग 15-64 की आयु वाले

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

## 'भगवा पोशाक' को लेकर विवाद के बाद स्कूल के अफसरों पर मामला दर्ज

**हैदराबाद, एजेंसी**

मंचेरियल जिला पुलिस ने कन्नेपल्ली गांव में स्कूल में 'हनुमान दीक्षा पोशाक' पहनकर आने वाले कुछ छात्रों पर कथित रूप से आपत्ति जताने के लिए स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दांडेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्रधानाध्यापक समेत स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दो दिन पहले, प्रधानाध्यापक ने छात्रों को पोशाक के बजाय भगवा कपड़े में देखने के बाद उन्हें अपने माता-पिता को बुलाने के लिए कहा। बाद में लोगों के एक समूह ने मंगलवार को स्कूल में तोड़फोड़ की।

## तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए निरस्त करने का वादा

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने का वादा किया गया है।

राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, ₹ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडिया' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब समूह की अगली सरकार बनेगी।'' पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, ₹हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं। हम नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा करते हैं।

## पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से 427 अग्निवीरों का सफल प्रशिक्षण

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से बुधवार को तीसरे बैच के 427 अग्निवारों ने 24 सप्ताह का कठिन भर्ती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें 427 अग्निवीरों ने अनुकरणीय अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कर्नाटक और केरल उप-क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडर मेजर जनरल रवि मुरुगन अग्निवीरों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने अग्निवीरों को ईमानदारी, वफादारी, बहादुरी के मूल्यों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और रंगरूटों की त्रुटिहीन सहनशक्ति, टर्नआउट और ड्रिल के लिए सराहना की। मेजर जनरल मुरुगन ने अग्निवीरों के माता-पिता को बधाई दी, जिनका राष्ट्र सेवा के लिए अपने बच्चों को कठिन प्रशिक्षण में भेजना समर्थन और योगदान है।

## सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित केरल की सारिका ए. के. ने उत्तीर्ण की सिविल सेवा परीक्षा

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले की रहने वाली महिला सारिका ए. के. ने गंभीर बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्ति होने के बावजूद सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) एक जन्मजात बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की चलने-फिरने, संतुलन बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, सारिका ने अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 922 रैंक हासिल की। वह अपने दाहिने हाथ का उपयोग नहीं कर पाती हैं और मोटर चालित व्हील-चेयर को नियंत्रित करने के लिए अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वह नतीजे से हैरान थीं। सारिका ने कहा मुझे यह उम्मीद थी कि मैं परीक्षा उत्तीर्ण कर लूंगी। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। मेरे पास अपनी खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। सारिका ने स्नातक होने के बाद सिविल सेवा की परीक्षा देने का फैसला किया था। अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों के समर्थन की बदौलत वह इसमें सफल भी हो गईं। उन्होंने अमेरिका की एक महिला जेसिका कॉक्स का भी जिक्र किया जो हाथ नहीं होने के बावजूद एक लाइसेंस प्राप्त पायलट बन गई थीं।

## भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

**कासरगोड(केरल)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कांग्रेस के इस आरोप के स्पष्ट संदर्भ में यह बयान दिया कि चीन ने लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिसमें लद्दाख में 65 गश्त बिंदुओं में से 26 पर कब्जा किया जाना और अरुणाचल प्रदेश के 50-60 किमी अंदर गांव बनाना शामिल है। सिंह कन्नूर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे।

## हिरासत में मौत मामले में पुलिस पर रिपोर्ट, न्यायालय ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की। आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी।

# कारोबार

### मेंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1180

### हल्द्वानी मंडी

**(दाम प्रति किग्रा. में) चावल :** शरबती-65-75 मसूरी- 46 बासमती- 100 दाल दलहन : काला चना- 75 साबुत चना दाल- 77 मूंग साबुत- 112-115 राजमा- 130 दाल उड़द- 110-120 साबुत मसूर दाल- 75 मसूर दाल- 90-105 उड़द साबुत- 118 काबुली चना- 126 अरहर दाल- 147 लोबिया/करमानी- 120 सोयाबीन-65 मूंगफली- 70 मटर (सूखी)- 64 मक्का- 22

### सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 85800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75875 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56550-56750 |

## वीआईएल ने एंकर निवेशकों से जुटाए करीब 5,400 करोड़

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले अपने एंकर बुक आवंटन को बंद करने की घोषणा की है, जिससे प्रमुख वैश्विक तथा घरेलू निवेशकों से करीब 5,400 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। वन97 कम्युनिकेशंस और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाद यह तीसरी सबसे बड़ी एंकर बुक हो सकती है। वन97 कम्युनिकेशंस और एलआईसी ने एंकर दौर में क्रमशः 8,235 करोड़ रुपये और 5,627 करोड़ रुपये जुटाए थे। कंपनी ने बुधवार शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 74 कोष को 11 रुपये प्रति शेयर की दर पर 490.9 करोड़ शेयर आवंटित किए हैं।

# 2047 तक 34.7 लाख करोड़ डॉलर की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : पीएचडीसीसीआई

## विकसित भारत की ओर जाने के लिए 10 प्रमुख कारकों की लागत कम करने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।

पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

### भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का नहीं उठा रहा फायदा : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

**वाशिंगटन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि फायदा नहीं उठा रहे हैं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5% बढ़ने का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

## अप्रैल के पहले पखवाड़े देश में बिजली की खपत 10 % बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में बिजली की खपत इस साल अप्रैल के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 70.66 अरब यूनिट रही। यह आर्थिक गतिविधियों में सुधार को दर्शाता है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में एक से 15 तारीख के बीच बिजली खपत 70.66 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 64.24 अरब यूनिट थी। किसी एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग यानी अधिकतम आपूर्ति अप्रैल के पहले पखवाड़े में 218 गीगावाट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 206 गीगावाट थी। बीते वर्ष एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति अप्रैल में सर्वाधिक करीब 216 मेगावाट रही थी। मंत्रालय ने बिजली की अधिकतम मांग इस साल गर्मियों (अप्रैल-जून) में 260 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट रही जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।


**70.66** अरब यूनिट सालाना खपत, आर्थिक गतिविधियों में हो रहा है सुधार

### पावरग्रिड बॉन्ड से जुटाएगी 12,000 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड जारी कर 12,000 रुपये जुटाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बॉन्ड पर गठित निदेशकों की समिति ने 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर-योग्य बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी।

## स्पाइसजेट की उड़ान यात्रियों का सामान लिए बिना बागडोगरा पहुंची

**नयी दिल्ली/ बागडोगरा।** स्पाइसजेट एयरलाइन के कई यात्रियों को बुधवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर उस समय असुविधा का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनका सामान दिल्ली में ही छूट गया है। स्पाइसजेट ने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि दिल्ली में छूट गए यात्रियों के सामान को अगली उड़ानों के जरिये बागडोगरा लाया जाएगा। यह मामला उस समय सामने आया जब नोएडा निवासी एक यात्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। राजेश कुमार ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान एसजी8841 में हमारा सामान खो गया और गलत जगह रख दिया गया। कर्मचारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है।''



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से यह उड़ान दोपहर 12.30 बजे बागडोगरा के लिए रवाना हुई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस प्रकरण पर कहा, ''स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 8841 को परिचालन कारणों से भार-वहन संबंधी बंदिशों का सामना करना पड़ा, जिससे कुछ सामान को विमान से उतार दिया गया था। लेकिन इस सामान को बाद की उड़ानों के माध्यम से जोड़ा जाएगा।''

## अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे उसकी हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि अडाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। कंपनी के प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है। नवीनतम निवेश से अडाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है।

**70.3%** हुई बढ़कर कुल हिस्सेदारी विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

**लंदन।** ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी। हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

## दुलर्भ खनिजों के वैज्ञानिकी खनन को कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

● कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को बनाएगी रणनीति

**नई दिल्ली।** सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| सुनील नरेन (कोलकाता) | 06 | 276 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, नाकमुरा से प्रज्ञानानंदा

**टोरंटो।** रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है।

### झेंग ने स्टुटगार्ट में कर्स्टी को हराया

**स्टुटगार्ट।** चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कर्स्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6–2, 6–3 से जीत दर्ज की। झेंग पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गईं, जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंचीं। बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6–1, 4–6, 6–0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी। स्वियातेक 2012–14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

### जतिवाल दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर बरकरार

**नूंह (हरियाणा)।** चंडीगढ़ के राजीव कुमार जतिवाल गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस आयोजन के पहले दिन उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर 11 अंडर 133 का है। बेंगलुरु के एम धर्मा ने 69 का कार्ड खेला और वह कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। तेज हवा के कारण स्थानीय खिलाड़ी सुनहित बिश्नोई और दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का शानदार कार्ड खेला।

### पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स की सूची में

**नयी दिल्ली।** रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी।

### दूसरे चरण में पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

**बार्सीलोना (स्पेन)।** एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4–1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6–4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।


विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। ● एजेंसी


गुजरात टाइटन्स के अभिनव मनोहर की स्टंपिंग की अपील करते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत। ● एजेंसी

# दिल्ली ने गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से हराया

## कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज चमके, मुकेश कुमार तीन, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट झटके

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात ने आईपीएल सत्र 2024 का सबसे कम स्कोर बनाया, 8.5 ओवर में ही दिल्ली ने लक्ष्य को हासिल कर लिया

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाये, जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया, जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलायी। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गये। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया। चोटिल डेविड वार्नर की जगह खेल रहे सुमित कुमार ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर सीधे थ्रो से सुदर्शन को रन आउट कर दिया। तीन विकेट लेने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अच्छी लय में आ गये और कप्तान पंत ने भी दो कैच और दो स्टंप आउट कर उदाहरण पेश किया। पंत ने इशांत की गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर (02) का कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को चौथा झटका दिया। पांच ओवर के बाद घरेलू टीम का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। इशांत ने मिलर को बायीं ओर के कोण लेती गेंद फेंकी जिस पर पंत ने कैच लिया लेकिन जोरदार अपील के बावजूद अंपायरों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। पंत ने हालांकि रिव्यू करने का फैसला किया और अल्ट्राएज में पता चला कि मिलर ने बल्ला गेंद से छुआया था। इसके बाद गुजरात टाइटन्स की मुसीबत बढ़ती ही जा रही थी।

पंत ने स्टब्स को गेंदबाजी के लिए लगाया जिन्होंने पहले अभिनव मनोहर को और फिर शाहरूख खान को आउट किया। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद राहुल तेवतिया के पैड पर लगी और इस गेंदबाज की अपील के बाद अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी। तेवतिया ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला बरकरार रहा। गुजरात टाइटन्स ने 12वें ओवर में महज 66 रन पर अपना सातवां विकेट खो दिया। खलील अहमद ने फिर मोहित शर्मा को आउट किया। इससे पहले राशिद खान ने कुलदीप यादव पर लांग आफ में पारी का पहला और एकमात्र छक्का लगाया। कुलदीप कोई विकेट नहीं ले सके लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 16 रन दिये। मुकेश कुमार ने फिर राशिद की पारी समाप्त कर दी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### गुजरात 89/10

17.3 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा बो मुकेश कुमार | 02 | 10 | 0/0 |
| शुभमन गिल का शॉ बो शर्मा | 08 | 06 | 2/0 |
| साई सुदर्शन रन आउट (सुमित) | 12 | 09 | 2/0 |
| डेविड मिलर का पंत बो शर्मा | 02 | 06 | 0/0 |
| अभिनव मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स | 08 | 14 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया पगबाधा बो पटेल | 10 | 15 | 1/0 |
| शाहरूख खान स्ट पंत बो स्टब्स | 00 | 01 | 0/0 |
| राशिद खान का पंत बो मुकेश कुमार | 31 | 24 | 2/1 |
| मोहित शर्मा का सुमित कुमार बो अहमद | 02 | 14 | 0/0 |
| नूर अहमद बो मुकेश कुमार | 01 | 07 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4–1–18–1, इशांत 2–0–8–2, मुकेश कुमार 2.3–0–14–3, कुलदीप 4–0–18–0, ट्रिस्टन स्टब्स 1–0–11–2, अक्षर पटेल 4–0–17–1

### दिल्ली 92/4

8.5 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का जॉनसन बो वॉरियर | 07 | 06 | 1/0 |
| जेक फ्रेजर का मनोहर बो जॉनसन | 20 | 10 | 2/2 |
| अभिषेक पोरेल बो वॉरियर | 15 | 07 | 2/1 |
| शाई होप का मोहित बो राशिद | 19 | 10 | 1/2 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 | 11 | 1/1 |
| सुमित कुमार नाबाद | 09 | 09 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** संदीप वॉरियर 3–0–40–2, स्पेंसर जॉनसन 2–0–22–1, राशिद खान 2–0–12–1, नूर अहमद 1.5–0–14–0

## पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच पदक जीता

नयी दिल्ली, एजेंसी

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

## ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

नयी दिल्ली, एजेंसी

सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वहीं पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, "हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।" भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास - यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, "ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें।

## धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई, जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।''

## पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से आज

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है।

पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

# बॉलीवुड हलचल

## अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कनप्पा की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली पहली तेलुगु फिल्म कनप्प की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार फिल्मकार विष्णु मांचू की फिल्म कनप्पा के जरिए तमिल सिनेमा में एंट्री करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने पोस्ट साझा कर दी है। विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर अक्षय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कन्नप्पा का सफर और भी रोमांचक हो गया है। हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत करते हैं। हम ' 'कनप्पा के साथ तेलुगु फिल्म में अक्षय कुमार की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म ' 'कन्नप्पा' ' में अक्षय कुमार ,प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म का हिस्सा हैं। इनके अलावा नुपुर सेनन, नयनतारा और मोहन बाबू भी नजर आएंगे। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त ' 'कन्नप्पा' ' की सच्ची कहानी पर आधारित है।



## जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म ' 'उलझ' ' का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द– गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलेट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।



## चीन में रिलीज होगी विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म ' '12वीं फेल' ' 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया, 12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

